रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 27 मार्च 2020 पृष्ठ-12 वर्ष-04, अंक-218 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### अस्पतालों और निजी नर्सिंग होम के अधिग्रहण का आदेश कुछ घंटे बाद ही निरस्त

**रायपुर।** राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी अस्पतालों और निजी नर्सिंग होम के अधिग्रहित करने के फैसले को कुछ घंटे बाद ही निरस्त कर दिया। खबरों के अनुसार इस आदेश को लिपकीय त्रुटि बता रही है। कुछ घंटे पहले स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रदेश के सभी अस्पतालों और निजी नर्सिंग होम के अधिग्रहित को लेकर एक आदेश जारी किया गया था। बता दें कि प्रदेश सरकार की लगातार बरती जा रही सतर्कता के बावजूद छत्तीसगढ़ में बुधवार को कोरोना पॉजिटिव के 5 नए मामले सामने आए है। प्रदेश में अब कुल 6 पॉजिटिव केस हो गए हैं। रायपुर के समता कॉलोनी की युवती का पहले ही एम्स में इलाज किया जा रहा है। देर रात एम्स प्रबंधन के शीर्ष अधिकारियों ने इन पॉजिटिव मरीजों की पुष्टि की।

हालांकि शासन स्तर पर अधिकारियों से संपर्क करने की लगातार कोशिश की गई, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो पाई। बुधवार दिन में राजनांदगांव में पहला पॉजिटिव केस सामने आया, फिर शाम होते-होते राजधानी रायपुर में एक युवती के पॉजिटिव होने की जानकारी मिली। देर रात एम्स प्रबंधन ने बताया कि रायपुर, भिलाई और बिलासपुर से एक-एक मरीज के संक्रमित होने की रिपोर्ट मिली है। रायपुर में अब तक कुल 3 पॉजिटिव मरीज पाए गए हैं।

## बाजार.भाव

| | | |
|---|---|---|
| 41,602 | सोना | -32 |
| 40500 | चांदी | 000 |

## इनसाइड स्टोरी

**सड़कों में घुमने पर बताना होगा कारण नहीं बताने होगी...**

पेज-04

### मंत्री अकबर ने दिया 20 लाख का अनुदान

**रायपुर।** वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने 20 लाख रुपए



विधायक निधि से और एक महीने की सैलरी कोरोना से लड़ने वाले लोगों के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष में देने की घोषणा की है. राजनेता और जनप्रतिनिधि के तौर पर अब तक की यह सबसे बड़ी सहायता राशि है. मोहम्मद अकबर की अनुशंसा पर स्वास्थ्य विभाग को 20 लाख रुपये अनुदान देने की प्रशासकीय स्वीकृति का आदेश जारी कर दिया गया है। ➢शेष पेज 8 पर

## केन्द्र सरकार की घोषणा, वित्त मंत्री सीतारमण की प्रेस कांफ्रेंस

# गरीब महिलाओं को तीन माह मुफ्त सिलेंडर-जनधन खाताधारक को 500 रुपये प्रति माह, मुफ्त गेहूं या चावल और बड़ी घोषणाएं

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कोरोना संकट पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि इस मुद्दे पर सरकार की नजर है। सरकार गरीबों के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा, ÷प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लॉकडाउन का निर्णय लिया। हम नहीं चाहते कि कोई भूखा या तंगी में रहे. सरकार गरीबों तक पैसा पहुंचाएगी. एक लाख 70 हजार करोड़ का राहत पैकेज सरकार देगी। ऐसे मौके पर मजदूर और गरीब को राहत जरूरी है। हम प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज ले आए हैं। संकट के मौके पर गरीबों पर ज्यादा असर है. स्वास्थ्यकर्मियों को 50 लाख रुपए का बीमा कवर किया जाएगा। अन्न और धन से गरीबों को मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि 24-25 की रात को लॉकडाउन शुरू किया गया है। सरकार प्रभावितों और गरीबों की मदद के लिए काम कर रही है। हमें उनतक पहुंचना है। केवल 36 घंटे हुए हैं। हम पैकेज लेकर आए हैं, जो गरीबों का ध्यान रखेगा, जिन्हें तुरंत मदद की जरूरत है।

वित्त मंत्री ने एलान किया- कंस्ट्रक्शन वर्कर्स के वेलफेयर फंड में 31 हजार करोड़ है और 3.5 करोड मजदूर हैं। राज्य सरकारों से कहा गया कि उन्हें किसी भी आपदा की स्थिति में मदद करें। लॉकडाउन में ऐसे हालात हैं, इस धन का इस्तेमाल कर हम चाहते हैं राज्य सरकारें उन्हें फायदा पहुंचाएं।

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत किसी गरीब को भूखा नहीं रहने दिया जाएगा। अभी 80 करोड़ लाभार्थियों को हर महीने 5 किलो गेहूं या चावल प्रति व्यक्ति मुफ्त मिलता है इसके अतिरिक्त अगले तीन महीने तक 5 किलो प्रति व्यक्ति मुफ्त गेहूं या चावल दिया जाएगा। एक किलो प्रति परिवार दाल भी दिया जाएगा। दाल क्षेत्र के मुताबिक लोगों की पसंद का दिया जाएगा। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण धन योजना के तहत किसानों, मनरेगा, गरीब विधवा, गरीब पेंशनधारी और दिव्यांगों, और जनधन अकाउंट धारी महिलाओं, उज्ज्वला योजना की लाभार्थी महिलाएं, स्वंय सेवा समूहों की महिलाओं और संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों, कंस्ट्रक्शन से जुड़े मजदूरों को मदद दी जाएगी।

किसानों को सालाना 6 हजार रुपये पीएम किसान सम्मान निधि के तहत मिलते हैं, हम इसकी पहली किस्त अप्रैल के पहले हफ्ते किसानों को देंगे। इसका 8.69 करोड़ किसानों को इसका फायदा मिलेगा।


जो लोग ग्रामीण इलाकों में मनरेगा के तहत मजदूरी करते हैं, इनकी दिहाड़ी 182 रुपये से बढ़ाकर 2020 रुपये कर दी गई है। प्रति मजदूर को करीब दो हजार रुपये की अतिरिक्त कमाई होगी। इसका फायदा 5 करोड़ लोगों को मिलेगा।

गरीब बुजुर्गों, गरीब विधवा और गरीब दिव्यांगों को दो किस्तों में अतिरिक्त एक हजार रुपये दिए जाएंगे, अगले तीन महीनों में। इससे 3 करोड़ बुजुर्गों, विधवा महिलाओं और दिव्यांगों को फायदा होगा। यह डीबीटी के जरिए उनके खातों में जाएगा। जनधन खाताधारी 20 करोड़ महिलाओं को अगले तीन महीने 500 रुपये मिलेंगे। इसके साथ वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि संगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए सरकार अगले तीन महीने तक ईपीएफ अंशदान सरकार जमा करेगी। जिनकी सैलरी 15000 कम से कम है, उनके लिए सरकार में ये अंशदान करेगी। 63 लाख महिला स्वयंसेवक समूहों को 20 लाख का लोन क्रेडिट दिया जाएगा। संगठित क्षेत्र के मजदूर तीन महीने के वेतन बराबर पैसा पीएफ से निकाल सकेंगे।

उज्ज्वला योजना के तहत गरीब महिलाओं को सिलेंडर दिए गए हैं। 8 करोड़ महिलाओं को इससे धुएं से मुक्ति मली है। इस मुश्किल घड़ी में उनके लिए तीन महीने तक मुफ्त सिलेंडर दिया जाएगा। इससे 8.3 करोड़ बीपीएल परिवारों को फायदा होगा। इससे पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कई घोषणाएं की थीं। उन्होंने इनकम टैक्स रिटर्न भरने, जीएसटी रिटर्न, आधार-पैन लिंकिंग आदि के लिए समयसीमा को बढ़ाने का ऐलान किया था। वित्तीय वर्ष 18-19 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न की तारीख को 30 जून तक बढ़ाया गया। लेट भुगतान 12 फीसदी से 9 फीसदी किया गया। ये राहत उन लोगों के लिए है जो 30 मार्च तक नहीं कर पाने की स्थिति में हैं।

आधार से पैन लिंक करने की तारीख भी बढ़ाई गई है और उसे 30 जून 2020 तक कर दिया गया है। विवाद से विश्वास योजना की समय सीमा को भी 30 जून 2020 तक बढ़ा दिया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि कर विवाद से जुड़ी मूल राशि के भुगतान पर 10 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क नहीं लगेगा। ➢शेष पेज 8 पर






### भारत सरकार का राहत पैकेज अमेरिकी पैकेज का महज 1.1% ही है

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि गुरुवार को जारी राहत पैकेज आखिरी नहीं होगा। सरकार कोरोनावायरस के कारण संकट से जूझ रही कंपनियों और अन्य वित्तीय संस्थानों की मदद के लिए भविष्य में घोषणाएं कर सकती हैं। ऐसा होने पर भारत का राहत पैकेज बड़ा हो जाएगा और प्रति व्यक्ति मदद का आंकड़ा भी बेहतर होगा।

अमेरिका की तुलना में भारत का राहत पैकेज रुपए के लिहाज से:

भारत सरकार का राहत पैकेज अमेरिकी पैकेज का महज 1.1 ही है। अमेरिका की कुल इकोनॉमी 21.44 ट्रिलियन डॉलर है। ट्रम्प सरकार ने 2 ट्रिलियन रकम जारी की। यह रकम कुल इकोनॉमी का 10.72 है। भारत में प्रति व्यक्ति आय 7,060 डॉलर है, जबकि अमेरिका में प्रति व्यक्ति आय 60,200 डॉलर है। भारत की कुल इकोनॉमी 2.94 ट्रिलियन है। यानी भारत की जीडीपी अमेरिकी राहत पैकेज से महज 0.94 ट्रिलियन डॉलर ही ज्यादा है।

**आबादी के लिहाज से:** भारत की आबादी 138 करोड़ है। मोदी सरकार राहत पैकेजे के जरिए एक नागरिक पर औसतन करीब 1200 रुपए खर्च करेगी। अमेरिका की आबादी 33 करोड़ है। ट्रम्प सरकार राहत पैकेज से हर एक नागरिक पर औसतन 4.55 लाख रुपए खर्च कर रही। भारत सरकार का पैकेज से किसे क्या राहत मिलेगी, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत 80 करोड़ गरीब लोगों को कवर किया जाएगा, 8.3 बीपीएल करोड़ परिवारों को फ्री एलपीजी सिलेंडर मिलेगा 3 महीने तक एम्प्लॉयी और एम्प्लॉयर दोनों के हिस्से का ईपीएफ का योगदान सरकार करेगी। यह वहां लागू होगा, जहां 100 से कम कर्मचारी हैं और 90 कर्मचारी 15 हजार से कम वेतन पाते हैं। इससे 80 लाख मजदूरों और 4 लाख संगठित इकाइयों को फायदा मिलेगा। जो लोग कोरोना की लड़ाई में साथ दे रहे हैं, उनके लिए 50 लाख का इंश्योरेंस कवर सरकार देगी। इनमें आशा वर्कर्स, डॉक्टर, नर्स और अन्य मेडिकल स्टॉफ शामिल हैं। इससे 20 लाख मेडिकल कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत 80 करोड़ गरीब लोगों को कवर किया जाएगा। इसमें अगले तीन महीने तक 5 किलो चावल/गेहूं मुफ्त में दिया जाएगा। इसके अलावा एक किलो दाल हर परिवार को मुफ्त में मिलेगा। किसान, मनरेगा, गरीब विधवा-पेंशनर्स-दिव्यांग, जनधन योजना-उज्ज्वला स्कीम, सेल्फ हेल्प ग्रुप (वुमन), ऑर्गेनाइज्ड सेक्टर वर्कर्स, कंस्ट्रक्शन वर्कर्स को डीबीटी का लाभ मिलेगा।

**भारत की आबादी 138 करोड और अमेरिका की आबादी 33 करोड़**

### सरकार का राहत पैकेज

**नई दिल्ली.** कोरोनावायरस के सं मण को रोकने के लिए देश में 21 दिन का लॉकडाउन है। इस दौरान आम लोगों और खासकर गरीबों को परेशानी न हो, इसके लिए सरकार ने बड़े राहत पैकेज का ऐलान किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को तीन दिन में दूसरी प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने कहा कि दूसरे राज्यों से आने वाले कामगारों और गरीबों के लिए एक पैकेज तैयार है। यह पैकेज 1.70 लाख करोड़ रुपए का है। हमारी कोशिश रहेगी कि गांवों और शहरों में रहने वाला कोई भी गरीब भूखा न सोए। इसके तहत गरीबों को हर महीने 10 किलो का मुफ्त अनाज दिया जाएगा। किसानों को भी आर्थिक मदद दी जाएगी। महिलाओं, बुजुर्गों और कर्मचारियों के लिए भी ऐलान किए गए हैं।

#### सरकार की प्रमुख घोषणाएं

**1. गरीबों को मुफ्त अनाज**

**राहत :** अभी तक हर गरीब को हर महीने 5 किलो गेहूं या चावल मिल रहा था। अगले तीन महीने के लिए हर गरीब को अब 5 किलो का अतिरिक्त गेहूं और चावल मिलेगा। यानी कुल 10 किलो का गेहूं या चावल उसे मिल सकेगा। इसी के साथ 1 किलो दाल भी मिलेगी।

**कितनों को फायदा :** प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत इस राहत का फायदा 80 करोड़ गरीब लोगों को मिलेगा। 80 करोड़ लोग यानी देश की दो तिहाई आबादी।

**2. हेल्थ वर्कर्स को मेडिकल इंश्योरेंस कवर**

**राहत :** कोरोनावायरस से निपटने में देश के हेल्थ वर्कर्स की अहम भूमिका को समझते हुए सरकार ने उन्हें अगले तीन महीने के लिए 50 लाख रुपए का मेडिकल इंश्योरेंस कवर देने का फैसला किया है।

**कितनों को फायदा :** देशभर में 22 लाख हेल्थ वर्कर्स हैं। 12 लाख डॉक्टर्स हैं।

**3. किसानों, महिलाओं के खातों में सीधा पैसा**

**किसान :** डायरेक्ट कैश ट्रांसफर के तहत 8.69 करोड़ रुपए की मदद दी जाएगी। किसानों को इसकी पहली किश्त अप्रैल के पहले हफ्ते में जारी रहेगी। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि इसका फायदा 8.69 करोड़ किसानों को मिलेगा।

**महिलाएं :** महिला जनधन खाताधारकों को अगले तीन महीने तक 500 रुपए हर महीने दिए जाएंगे। इसका फायदा 20 करोड़ महिलाओं को मिलेगा।

**बुजुर्ग, दिव्यांग और विधवाएं :** अगले तीन महीने के लिए दो किश्तों में 1000 रुपए की मदद दी जाएगी। तीन करोड़ लोगों को इसका फायदा होगा।

**मनरेगा :** मजदूरी 182 से बढ़ाकर 202 रुपए की गई।

**4. ईपीएफ में पूरा योगदान सरकार देगी, 75 फंड निकाल सकेंगे**

**राहत :** सरकार 3 महीने तक इम्प्लॉई प्रोविडेंट फंड में कर्मचारी और नियोक्त I, दोनों का पूरा योगदान खुद देगी। यानी ईपीएफ में पूरा 24 योगदान सरकार देगी। पीएफ फंड रेग्युलेशन में संशोधन किया जाएगा।

कौन दायरे में : 100 से कम कर्मचारियों वाले वे संस्थान जिनके 90 कर्मचारियों की तनख्वाह 15 हजार रुपए से कम हो।

**कितनों को फायदा :** देशभर के 80 लाख से ज्यादा कर्मचारियों और 4 लाख से ज्यादा संस्थानों को।

**राहत :** सभी ईपीएफ खाताधारक जमा रकम का 75 या 3 महीने के वेतन में से जो भी कम होगा, उसे निकाल सकेंगे।

**कितनों को फायदा :** 4.8 करोड़ ईपीएफ खाताधारकों को।

**5. महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर**

**राहत :** जिन गरीब महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन मिले हैं, उन्हें अगले 3 महीने तक मुफ्त गैस सिलेंडर मिलेंगे।

**कितनों को फायदा :** गरीबी रेखा से नीचे जीने वाले 8.3 करोड़ परिवारों को, जिनके घर की महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन मिले हैं।

**6. महिला सहायता समूहों को ज्यादा कर्ज**

**राहत :** स्वयं सहायता महिला समूहों से जुड़े परिवारों को पहले बैंक से 10 लाख का कॉलेटरल फ्री कर्ज मिलता था, अब 20 लाख रुपए का कर्ज मिलेगा।

**कितनों को फायदा :** 7 करोड़ परिवारों से जुड़े 63 लाख समूहों को।

**7. कंस्ट्रक्शन सेक्टर**

निर्माण क्षेत्र से जुड़े 3.5 करोड़ रजिस्टर्ड वर्कर, जो लॉकडाउन की वजह से आर्थिक दिक्क तें झेल रहे हैं, उन्हें मदद दी जाएगी। इनके लिए 31000 करोड़ रु. का फंड है।

**24 मार्च को भी सीतारमण ने कई घोषणाएं की थी**

इससे पहले मंगलवार को सीतारमण ने मंत्रालय के अफसरों के साथ मौजूदा हालात पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा था कि अगले तीन महीने तक किसी भी एटीएम से पैसे निकालने पर कोई चार्ज नहीं देना होगा। बैंक खातों में मिनिमम बैलेंस रखने की शर्त को भी खत्म कर दिया गया है। इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने और पैन-आधार लिंक करने की तारीख भी 30 जून तक बढ़ा दी गई है।

## मोदी सरकार के फैन हुए सोनिया और राहुल गांधी, वित्तीय सहायता पैकेज पर बोले- 'पहली बार इस सरकार ने सही कदम उठाया है'

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम के बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार की तारीफ की है। 21 दिनों के लॉकडाउन के दौरान देश के गरीबों को भोजन उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार की ओर से वित्तीय सहायता पैकेज की घोषणा से राहुल गांधी काफी खुश हैं। उन्होंने कहा है कि पहली बार इस सरकार ने सही कदम उठाया है। पैकेज का ऐलान होने के कुछ देर बाद ही राहुल गांधी ने ट्वीट कर कहा, सरकार की ओर से वित्तीय सहायता पैकेज सही दिशा में पहला कदम है। भारत पर किसानों, दिहाड़ी मजदूरों, श्रमिकों, महिलाओं तथा बुजुर्गों का कर्ज है, जो इस लॉकडाउन में परेशानी का सामना कर रहे हैं।



### सोनिया ने लिखी मोदी को चिट्ठी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखी चिट्ठी में सोनिया गांधी ने लिखा कि कोरोना वायरस के खतरे को देखते हुए 21 दिनों के लॉकडाउन का फैसला जो किया गया है वो स्वागत योग्य कदम है, ऐसे में हर कोई इस संकट में देश के साथ खड़ा है. लेकिन इसी के साथ ही देश में हेल्थ के साथ-साथ इकॉनोमी के लिहाज से संकट काफी बड़ा है।

## विधानसभा में पहली बार गिलोटिन से बजट पास, विधेयकों को मंजूरी

**रायपुर।** कोरोना वायरस के प्रकोप को देखते हुए छत्तीसगढ़ विधानसभा की कार्यवाही गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए वार्षिक बजट पारित करने के बाद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। पूर्व में घोषित कार्य म के अनुसार, 16 मार्च के बाद स्थगित राज्य विधानसभा की कार्यवाही 25 मार्च तक स्थगित कर दी गई थी। गुरुवार सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही फिर से शुरू हुई। हालांकि, कोरोना वायरस के प्रकोप को देखते हुए विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। पूर्व निर्धारित कार्य म के अनुसार बजट सत्र एक अप्रैल तक जारी रहना था। सबसे पहले सुबह 10 बजे परिसर में ही कार्य मंत्रणा समिति की बैठक हुई। विधानसभा में गुरूवार को राज्य का सालाना बजट पारित किया गया। ऐसा पहली बार हुआ है जब बजट पारित करने के लिए गिलोटिन की प्रक्रिया अपनाई गई। साथ ही दर्जनभर से अधिक विधेयकों को भी बिना चर्चा के पारित किया गया। विपक्षी भाजपा सदस्यों ने मांग की कि विधेयकों पर चर्चा होनी चाहिए। ➢शेष पेज 8 पर

**अनिश्चितकाल के लिए स्थगित**

# कोरोना वायरस से दुनिया में 21,300 मौतें, 467,844 संक्रमित

# भारत में कुल 13 मौतें संक्रमित 693, छत्तीसगढ़ में 6 संक्रमित

वार्ता < बीजिंग/ जेनेवा/ नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

विश्व के अधिकतर देशों में फैल चुके कोरोना वायरस 'कोविड 19' का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है और अब तक इस खतरनाक वायरस से 21,300 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि करीब 4,67,844 लोग इससे संक्रमित हुए हैं।

भारत में भी कोरोना वायरस का संक्रमण फैलता जा रहा है और देश में अब तक इससे संक्रमितों की संख्या 693 हो गयी है। देश में कोरोना वायरस के संक्रमण से अब तक कुल 13 लोगों की मौत हो चुकी है। कोरोना वायरस का उत्पत्ति स्थल माने जाने वाले चीन के लिए राहत की बात यह है कि वुहान में पिछले तीन दिन से कोई मामला सामने नहीं आया है। इस वायरस को लेकर तैयार की गयी एक रिपोर्ट के मुताबिक चीन में हुई मौत के 80 प्रतिशत मामले 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के थे। चीन में 81,285 लोगों की कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है और करीब 3,287 लोगों की इस वायरस के चपेट में आने के बाद मौत हो चुकी है। पिछले 24 घंटे के दौरान कोरोना वायरस को लेकर सबसे गंभीर



स्थिति इटली से सामने आयी है। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस 'कोविड-19' से बुरी तरह प्रभावित इटली में इसके संक्रमण से मरने वालों की संख्या बढ़कर 7503 हो गयी है। इटली के नागरिक सुरक्षा विभाग के प्रमुख एंजेलो बोरेली ने बुधवार को टेलीविजन के माध्यम से संवाददाता सम्मेलन करके बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान देश में कोरोना वायरस से 683 लोगों की मौत हुई है। इटली में कोरोना संक्रमण के 5210 नए मामले सामने आए हैं जिससे संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 74386 हो गयी है।

स्पेन में भी कोरोना वायरस का कहर बढ़ता जा रहा है और इससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 3647 हो गयी है जो चीन से भी अधिक है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक स्पेन में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर 49,515 हो गयी है। खाड़ी देश ईरान में भी कोरोना वायरस का कहर जारी है। ईरान में इस वायरस की चपेट में आकर मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,234 हो चुकी है जबकि 29,406 लोग इस वायरस से संक्रमित हुए हैं। दक्षिण कोरिया में मृतकों की संख्या 131 पहुंच चुकी है जबकि 9241 लोग इससे संक्रमित हुए हैं। चीनी नागरिकों की अच्छी-खासी संख्या वाले देश अमेरिका में भी यह बीमारी व्यापक रूप से फैल चुकी है। अमेरिका में कोरोना वायरस से अब तक 942 लोगों की मौत हो चुकी हैं जबकि 65,778 लोग इससे संक्रमित हुए हैं।

### बिलासपुर, भिलाई और रायपुर में 3 नए पॉजिटिव मिले

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में गुरुवार को बिलासपुर, भिलाई और रायपुर में 3 नए कोरोना पॉजिटिव की पुष्टि हुई। बताया जा रहा है कि भिलाई का युवक और बिलासपुर की महिला सऊदी अरब से लौटे हैं। जबकि बुजुर्ग की ट्रैवल हिस्ट्री के बारे में जानकारी की जा रही है। अब तक 4 शहरों में 6 सं मित सामने आ चुके हैं। इसके पहले रायपुर में 2, राजनांदगांव में एक मामले सामने आया था। डॉक्टरों के मुताबिक, गुरुवार को रायपुर में मिले कोरोना पॉजिटिव बुजुर्ग और भिलाई के युवक को एम्स में भर्ती किया गया है। जबकि बिलासपुर की सं मित महिला को स्थानीय अस्पताल में उपचार चल रहा है।

**11 मार्च को भिलाई आया युवक, यहां कई लोगों के संपर्क में रहा**

भिलाई में मिला 32 साल का युवक 11 मार्च को सऊदी अरब से आया था। इसके बाद उसे होम आइसोलेशन में रहने के लिए कहा गया था। देर रात प्रशासन और पुलिस की टीम पहुंची और युवक को मिलने के लिए बुलाया। कलेक्टर अंकित आनंद ने बताया कि युवक को एम्स में ➢शेष पेज 8 पर

आखिर हम कैसे हो सकते हैं इतने गैरजिम्मेदार, करीबियों की जान जोखिम में हरकत में पूरा स्वास्थ्य विभाग, हर किसी को किया जा रहा ट्रेस

# विदेश से लौटी लड़की ने आईएएस अफसर की बेटी के साथ की पार्टी, कई दिनों तक घूमती रही शहर में

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



कोरोना वायरस की जिस चैन को ब्रेक करने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाथ जोड़कर देश के लोगों से विनती की। 21 दिनों तक घरों से न निकलने का आव्हान किया। लॉक-डाउन करवाया। वह चैन विदेश से लौटने वाले कुछ पढ़े-लिखे लोग ब्रेक कर रहे हैं।

बुधवार को ओसीएम चौक, रायपुर (महापौर बंगले के पास) निवासी जिस लड़की का सैंपल पॉजिटिव आया है, उसने 10 परिवारों के लोगों की जान को जोखिम में डाल दिया है। इससे और लोगों में भी वायरस फैलने का खतरा है। स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ उच्च अधिकारी ने बताया कि पॉजिटिव लड़की ने अपनी चार सहेलियों के साथ आउटिंग पार्टी की थी। इसमें एक आईएएस अधिकारी की बेटी भी शामिल है। इन विदेश में पढने् वालों की जानबूझकर बरती गई लापरवाही ने पूरे प्रदेश को खतरे में डाल दिया है। सूत्र यह भी बताते हैं कि लड़की ने होम आईसोलेशन के नियमों का पालन नहीं किया। मॉस्क का इस्तेमल किए बिना सबके साथ रही।

### ऐसी है इस केस की पूरी चैन

पड़ताल में सामने आया कि युवती 17 को लंदन से मुंबई होते हुए रायपुर पहुंची थी। एयरपोर्ट में हुई जांच में कोई लक्षण नहीं थे, लेकिन डॉक्टरों ने कहा था कि 14 दिन होम आईसोलेशन में रहो। 22 को उसे सर्दी-जुखाम की शिकायत हुई। एम्स में जांच करवाई और 23 को सैंपलिंग हुई। 25 को डॉक्टर ने कहा दिया पॉजिटिव है।

**ड्राइवर-** बागबहारा में रहना वाला ड्राइवर लड़की को बाहर ले गया था। वो गांव जा चुका है। उसका परिवार और न जाने ड्राइवर कितनों के संपर्क में आया होगा। उसे ढूंढ़ लिया गया है। गुरुवार को सैंपलिंग होगी।

**आप अगर इस लड़की के संपर्क में थे तो जांच करवाएं-** अगर आप इस लड़की के संपर्क में आए हैं तो तत्काल स्वास्थ्य विभाग को सूचना दें और अपनी जांच करवाएं। कोशिश करें कि मॉस्क लगाकर घरों में रहें।

**रेस्क्यू टीम को दिखाया रौब-** रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद जब स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची, तो लड़की रौब दिखाते हुए उनसे उलझ गई। उसका कहना था कि मुझे कुछ नहीं हुआ है। बड़ी समझाईश के बाद एम्स में जाने के लिए राजी हुई।

**स्वास्थ्य विभाग की भी बड़ी लापरवाही-** विदेश से लौटने वालों को स्वास्थ्य विभाग होम आईसोलेशन में रहने की सलाह देती है। मगर, लोग रह रहे हैं कि नहीं, इसका कोई फॉलोअप नहीं किया जा रहा है।

### ऐसे आई लोगों के संपर्क में

अपना परिवार- अपने परिवार में रहने वाले पांच सदस्यों। माता, पिता, बुआ, भाई और एक अन्य सदस्य। चार बाईयां- घर में काम करने वाले चार बाईयां, जो रोजाना घर आ रही थीं। इन चारों का परिवार, और ये जहां-जहां काम करने गई होंगी वे परिवार। इन चारों को क्वारंटाइन में भेज दिया गया है। चार सहेलियां और उनका परिवार- लड़की चार सहेलियों के साथ दो बार घर से बाहर जाकर पार्टी मनाई थी। ये लड़कियां अपने माता-पिता और परिजनों के संपर्क में हैं।

### कोरोना कैरियर बनकर घूम रहे हैं लोग

स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव का कहना है, प्रदेश और देश में हजारों ऐसे लोग हैं जो जिन्हें कोरोना ने अपना कैरियर (वाहक) बना लिया है और ये खुलआम घूम रहे हैं। इन्हें पकड़ना और ढूंढना इसलिए भी तत्काल मुश्किल हो रहा है क्योंकि इनमें शुरुआती लक्षण दिखाई नहीं दे रहे हैं। विदेश से लौटने वाले इन लोगों को होम क्वारंटाइन में रहने के लिए कहा गया, लेकिन ऐसे लग रहा है कि शायद ही किने-चुने लोग पालन कर रहे हैं।

## विदेश से लौटे एक हजार 785 में 15 सौ तक पहुंची हेल्थ-पुलिस टीम, बाकी की तलाश जारी

कोरोना संक्रमण के चलते पिछले कुछ दिनों में 17 सौ 85 लोग विदेश से लौटकर यहां आए हैं। इसमें से 15 सौ की जानकारी स्वास्थ्य विभाग तक है और वे सभी लोग होम आइसोलेशन में हैं। बाकी दो सौ 85 लोगों के संबंध में फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि फोन नंबर गलत होने के कारण स्वास्थ्य और पुलिस की टीम उनके तक नहीं पहुंच पाई है, पूछताछ जारी है। देश-दुनिया में कोरोना संक्रमण और मौतों की खबर सामने आने के बाद छत्तीसगढ़ से विदेश गए लोग भी एक-एक कर अपने घर लौटने लगे। हेल्थ की जानकारी के मुताबिक देशव्यापी लॉकडाउन के पहले तक यहां 17 सौ 85 लोग विदेश से लौटकर आए। स्वास्थ्य और पुलिस विभाग की टीम ने उन सभी का फोन नंबर हासिल कर उनका पता लगाया। उन नंबरों पर उनसे एक-एकर संपर्क किया। इस दौरान 15 सौ लोगों की सही जानकारी मिल पाई। बाकी लोगों का फोन नंबर सही न होने से टीम उनके तक नहीं पहुंच पा रही है।

हेल्थ अफसरों का कहना है कि विदेश से आए जितने लोगों की सही जानकारी मिली है, उनके घरों तक पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की टीम नियमित तौर पर पहुंच रही है। वे सभी अपने-अपने घरों में होम आइसोलेशन में रखे गए हैं। टीम वहां उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा की बारीकी से जांच कर रही है। उनमें कोरोना के किसी भी तरह से लक्षण सामने आने पर संदिग्ध मानकर उनका आगे जांच-इलाज शुरू किया जाएगा। उनका कहना है कि हेल्थ और पुलिस विभाग ने अपील की है कि विदेश से आए बाकी लोग भी स्वास्थ्य विभाग के संपर्क में जल्द आएं और बिना कोई भय के जांच-इलाज कराएं।

रायपुर जिले में विदेश से आए 17 लोगों की सूची जारी : रायपुर जिले में विदेश से आए 17 लोगों की सूची आज जारी कर दी गई और उनकी तलाश जारी है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी विनीत नंदनवार ने बताया है कि हाल ही में विदेश यात्रा से यहां आए 17 लोगों की पुलिस तलाश जारी है। इन सभी यात्रियों को मीडिया के माध्यम से सूचित किया जा रहा है कि वे अपना चिकित्सकीय परीक्षण अनिवार्य रूप से कराएं। पुलिस एवं प्रशासन को रिपोर्ट करें तथा किसी प्रकार की जानकारी न छिपाएं। जानकारी छिपाना उनके और उनके परिवार के लिए तथा समाज, राज्य और देश के लिए घातक साबित हो सकता है। इन्हें जानने या पहचानने वाले अन्य लोग भी टोल फ्री नंबर 104 पर इस संबंध में जानकारी दे सकते हैं। विदेश से लौटे 17 यात्रियों में उम्मे कुलसुम सोमन्रा, तरण टाइन,फूंग ए फुक, सिमरत, मेगाबाई, मनिया बाई, बाई सोहना, दास टीकम, सुलक्षणि कुकरेजा, मुकेश कुमार, कुमार अनीश, कुमार आयुष, बाई शबीता, मनधानी शिवम्, अग्रवाल शिवम, पुष्कर त्यागी और अजय राव के नाम शामिल हैं।

## राजधानी में पहले कोरोना-पॉजिटिव की कॉलोनी के बगल की बस्ती में एक बूढ़ा भी कोरोनाग्रस्त

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

रामनगर इलाके में एक वृद्ध के कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। चौंकाने वाली बात यह है कि रैंडम जांच में पहले वृद्ध के कोरोना संक्रमण के संकेत मिले थे और अब इसकी पुष्टि होने के बाद हडकंप मच गया है। राज्य में कोरोना संक्रमित लोगों का आंकड़ा 6 तक पहुंच गया है। राजधानी रायपुर में इस वृद्ध को मिलाकर कोरोना मरीज 3 हो गए हैं। इनके अलावा राजनांदगांव, बिलासपुर, और दुर्ग जिले में भी एक-एक कोरोना-पॉजिटिव पाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों के मुताबिक रायपुर समता कॉलोनी रहवासी युवती सबसे पहले कोरोना पॉजिटिव पाई गई थी। इसके बाद आसपास के तीन किलोमीटर इलाके में रैंडम जांच कराई गई। रामनगर इलाके में 68 साल के वृद्ध को कोरोना संक्रमित होने का शक जताया गया था। जांच के बाद रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। कहा जा रहा है कि यह वृद्ध खुद विदेश तो नहीं गया था, लेकिन वह किसी कोरोना पीड़ित के संपर्क में आ गया था। उसकी विस्तृत जांच हो रही है। इससे परे कोरोना पॉजिटिव छात्रा की तीनों रिपोर्ट पॉजिटिव आई है और उसकी हालत स्थिर बनी हुई है।

दूसरी तरफ, रायपुर के सुभाष स्टेडिमय के पीछे भी एक युवती कोरोना पॉजिटिव पाई गई। यह युवती भी कुछ दिन पहले लंदन से लौटी थी। पहले उसे वीआईपी रोड स्थित एक होटल में रूकवाया गया था और बाद में उसे घर लाया गया। यहां बुखार आने पर जांच की गई, तो युवती की रिपोर्ट में कोरोना संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। तीनों की एम्स में जांच और इलाज चल रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि एम्स में 7 और लोग भर्ती हैं, जिसकी जांच चल रही है और उन्हें कोरोना संदिग्ध बताया जा रहा है। जिनकी रिपोर्ट का इंतजार हो रहा है। बुधवार की बीती रात भिलाई के खुर्सीपार इलाके में एक युवक का भी कोरोना पॉजिटिव पाया गया। जो कि कुछ दिन पहले दुबई से लौटा था। इसी तरह राजनांदगांव के भी एक युवक का कोरोना पॉजिटिव पाया गया है, यह युवक थाइलैंड से लौटा था। इससे परे बिलासपुर में भी एक वृद्धा के कोरोना संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। कोरोना संक्रमित 68 वर्षीय महिला का बिलासपुर के ही अपोलो अस्पताल में उपचार चल रहा है। महिला कुछ दिन पहले सऊदी अरब से लौटी थी और क्वारंटाइन में थी। इन सभी का इलाज चल रहा है। सऊदी अरब से लौटी महिला को भी रायपुर एम्स में लाने की तैयारी चल रही है। राजनांदगांव के युवक की भिलाई आयुष्मान अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## एम्स में ट्रामा सेंटर व विशेष ओपीडी भी जारी, पहुंच रहे कई




पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

कोरोना संक्रमण के चलते एम्स अस्पताल में सामान्य ओपीडी बंद कर दी गई है, लेकिन वहां ट्रामा सेंटर व विशेष आपात सेवा ओपीडी जारी है और वहां कई गंभीर मरीज पहुंच रहे हैं।

जरूरी होने पर उनकी सर्जरी भी की जा रही है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि एम्स में न्यूरो, यूरो, नेफ्रो से लेकर किसी भी तरह के गंभीर मरीज पहुंच सकते हैं। वहां आपात स्थिति में आने वाले सभी तरह के मरीजों की जांच कर इलाज किया जा रहा है। एम्स अधीक्षक डॉ. करण पिपरे ने बताया कि कोरोना संक्रमण को देखते हुए वहां जांच और इलाज व्यवस्था पूरी तरह से चुस्त कर दी गई है। खासकर आयुष भवन में सीनियर, जूनियर डॉक्टरों के साथ नर्स व अन्य स्टाफ की पूरी टीम तैनात है। यह टीम वहां 24 घंटे आइसोलेशन में भर्ती और संदिग्ध मरीजों की जांच, इलाज में लगी है। अस्पताल में सभी मरीजों की जांच, इलाज मुफ्त है। इतना ही नहीं, वहां 24 घंटे काम पर लगी मेडिकल टीम का चाय-नाश्ता, भोजन आदि भी फ्री रखा गया है।

उन्होंने कहा कि अस्पताल में काम करने वाली पूरी मेडिकल टीम की अलग-अलग बैठक कर उनसे कहा जा रहा है कि आपात समय में आने वाले सभी मरीजों का बेहतर ढंग से इलाज करें। वे सभी उन्हें अपने घर का सदस्य मानकर उनकी सेवा करें। चाहे वो किसी भी तरह का मरीज हो। उन्होंने बताया कि अस्पताल से किसी भी मरीज को वापस नहीं लौटाया जा रहा है। व्यवस्था के अनुसार जहां पर भी उनका इलाज हो सकता है, उनकी जांच-इलाज किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि सर्दी, खांसी, बुखार, सिर दर्द या कोरोना के लक्षण वाले मरीजों के लिए मेडिसिन की एक अलग ओपीडी लगाई जा रही है। वहां हर रोज करीब 20-22 मरीज पहुंच रहे हैं। इनमें से करीब दर्जन भर लोगों की कोरोना जांच करायी जा रही है।

## संवेदनाओं के लिए हमेशा तत्पर राज्यसभा सांसद छाया वर्मा ने भारत सरकार सहायता कोष में दिए 5 लाख रुपए



राज्यसभा सांसद छाया वर्मा ने सांसद निधि कोष राशि 5 लाख सहायता कोष में जमा करवाई है। कोरोना वायरस से लड़ने के लिए उन्होंने यह अनूठा कदम उठाया है। सांसद छाया वर्मा ने सरकार से अनुरोध किया है कि इसका उपयोग जरूरतमंदों की औषधि वह मास्क वगैरह खरीदने के लिए किया जाए।

**मानवीय संवेदना ओं के लिए हमेशा तत्पर :** सांसद छाया वर्मा हमेशा मानवीय संवेदनाओं के लिए औरों से दो कदम आगे रहती हैं। ऐसे मौकों पर वे हाथ खोलने में कोई कोताही नहीं करती। सांसद छाया वर्मा अपने इन्हीं गुणों के कारण छत्तीसगढ़ के लोगों के हृदय में विशेष स्थान रखती हैं। उनका सम्मान करने वालों की यहां एक बहुत लंबी तादाद है।

## युवा नेता मोहम्मद अरशद ने एक हफ्ते के राशन का पैकेट किये तैयार 400 परिवारों तक पहुंचा चुके मदद



कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए लॉकडाउन जैसे उपायों से गरीब तबका के लिए दो वक्त की रोटी जुटाना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में छत्तीसगढ़ वन एवं परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर के बेटे मोहम्मद अरशद लोगों की मदद के लिए आगे आए हैं। खबरों के मुताबिक मंत्री मोहम्मद अकबर बेटे युवा नेता मोहम्मद अरशद ने एक-एक हफ्ते के राशन का पैकेट तैयार कराया है. इसे अलग-अलग दिन अलग-अलग बस्तियों में जा कर बांट रहे हैं, जिससे किसी भी गरीब परिवारों को राशन की कमी न हो। लॉकडाउन के दौरान मिल रहे राशन से गरीब परिवारों में खुशी की लहर तो है, ही साथ वे लोग दिल से धन्यवाद भी कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार अब तक 400 परिवारों तक मदद पहुंचा चुके मोहम्मद अरशद का काम हर दिन बदस्तूर जारी है। इसमें खर्च होने वाली राशि को मोहम्मद अरशद खुद वहन कर रहे हैं। इस पहल की काफी सराहना हो रही है, साथ ही अन्य लोगों के लिए भी इसे एक मिसाल माना जा रहा है, जिससे वे भी प्रेरित होकर दूसरों की मदद करें।

## कोरोना मामले में एक और एफआईआर विदेश से लौटकर घुमा रहा था सायकल

■ राजधानी पुलिस ने मामला दर्ज कर लगाया होश ठिकाने

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

विदेश से लौटे एक युवक को प्रशासन के निर्देशों का पालन न करना भारी पड़ गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाने में एफ आईआर दर्ज कर ली है। जानकारी के मुताबिक वालफोर्ड सिटी निवासी 13 मार्च को लंदन से लौटा था। युवक को पुलिस के द्वारा 14 दिनों तक होम आइसोलेशन में रहने के लिये कहा गया था। आरोपी लगातार शासन और पुलिस के निर्देशों की अवहेलना कर कॉलोनी में घूम रहा था और कई लोगों के टच में था। आसपास के लोगों और गार्ड के द्वारा मना करने पर भी वो बातों को अनदेखा कर लापरवाही से आज सुबह सायकल में घूमते हुए पाया गया, जिसकी शिकायत पुरानी बस्ती पुलिस को दी गयी। पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी के खिलाफशासन के निर्देशों की अवहेलना का मामला दर्ज कर धारा 188, 269, 270 के तहत अपराध दर्ज किया है। बता दें इसके पहले भी राजधानी के कोतवाली थाने में कोरोना पीड़िता के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। आरोपिया को विदेश से आने के बाद बीमारी छुपाने और प्रशासन के निर्देशों का उल्लंघन करना पाया था, जिसके बाद पीड़िता के खिलाफथाने में मामला दर्ज किया गया।

## कोरोना वायरस के संक्रमण के रोकथाम के लिए रायपुर शहर के अलग-अलग हिस्सों के सभी बाजार अब प्रशासन द्वारा निर्धारित जगह पर लगेंगे





पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए जिला प्रशासन द्वारा रायपुर शहर के सभी बाज़ारों को अब निर्धारित जगहों पर लगाया जाएगा। रायपुर पश्चिम विधानसभा के सभी बाज़ार भी अब साइंस कॉलेज मैदान और रायपुरा बाज़ार में लगेंगे। क्षेत्रीय विधायक विकास उपाध्याय जी इन लगने वाले बाज़ारों की तैयारियों का जायजा लेने निर्धारित जगह पर पहुंचे। विधायक महोदय ने बताया कि लॉक डाउन के दौरान बाज़ारों में जो भीड़ लगती थी उसके निराकरण के लिए निर्धारित जगहों पर आवश्यक मानक दूरियों पर ही सभी दुकानें लगेगी। साथ ही आज रायपुर पश्चिम विधानसभा के रामनगर क्षेत्र में कोरोना वायरस से संक्रमित एक मरीज मिलने पर विधायक महोदय स्वयं रामनगर पहुंचे। विधायक महोदय जी रामनगर के उस हिस्से में गए जहाँ संक्रमित मरीज पाया गया,वहाँ की स्थिति का जायजा लिया।विधायक महोदय के साथ पुलिस प्रशासन,सफाई कर्मचारी और विधायक जी के वॉलिंटियर्स की टीम भी मौजूद थी। विधायक महोदय ने अपनी उपस्थिति में पूरे रामनगर को सैनिटाइज करवाया और आम जनता से अपने-अपने घरों में रहने की अपील की। विधायक महोदय ने आम जनता से कहा कि वे घबराए नहीं,सतर्क रहें और अपनी जिम्मेदारी समझते हुए अपने-अपने घरों में ही रहे बाहर ना निकले।

## भूपेश सरकार की फिल्म निर्माता सुधीर मिश्रा ने की तारीफ

**रायपुर।** कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए राज्य सरकार के फैसले की तारीफ हो रही है। पूरे देश में लॉकडाउन की घोषणा से पहले ही सरकार ने प्रदेश को लॉकडाउन के निर्देश जारी कर दिए थे। प्रदेश में पहला पॉजिटिव केस आने के बाद ही सीमाओं को सील करने के निर्देश दिए गए। छत्तीसगढ़ के उठाए कदमों की मशहूर फिल्म निर्माता सुधीर मिश्रा ने तारीफ की है। श्री बघेल की फोटो वाले बैनर पर कोरोना वायरस को लेकर जागरूक किया गया है। साथ ही उसपर लिखा है घर लौटिए। मुख्यमंत्री के इस बैनर का कायल बॉलीवुड भी हो गया है। मशहूर फिल्ममेकर सुधीर मिश्रा ने इस बैनर की फोटो के साथ एक ट्वीट किया है। 25 मार्च की दोपहर को सुधीर मिश्रा ने ये ट्वीट किया है जिसमें लिखा है, कोरोना वायरस को लेकर जागरूकता के लिए छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल द्वारा अच्छा काम किया जा रहा है। इसलिए प्रदेश में अब तक 1 पॉजिटिव केस ही मिला है। हालांकि सुधीर मिश्रा के इस ट्वीट के कुछ घंटों बाद ही प्रदेश में नए संक्रमित मरीज मिले हैं। 26 मार्च की दोपहर 12 बजे तक प्रदेश में कोरोना वायरस के संक्रमितों की संख्या 6 हो गई है।

## एसएसआईपीएमटी में ऑनलाइन क्लास संचालित छात्र कर रहे हैं घर बैठे पढ़ाई

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com




श्री शंकराचार्य इंस्टट्रीयूट ऑफ प्रोफेशनल मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी एसएसआईपीएमटी अपने शैक्षिक गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध है जहाँ एक तरफ टीचिंग लर्निंग इनोवेशन, टेक्नोलॉजी एवं शोध के क्षेत्र में इंस्टीट्यूट ने अपनी जगह बनाई है वही दूसरी तरफ एनएसएस कार्यक्रम के तहत अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों को निभाने में अपनी पहचान रखता है।

जब पूरी दुनिया कोरोना वायरस की त्रासदी से गुजर रही है और पूरा देश आगामी 14 अप्रैल तक लॉक डाउन की स्थिति में है, एसएसआईपीएमटी अपने छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन कक्षाओं का सञ्चालन कर रहा है। ज्ञातव्य है कि प्रधान मंत्री के निर्देशानुसार पूरा देश पूर्णतः लॉक डाउन है जिसमें किसी को कहीं भी जाने की अनुमति नहीं है और सब को घर के अन्दर रहना अनिवार्य है, ऐसे में एसएसआईपीएमटी प्रबंधन ने छात्रों के भविष्य को प्राथमिकता दी है एवं ऑनलाइन कक्षाएं लगानी शुरू कर दी हैं।

संस्था के चेयरमैन निशांत त्रिपाठी ने बताया कि लॉक डाउन की स्थिति में छात्रों एवं शिक्षकों को घर में रहना है पढ़ाई की दृष्टि से यह अंतराल बड़ा है ऐसे में हम छात्रों के भविष्य से समझौता नहीं कर सकते छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन क्लास की व्यवस्था की गई है जिसमें छात्र घर बैठे टेक्नोलॉजी के माध्यम से पढ़ाई कर रहे हैं, एसएसआईपीएमटी टेक्नोलॉजी, इनोवेशन एवं शिक्षा की गुणवत्ता के लिए लोकप्रिय है और हम इस लोकप्रियता को बरकरार रखना चाहते हैं।

जब तक सामान्य कक्षाएं नहीं शुरू हो जातीं ऑनलाइन कक्षाएं लगती रहेंगी, इन कक्षाओं के साथ साथ छात्रअन्य ऑनलाइन कोर्सेज जैसे कोर्स और एनपीटीईएल के लिए भी प्रोत्साहित किये जा रहे हैं इसका लाभ यह होगा कि समय का सदुपयोग होता रहेगा और जब सामान्य कक्षाएं लगनी शुरू होंगीं तो छात्र कहीं से पिछड़ नहीं होंगे।

कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष डॉ जे पी पात्रा ने बताया कि अधिकतर छात्र ऑनलाइन कक्षा में उपस्थित हो रहे हैं जिनछात्रों के पास ब्रॉडबैंड की सुविधा नहीं है या समुचित नेटवर्क नहीं है वे लाइव उपस्थित नहीं हो पा रहें हैं, ऐसे छात्रों को वीडियो लेक्चर भेजा जा रहा है ताकि वो इस सुविधा से वंचित न रह जाएँ। प्राचार्य डॉ अलोक जैन ने बताया कि एसएसआईपीएमटी के छात्र विश्वविद्यालय गेट एवं अन्य राष्ट्रिय स्तर की परीक्षाओं में हमेशा से से अव्वल रहे है, इस परंपरा के निर्वहन के लिए हमने ये पद्धति अपनाई है। छात्रों एवं अभिभावकों ने इसे अनूठा प्रयास बताते हुए इस व्यवस्था की प्रशंसा की है।

# देश की सुरक्षा के लिए पिता बार्डर पर तैनात, पुत्र की मौत, घोटपाल के दुधमुंहे बच्चे ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

पायनियर संवाददाता ◄ गीदम
www.dailypioneer.com

गीदम ब्लाक के घोटपाल गांव में रहने वाले एक साल के दुधमुंहे बच्चे आदित्य नेताम की गुरुवार को इलाज के दौरान मौत हो गई जिसके बाद परिवारजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

मृतक बच्चे का पिता अपने पुत्र के अंतिम विदाई में शामिल नही हो सका।

दरअसल मृतक बच्चे के जवान पिता एसएसबी में है, जो देश की सुरक्षा के लिए बॉर्डर पर तैनात है। देश में वर्तमान संकट के चलते आने-जाने वाले सारे संसाधनों पर प्रतिबंध लगा है। ऐसे में जवान पिता ने अपने पुत्र की अंतिम विदाई गुरुवार शाम वीडियो कॉल के जरिये ही देखी। जवान के भाई उमेश ने बताया कि बच्चे के पेट में ट्यूमर की शिकायत थी बार-बार तबीयत खराब होने पर बच्चे का दन्तेवाड़ा व जगदलपुर अस्पताल में उपचार कराया जा रहा था। दिसम्बर में ट्यूमर का पता चलते ही परिजनों ने हैदराबाद जाकर आपरेशन कराना चाहा था, लेकिन कम उम्र होने के कारण बच्चे का आपरेशन नहीं हो सका था जिसके बाद ट्यूमर से राहत दिलाने चिकित्सकों ने दवाइयां जंरी रखी थी, लेकिन तीन महीने बाद अचानक बुधवार शाम बच्चे की तबीयत खराब हो गई, जिसके बाद परिजनों ने दुधमुंहे को दन्तेवाड़ा जिला अस्पताल लाया। बच्चे की हालत काफी गंभीर बताई जा रही थी ऑक्सीजन में रखा गया था इस बीच इलाज के दौरान ही बच्चे ने दम तोड़ दिया। चंद मिनटों में ही यह दुःखद खबर नेपाल बॉर्डर पर तैनात बच्चे के पिता तक पहुंच गई। इधर बेबस व मजबूर पिता ने बिलखते हुए वीडियो कॉल से ही अपने पुत्र की अंतिम विदाई देखी। इस घटना के बाद पूरे घोटपाल गांव में शोक व्याप्त रहा।





# महाराष्ट्र और तेलंगाना बॉर्डर सील, लोगों की ट्रेवल हिस्ट्री पर पैनी नजर

पायनियर संवाददाता ◄ बीजपुर
www.dailypioneer.com





जिला प्रशासन ने महाराष्ट्र एवं तेलंगाना बॉर्डर को कोरोना वायरस के खतरे को भांपते चार दिन पहले सील कर दिया है। जिले में बाहर से आए हुए लोगों की पूरी ट्रेवल हिस्ट्री पर मेडिकल टीम पैनी नजर बनाए हुए है। इधर, कलेक्टर केडी कुंजाम रोजाना ऐहतियात की गतिविधियों पर नजर रखे हुए हैं। सीएमएचओ डॉ बीआर पुजारी ने बताया कि चार दिन पहले ही तिमेड़ और तारलागुड़ा में बॉर्डर को सील कर दिया गया। यहां भी मेडिकल टीम के साथ पुलिस महकमे ने कैम्प कर दिया है। किसी को आने नहीं दिया जा रहा है लेकिन पैदल भी कुछ लोग आ रहे हैं। ये लोग महाराष्ट्र और तेलंगाना में फंसे हुए थे।

मजबूरी को देखते कुछ लोगों को छग में घुसने की अनुमति दी जा रही है लेकिन इसके पहले उनकी उचित थर्मल स्केनिंग की जा रही है और उनकी ट्रेवल हिस्ट्री जानकारी भी हासिल की जा रही है। भैरमगढ़ में भी मेडिकल टीम एनएच पर तैनात है। जगदलपुर और अन्य स्थानों से आने वाले लोगों की थर्मल स्केनिंग कर उनकी पूरी जानकारी जुटाई जा रही है। तेलंगाना से सटे पामेड़ गांव में मेडिकल टीम बॉर्डर पर नजर बनाए हुए है।

जिला मुख्यालय में भी एक मेडिकल टीम तैनात है। इसके अलावा गांवों के लिए कुछ मोबाइल मेडिकल टीम बनाई गई है। सीएमएचओ डॉ पुजारी ने बताया कि गुरूवार को ये टीम धनोरा एव तोयनार गई थी। असल में कोरोना को लेकर गांवों में तेजी से जागरूकता आई है और सरपंच सचिव ही नहीं, बल्कि खुद गांव के लोग बाहर से आए लोगों के बारे में स्वास्थ्य विभाग को खबर दे रहे हैं। सीएमएचओ के मुताबिक विभाग ऐसे लोगों के पास खुद जाकर उनका परीक्षण कर रहा है और उन्हें आइसोलेटेड रहने की समझाईष दे रहा है। विभाग का मानना है कि लोगों को पैनिक होने की दरकार नहीं है लेकिन सावधानी पूरी बरतनी चाहिए।

### गोंगला आए 40 लोग

सीएमएचओ डॉ पुजारी के मुताबिक बुधवार को यहां से करीब 30 किमी दूर बसे गांव गोंगला में 40 लोगों के पहुंचने की खबर मिली। ष्ये लोग मिर्ची के खेत में मजदूरी करने तेलंगाना गए थे। गुरूवार को एक टीम गोंगला भेजी जा रही है। इन लोगों को भी स्केनिंग के बाद आइसोलेषन में रहने की सलाह दी जाएगी।

### सोडियम हाइपोक्लोराइड का स्प्रे

सब्जी बाजार को बुधवार को शेड में लगाने का निर्णय लिया गया क्योंकि यह स्थान खुला है और इससे एक ही स्थान पर भीड़भाड़ की आशंका कम हो जाएगी। कलेक्टर केडी कुंजाम ने गुरूवार को बाजार का निरीक्षण किया। इस समय पालिका अध्यक्ष बेनहूर रावतिया, सीएमओ पवन मेरिया, तहसीलदार टीपी साहू, टीआई चंद्रशेखर बारिक एवं पार्षद प्रवीण डोंगरे मौजूद थे। सीएमओ पवन कुमार मेरिया ने बताया कि कोरोना के खतरे को देखते नगर के कुछ स्थानों पर सोडियम हाइपोक्लोराइड का छिड़काव किया जा रहा है। किराना दुकानों और मेडिकल स्टोर के अलावा सब्जी वि `ताओं से ग्राहकों के बीच कम से कम एक मीटर दूरी बनाए रखने की सलाह दी गई है। इसके लिए बुधवार को किराना दुकान के सामने डेमो भी किया गया। सभी दुकानदारों से पानी एवं सेनेटाइजर रखने कहा गया है। पेयजल आपूर्ति और सफाई के काम निर्बाध रूप से जारी रहेंगे।

## नियमित रूप से खुली रहेंगी गैस एजेंसी घर पहुंच सेवा भी उपलब्ध रहेगी

**नारायणपुर।** कोरोना महामारी के प्रबंधन के आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर पीएस एल्मा ने जिले की घरेलू गैस एजेंसी को नियमित रूप से खुले रखने और घर पर पहुंच सेवा प्रदान करने के आदेश दिये हैं। उन्होंने जारी आदेश में कहा है कि सभी गैस संचालक एजपीजी गैस सिलेण्डर की सतत आपूर्ति एवं पर्याप्त स्टॉक की व्यवस्था रखें। किसी भी गैस उपभोक्त ा को कार्यालय या गैस गोदाम से सिलेण्डर की सप्लाई नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि किसी ऑयल कंपनी से एलपीजी गैस सिलेण्डर की आपूर्ति में कठिनाई उत्पन्न होती हो तोए वे उन्हें अवगत करायें। कलेक्टन ने कहा कि गैस की घर पहुंच सेवा प्रदान किये जाने हेतु वाहन पास की आवश्यकता हो तो वाहन चालक का नामए पता एवं वाहन क्रमांक इस कार्यालय को उपलब्ध करा सकते हैं।

## राशनकार्डधारियों को मिलेगा 2 माह का एकमुश्त राशन

**नारायणपुर।** कलेक्टर पी एस एल्मा ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक राशन कार्ड धारियों को 2 महीने का राशन मिलेगा। उन्होंने कहा कि जिनके पास खाने और रहने की व्यवस्था नहीं हैए उनकी व्यवस्था भी की जायेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कल जनता के नाम संदेश में कहा कि प्रदेश में कोई भी व्यक्ति भूखा नहीं सोयेगाए इस बात का विशेष ध्यान रखा जायेगा। कलेक्टर एल्मा ने कहा कि नारायणपुर जिले में कोरोना वायरस से निपटने के लिए सभी तैयारियां और जरूरी सामान इत्यादि आम लोगों को सुविधापूर्वक मिले। इसके लिए अधिकारी.कर्मचारी जनता की सेवा के लिए तैयार हैं। अधिकारी.कर्मचारियों की आवश्यकताओं के अनुसार ड्यूटी लगायी गयी है। कलेक्टर ने कहा कि जिले में बाहर से आने वाले लोगों के स्वास्थ्य की जांच की जा रही है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी इसमें सहयोग कर रहे हैं। बाहर से आने वाले लोगों की जानकारी भी अपने.अपने माध्यमों से अधिकारियों को पहुंचा रहे हैं।

# दूसरे राज्यों से वापस लौटे 60 गांवों के 187 लोग होम आईसोलेशन में

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com





जिले के 60 गांवों के 187 लोगो को होम आईसोलेशन ;विशेष निगरानी, में रखा गया है। ये सभी लोग विभिन्न राज्यों के शहरों में काम करने गये थे। वहां से वापस अलग.अलग तारीखों में लौटे हैं। इसके साथ ही विदेश से आये 4 लोग भी नारायणपुर में होम आईसोलेशन में हैं। जिनकी होम आईसोलेशन की अवधि पूर्ण होने वाली है। नोवल कोरोना वायरस नियंत्रण एवं रोकथाम समीक्षा के लिए गठित जिला स्तरीय कोर कमेटी की बैठक में यह जानकारी दी गयी।

इन सभी के घरों पर होम आईसोलेशन के स्टीकर भी लगाये गये हैं। कलेक्टर ने कहा कि अब जरूरी चीजों की दुकानें जैसे किराना, सब्जी.भाजी, दूध की दुकान, प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक खुली रहेंगी। नारायणपुर अस्पताल के पास के 2 मेडिकल दुकानों को छोड़कर अन्य मेडिकल प्रातः 10 से सांय 3 बजे तक खुले रहेंगे। उन्होंने कहा कि सभी मेडिकल स्टोरों और उनके मालिकों के नाम और फोन नंबर लिखे जायेंगे। जिससे लोगों को किसी भी समय दवाई लेने के लिए इन दूरभाषों पर संपर्क कर दुकान खोलकर दी जायेगी। बाकी अन्य की सप्लाई नियमित रहेगी। इसमें पेट्रोल पंपए गैस एजेंसी इत्यादि शामिल है। कलेक्टर ने आश्रम शालाओं की साफसफाई पर विशेष ध्यान देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इनमें रहने वाले बच्चों को नियमित तौर पर पूरी साफसफाई के साथ भोजन और उनकी देखभाल की जाये। कलेक्टर एल्मा ने जिला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों के सहयोगियों के लिए भी भोजन की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस से बचाव हेतु ग्रामीण इलाकों में मितानिन व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सजग और सक्रिय रहें। उन्होंने जिले की जनता खासकर ग्रामीण क्षेत्र के वासियों से कहा कि बाहर से वापस लौटने वाले लोगों की जानकारी तत्काल सरकारी अधिकारी या ग्राम सचिवों को दें। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि अधिकारी अपने.अपने कर्मचारियों जो आवश्यक कार्य के लिए ड्यूटी लगायी गयी है। उनसे कहें कि वे जारी पास को लटकाकर चलें। इसके साथ ही आवश्यक परिवहन पर भी पास लगायें। उन्होंने ग्रामीण ईलाकों में काम करने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की भी सूची देने को कहा।

# आओ लड़े उनके लिए भी जो सड़कों पर हमारे लिए लड़ रहे हैं

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



विश्व व्यापी खतरा बन कोरोना वायरस के इंफेक्शन से बचने के लिए केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा जनता कर्फ्यू लगाया गया हैए जो कि सुरक्षा की दृष्टि से बिल्कुल सही भी है लेकिन दिहाड़ी मजदूरी करने वाले व मांग कर खाने वालों को राशन संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, इस कारण से कोंडागांव निवासी कुछ युवा ग्रुप हो या नगरपालिका अध्यक्षा या फिर समाज सेवी संस्था सब अपने स्तर से मदद करने को तत्पर नजर आ रहे ह, एवं इस संकट की घड़ी में एक अच्छे नागरिक होने का व इंसानियत का परिचय दे रहे है। 21 दिन के लॉकडाउन में राशन संबंधित सहायता की जरूरत कर रहे पूरी कोंडागांव नगर नव युवाओं सुमित श्रीवास्तव, अजहर रिजवी, अमित सेनानी, नवनीत दुबे, विकास कंवर,नागेश देवांगन द्वारा बनायी गयी संस्था सेवा द सोशल ग्रुप् के माध्यम से जरूरत मंद लोगों को जिनकी दिहाड़ी कोरोना की वजह से प्रभावित हो गयी हैए उनको 2दिन का राशन एवं 01 डेटोल साबुन वितरित किया गया, साथ ही समझाईस भी दी गयी, की घर मे प्रवेश करने से पहले हाथ अच्छी तरह से साबुन से धोकर ही निकले एवं घर से ना निकले, निकलने की जरूरत पड़े तो मुंह पर कपड़ा बांधकर ही निकले और सेवा द सोशल ग्रुप के मोबाइल नम्बर 9589111686, 88788 89989, 9285441638, 79740 26085, 94079 65366, 8878818135, 91741 59231 व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से भेज कर लिखा जा रहा है किए 21 दिन के लॉकडाउन में किसी भी व्यक्ति को राशन संबंधित सहायता की जरूरत हो तो, कृपया आप भी जरूरत मंदों की मदद करेए या फि र आपको कोई जरूरत मंद दिखे तो हमसे इन नम्बरों पर संपर्क करे, पुलिसकर्मियों को स्वयं की सुरक्षा के लिए हेंडग्लव्स का वितरण कोंडागांव जिला की शांति फाउंडेशन समाज सेवी संस्था द्वारा वैश्विक महामारी को रोकने शासन के प्रयासों को सफल करने सड़कों पर तैनात पुलिसकर्मियों को उनकी स्वयं की सुरक्षा के लिए हेंडग्लव्स का वितरण किया गया, लगातार ड्यूटी मे तैनात पुलिसकर्मियों को आने जाने वाले सभी गाडियों को लगातार छुना वा उनकी जानकारी लेना पड रहा हैए जिससे उनमें खतरा होने की आशंका और भी बढ़ जाती ह, ये सब देखते हुये शांति फाउंडेशन ने हाईवे पर तैनात पुलिसकर्मियों को हेन्डग्लप्स बांटा गया हैए इस जनता कर्फ्यू संकटापन्न स्थिति में जब पूरा शहर अपने घरों में है तब भी हम सब की सुरक्षा के लिए तैनात पुलिसकर्मी कोण्डागाव थाना प्रभारी राजेन्द्र मण्डावी एवं ट्रैफिक इंचार्ज अर्चना धुरंधर और समस्त पुलिसकर्मियों को सुरक्षा हेतु हेंडग्लव्स बांटे गए।

### कोरोना वायरस से बचाव के लिये बार बार हाथ धोए

इसी कड़ी में कोरोना वायरस से लड़ने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष हेमकुंवर पटेल द्वारा लगातार पारा मोहल्ला में जहाँ साफसफाई को विशेष ध्यान दिया जा रहा ह, तो वही दूसरी तरफरांची गैराज के पीछे मांग के खाने वाले लोग 8 परिवार रहते है, उन्ही के लिये राशन वितरित किया गया हैए नगर पालिक अध्यक्ष के साथ अंकुश जैन, रितेश राव, तिमिर प्रकाश,रहे एवं लोगों को कोरोना वायरस से बचाव के लिये बार बार हाथ धोने को कहा गयाए एवं घरो से बेवजह ना निकलने के लिये निवेदन किया गयाए घरो से ना निकलने की गुजारिश के साथ ही दूसरे राज्य से जो बोर गाडी वा अन्य कामो मे गये थेए वहां से वापस आ रहे लोगों की जानकारी व उन्हें तत्कालीन नजदीकी अस्पताल में जांच हेतु भेजने का निवेदन किया गया है।

# राशनकार्डधारियों को मिलेगा 2 माह का एकमुश्त निःशुल्क राशन

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर के डी कुंजाम ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार राज्य में कोविड-19 संक्रामक के प्रबंधन के अंतर्गत लिए गए निर्णय अनुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली में अंत्योदय प्राथमिकता निशक्तजन एकल निराश्रित एवं अन्नपूर्णा श्रेणी के राशन कार्ड धारियों को माहअप्रैल एवं मई 2020 का चावल एकमुश्त निः शुल्क वितरण शासकीय उचित मूल्य की दुकानों से किया जाएगा। जिसके लिए कलेक्टर कुंजाम ने बीजापुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के अंतर्गत संचालित प्रत्येक उचित मूल्य की दुकानों के लिए संबंधित ग्राम पंचायत के पंचायत सचिव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। राशन कार्ड धारियों को चावल को छोड़कर शक्करए चनाए गुड़ एवं एपीएल चावल निर्धारित दर पर वितरण किया जावेगा। सभी नोडल अधिकारी ग्राम पंचायतों एवं आश्रित ग्रामों में कोटवार के माध्यम से दो माह का चावल निरूशुल्क वितरण की मुनादी अवश्य करवाएंगे। कलेक्टर ने नोडल अधिकारियों को राशन वितरण के दौरान हितग्राहियों को मुंह पर मास्क अथवा टावल या रुमाल बांधने हेतु प्रेरित करेंगे एवं प्रत्येक हितग्राहियों को कम से कम 1 मीटर दूरी बनाकर कतार से राशन वितरण करवाएंगे। कुंजाम ने कहा कि उचित मूल्य की दुकानों में राशन कार्ड धारियों के हाथ धुलाई के लिए सेनेटाजर अथवा उपयुक्त तरल साबुन की व्यवस्था भी सुनिश्चित करवाएंगे।

## कोरोना वायरस से बचाव के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**नारायणपुर।** कोरोना वायरस संक्रमण के बचाव के उपायों के तहत् नारायणपुर जिले में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का हेल्प लाईन नंबर 07781.252245 जारी किया गया है। यह कंट्रोल रूम सातों दिन 24 घंटे काम करेगा। लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत होने पर कंट्रोल रूम के नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। कोरोना के संक्रमण से बचाव के लिए जिले में 21 दिनों का लाक डाउन लागू है। कलेक्टर पीएस एल्मा ने लोगों से अपील की है कि वे अपने घरों में ही रहें। जरूरी कार्यों के लिए ही बाहर निकलें। जरूरी होने पर कंट्रोल रूम के फोन पर संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण के लिए राज्य स्तर पर हेल्प लाईन नंबर 104 है। इसका भी उपयोग किया जा सकता है। कलेक्टर पीएस एल्मा ने बताया कि इस कंट्रोल रूम में कर्मचारियों की पालियों में ड्यूटी लगायी गयी है।

# समाजसेवकों ने कोरोना के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

लौहनगरी किरंदुल में स्थानीय समाज सेवकों के द्वारा गुरुवार को शहर के चौक चौराहे दुकान व विभिन्न स्थानों में जाकर जागरूकता अभियान चलाया।

बड़ी संख्या में लोगों को हाथ धुलाकर मास्क पहनाया साबुन, हैंडवाश दिया गया। इस दौरान समाज सेवक सुरेंद्र नायर जमील खान अतुल सिंह राजू राव पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ने बताया कि नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव और लोगों को जागरूक करने यह अभियान लगातार चलाया जाएगा जिसमें जरूरतमंद लोगों को मास्क, हैंडवाश, दस्ताने बांटे जाएंगे। कठिन परिस्थिति में हर संभव सहयोग किया जाएगा। इस दौरान लोगों से अपील की गई की झूठे अफवाहों ना फैलाये, लगातार हाथ धोए, स्वछ रहे सावधान रहें घर से बिल्कुल ना निकले सरकारी आदेश का पालन करें। कार्यक्रम के दौरान मुश्किल घड़ी में जान को जोखिम में डालकर कवरेज करने वाले स्थानीय पत्रकार रामकृष्णा बैरागी संजीव दास रवि दुर्गा एस एच अजहर किशोर जाल व अन्य पत्रकारों को बधाई देते हुए सदस्य के द्वारा मास्क दस्ताने हैंडवॉश दिया गया ताकि समाज को जागरूक करने के साथ.साथ स्वयं भी सुरक्षित रहें।

# हत्याकर साक्ष्य छुपाने के मामले में युवक गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिला कोंडागांव के ग्राम सितली में उस समय हलचल मच गई, जब जंगल में महुआ बीनने गए, युवक ने सितली से लगे हुए, गांव छिंदभाटा निवासी बोन्डकु मरकाम की लाश देखकर गांव वालों को बताया तो सब सुगबुगाहट चालू हो गयी, एक ओर कोरोना वायरस के चलते 21 दिन का लॉकडाउन ऊपर से गांव में हत्या होना।

फिर भी हिम्मत कर गांव के लोगों ने सिटी कोतवाली कोंडागांव में सूचना दी, जिला में आज ही आये नए पुलिस अधीक्षक बालाजी राव ने तुरंत एसडीओपी कपिल चंद्रा, टीआई राजेन्द्र मंडावी, एसआई मनोज नायक, एसआई विवेक सेंगर एवं अन्य स्टाप को तत्काल घटना स्थल पर भेज पड़ताल करने को भेजा, पुलिस टीम ने तुरन्त घटना स्थल पहुँचकर हत्या की गुत्थी को महज चंद समय मे ही सुलझा लिया है। जानकारी देते हुए निरीक्षक राजेन्द्र मंडावी ने बताया कि हमें दूरभाष के माध्यम से सूचना मिली थी, कि सितली गांव में पास के ही गांव छिंदभाटा निवासी ग्रामीण की हत्या हो गयी है, एवं लाश जंगल भेंककर चला गया ह, पुलिस तत्काल नए पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार घटना स्थल पर पहुंची, और ग्रामीणों से घटना की छानबीन करते हुए पता चला कि उसके भतीजे ने ही चाचा की हत्या की है, और जब उसके भतीजे आरोपी हरिसिंह मरकाम से पूंछताछ की गई, तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया व घटना में प्रयुक्त डंडा उसके सेप्टिक टैंक छुपाया होना बतायाए आरोपी को गिरफ्तार कर हत्या व साक्ष्य छुपाने के केस दर्ज कर लिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि बोन्डकू मरकाम 45 पिता चैतू मरकाम की हत्या उसी के भतीजे हरीसिंह मरकाम ने की हैए इनके बीच जमीन बंटवारे को लेकर कई दिनों से विवाद चल रहा थाए हालांकि मृत बोन्डकू ने अपने भतीजे आरोपी हरिसिंह को जमीन दे दिया था, लेकिन इससे वह संतुष्ट नहीं था, उसको पूरी जमीन खेत और घर चाहिए था।

इसलिए घर मे बीबी बच्चे सभी ससुराल जाने के कारण, कोई नहीं होने से बीते दिन जब मृत बोन्डकू नहाने के लिए नदी जा रहा था, तब हरिसिंह ने अपने चाचा को घर बुलाकर डंडे से पीटपीट कर हत्या कर दी, पूरे गांव में 21 दिन के लॉकडाउन के कारण कोई भी निकल नहीं रहा था, इसलिए किसी को पता नहीं चल पाया, हत्या करके दिन में चाचा की लाश घर मे ही रखा व रात में हत्या में प्रयोग किये गए डंडे को घर के पीछे बने शौचालय के सेप्टिक टैंक में डाल दिया एवं लाश को कंधे पर टांग कर अपने गांव छिंद भाटा से 3किमी दूर ग्राम सितली के जंगल में फेंक आया और कपड़े भी धो लिया फिलहाल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।



# दुकानों में सोशल डिस्टेंसिंग के नियम का पालन अनिवार्य

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

दुकानों से सामग्री खरीदने के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग बनाये रखने के नियम का पालन जरूरी किया गया है। कोरोना संक्रमण से बचाव के प्रभावी उपाय के अंतर्गत कतार में लगाकर ग्राहकों को सामग्री देना होगा।

कतार में खड़े दो लोगों के बीच कम से कम 1 मीटर की सुरक्षित दूरी रखना होगा। दूरी के नियम का पालन नहीं किये जाने पर दुकानदारों को सामग्री बेचने से रोक दिया जायेगा। संयुक्त कलेक्टर श्री अरविन्द पांडेय ने बताया कि नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र की सभी दुकानों को दूरी बनाए रखने के नियम का पालन करना होगा।

सब्जी, किराना, मेडिकल सहित दुकान खोलने की छूट दिए गए सभी दुकानों पर समान रूप से यह नियम लागू होगा।

ऐसा किये जाने का वाजिब कारण भी है। कोरोना संक्रमण का सबसे प्रमुख कारण पड़ोस स्थित व्यक्ति के खांसी.छीक से है। एक बार की खांसी.छींक से हजारों की संख्या में वायरस की बौछार बाहर आती है, जो कि कई लोगों को चपेट में लेने के लिए पर्याप्त होती है। इसलिए लोगों से कम से कम एक मीटर की दूरी रखने पर जोर दिया जा रहा है। खोलने की छूट प्राप्त हर दुकानदार की यह जवाबदारी है कि वह अपने दुकान के सामने सवेरे चूने से एक-एक मीटर दूरी पर मार्किंग करे और उस पर ग्राहक को खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करने का आग्रह करें।

एक समय में एक ही ग्राहक को सामान देना है। उसका हिसाब चुकता होने के बाद ही दूसर, तीसरे, चौथे ग्राहक को सामग्री देनी है। हाथ-धुलाई अथवा सैनिटाइजर की व्यवस्था भी यथासम्भव दुकान में किया जाना चाहिये। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कार्तिकेया गोयल ने महामारी अधिनियम के अंतर्गत अति आवश्यक दुकानों को छोड़ कर तमाम दुकानों के खोलने पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। छूट वाले दुकानों को भी सवेरे 8 से शाम 4 बजे तक खोलना है।

## कोरोना वायरस के नियंत्रण में प्रशासन सख्त

# सड़कों में घूमने पर बताना होगा कारण नहीं बताने होगी सख्त कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < बसना/शहर
www.dailypioneer.com

कोरोना वायरस महामारी से उत्पन्न हालात अब विषम होते जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में लॉक डाउन की घोषणा के बाद भी स्थिति अभी नियंत्रण में नहीं कही जा सकती। मंगलवार को लॉक डाउन को लागू करने के लिए शासन.प्रशासन को सख्ती करनी पड़ी। वही लॉक डाउन में बसना नगर के सड़कों पर बेवजह तफ्रीह करने वाले लोगों पर लाठीचार्ज किया गयाए तो कहीं बेमतलब घरों से बाहर निकले युवाओं को उठक.बैठक कराया। क्षेत्र वासियो को लॉक डाउन का पालन करने के लिए दिशा निर्देश दी गई।

वही वायरस के नियंत्रण हेतु बसना थाना एवं स्वास्थ्य विभाग, नगर पंचायत बसना की टीम ने विशेष पहल की है, लॉक डाउन होने के बाद प्रति दिन थाना प्रभारी वीणा यादव द्वारा बसना के सार्वजनिक स्थल, बस स्टेंड शाहिद वीरनारायण चौकए साथ अन्य चौक चौराहों पर वाहन चालकों को रोक कर उनसे पूछताछ कर स्पष्ट निर्देश दिया जा रहा हैं साथ ही मैं समाज और देश का दुश्मन हूँए घर पर नही रहूंगा, और मास्क नही पहनूंगा। के पेपर बोर्ड पर लिखवाया कर तस्वीर खिंचवाया गया। उन्होंने बस स्टेंड से चौक के बीच मेडिकल और सब्जी या अन्य सामान की बिक्री करने वालों को भी सख्त हिदायत दी हैं कि यहां भीड़ इकट्ठा न करे आदि गाड़ी खड़ी ना करें। उन्होंने बताया कि धारा 144 लगी है। अगर कोई भी दुकानदार या थ्री व्हीलर चालक बाजार में भीड़ एकत्रित करता पाया जाएगा तो उसके खिलाफ आदेश का उल्लंघन करने की कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने आज 26 मार्च गुरुवार को अपने घरों के अंदर रहने को कहा है। उन्होंने सब्जी मंडी मे लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि अपने घरों के बाहर लगी डोर बैल को रोजाना 3.4 बार क्लीनिंग लिक्विड से साफ करनेए फ्ल सब्जियों को साफ कर रखनेए बाहर की खाद्य वस्तुओं से दूरी बनानेए अधिक से अधिक समय हाथ साफ करन, और भीड़ वाली जगहों से दूरी बनाने, टी रिमोट, लैपटाप, मोबाइल फोन आदि को एक बार सैनिटाइज करने, बाहर से घर पहुंचने के बाद हाथ साफ करनेएपब्लिक ट्रांसपोर्ट व कैब आदि से बचाव करने तथा अपने हाथों से मुंह को ना छूने तथा बुजुर्गों को बाहर ना निकलने का आह्वान किया। नगर पंचायत बसना द्वारा नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु आदेश जारी की हैए समस्त शासकीय एवं अशासकीय कार्यालय तत्काल बंद करने का निर्देश देते हुए लिखा गया है अधिकारी अपना कार्य घर में बैठ कर करे। सार्वजनिक परिवहन सेवाएं, जिसमे निजी बस टैक्सी ऑटो रिक्शा बंद कर केवल इमरजेंसी मेडिकल सेवा वाले वाहन की अनुमति है।



### इमरजेंसी दुकाने खुलने के समय

फ्ल एवं सब्जी दुकाने हाट बाजार सुबह 8 बजे दोपहर 12 बजे तकए खाद्य पदार्थ एवं किराना दुकानए सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तकए गैस एजेंसी सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक, घर घर जाकर दूध बाटने वाले तथा न्यू? पेपर हॉकर सुबह 6 बजे से सुबह 9रू30 तक समय निर्धारित किया गया।

### लॉकडाउन का आदेश, चैत्र नवरात्र एवं हिन्दू नववर्ष पर्व पर असर, धार्मिक आयोजन, प्रतियोगिताएं स्थगित

कस्बा सहित बसना ग्रामीण क्षेत्र में चैत्र नवरात्र के अवसर पर बुधवार को घर-घर घट स्थापना हुई। इस दौरान लोगों ने परिवार के साथ शुभ मुहुर्त में माता रानी की पूजा अर्चना के साथ मनोकामना ज्योत जलाकर नवरात्र का शुरुआत किया। हालांकि कस्बा सहित इलाके के मंदिरों में कोरोना वायरस की महामारी के कहर के चलते मंदिरों के पट बंद होने से श्रद्धालु नहीं आए। मंदिरों में हर वर्ष होने वाले बड़े धार्मिक आयोजन भी नहीं हो सके। कोरोना वायरस के खौफ के साथ ही सरकार की ओर से पूर्णतरू लॉकडाउन आदेश के चलते मंदिरों में पट बंद रहने से नवरात्र के पहले दिन भी एक भी श्रद्धालु नजर नहीं आये। श्रद्धालुओं के नहीं आने से मंदिर परिसर सूने पड़े रहे। बसना अंचल फुलझर अंचल के नाम से विख्यात है और के सुप्रसिद्ध मंदिर श्रीश्रीश्री रणेश्वर रामचंडी मंदिरए समलेश्वरी मंदिर बसना, माता दरबार बसना, रामजानकी मंदिर बसना, शिव मंदिर बसना, हनुमान मंदिर बसना, गायत्री मंदिर बसना, वनदुर्गा मंदिर भतकुन्दा, माँ आदिशक्ति दक्षिण काली शक्ति पीठ गिधली, माँ कंकाली मंदिर परसकोल, माँ शीतला मंदिर बसना, मंदिर सहित इलाके के सभी प्रमुख मंदिरों में पूजा अर्चना कर नवरात्र शुरू हुई, लेकिन लॉकडाउन के चलते श्रद्धालुओं के नहीं आने से सन्नाटा छाया रहा। लॉक डाउन के चलते अधिकांश लोगों ने इस बार घरों में माता रानी के आशीर्वाद पाने के लिए ज्योति कलश का स्थापना कर परिवार के साथ पूजा अर्चना कर नवरात्र का प्रथम शुभारंभ किया।



मंदिरों में संतए महंतों व पुजारियों ने माता रानी की पूजाकर देश में फैल रही इस महामारी कोरोना वायरस से निजात दिलाने और देशवासियों की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की। बसना अंचल के निवासी आदित्य रंजन कानूनगो ने बताया कि प्रतिवर्ष नगर में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा एकम के दिन सनातन धर्म के लोगों द्वारा नववर्ष धूम धाम से मनाया जाता है, इस वर्ष भी 25 मार्च को हिन्दू नव वर्ष के प्रथम दिवस को धूम धाम एवं हर्षोल्लास से मनाने की तैयारियां पूर्ण कर ली गयी थी, जिसमे नगर सज्जा, रंगोली प्रतियोगिता एवं अनेक आयोजनों का किया जाना सुनिश्चित था किंतु इस अंतराष्ट्रीय समस्या को देखते हुए, घर मे अपने अपनो के मध्य राष्ट्र एवं समाज की उन्नति सबके उन्नत स्वास्थ्य की कामना की गई। और कहा कि नवरात्र के पउपलक्ष्य पर देवी माँ से विशेष रूप से प्राथना की गई कि इस विपदा को शीघ्रता से दूर कर समाज तथा राष्ट्र की रक्षा करें।

# सुभाषनगर वार्ड बसंती-सुभाष ने 300 मास्क निःशुल्क बांटे

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

देवांगन दंपति ने 350 मास्क नगर पालिक निगम धमतरी के महापौर विजय देवांगन एवं 300 मास्क डॉ सरिता दोशी को उचित जगहों पर देने के लिए उनके घर जाकर प्रदान किया। बसंती का कहना है किए कोरोना वायरस के रूप में देश में आई इस आपदा में अपने शहर के लोगों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए कामना करते हुए मास्क सिलकर लोगों को देकर अपना अंशदान करना चाहती हूँ। ये मास्क उन्होंने अपने सहयोगी कर्मचारियों के साथ मिलकर तैयार किया है।



**मध्यमवर्गीय परिवार की सदस्य है गृहणी :** एक लेडिस टेलर भी है ने बताया कि वे एक संयुक्त परिवार में रहतीं हैं और जब उन्होंने मास्क देने के लिए अपनी इच्छा जाहिर की। उनके पति सुभाष,सास मंजू, ससुर छोटू राम, देवर कैलाश, देवरानी तथा सगी बहन रामेश्वरी एवं बच्चों राहुल, प्रीति, विजयलक्ष्मी, एवं अंजलि तथा सिलाई में सहयोगी राजेन्द्र देवांगन, कंचन और शकुन ने खुशी जाहिर की और पूरा सहयोग दिया। बसंती श्री साई स्वसहायता महिला समूह की अध्यक्ष के रूप में अन्य सदस्यों के साथ मिलकर शालेय गणवेश सिलकर स्कूलों तक पहुंचाने का कार्य करती हैं। उनके द्वारा प्रदत्त मास्क को विजय देवांगन ने निगम के गोकुलपुर, सरदार वल्लभभाई पटेल, शीतला पारा, कोष्टा पारा वार्ड के पार्षदों को मास्क जरूरी जगहों के लिए देने के लिए दिया है। और सरिता दोशी ने जिला चिकित्सालय में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ खालसा को 200 नग हॉस्पिटल के लिए और 100 नग रामबाग के कुष्ठ आश्रम रानी बगीचा के लिए भेजा है। महापौर विजय देवांगन डा खालसा एवं डॉ सरिता दोशी ने बसंती के इस जन हितैषी कार्य की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया।

## होम आईसोलेशन के नियमों का पालन नहीं करने पर होगी सख्त कार्यवाही



कोरोना वायरस के संक्रमण को ले जिला प्रशासन सहित स्वास्थ्य विभाग बेहद सतर्क है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ डी के तुर्रे ने कहा कि अब तक हालात सामान्य हैं। तेजी से फैल रही अफवाहों ने चिंता बढ़ा रखी है । उन्होंने कहा कि इस संबंध में प्रशासन ने अधिसूचना जारी की है कि अन्य राज्य अथवा प्रांत से आने वाले व्यक्तियों को घर में 14 दिन तक बैन होम आईसोलेशन किया गया है।

इसके मद्देनजर जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त दल द्वारा विदेश भ्रमण एवं अंतर्राज्यीय प्रांतो से आने वाले व्यक्तियों के घरों में होम आईसोलेशन के दौरान 14 दिनों तक होम आईसोलेशन स्टिकर घर के अंदर प्रवेश निषेधष्घरों के बाहर लगाने के निर्देश दिये गए हैं। साफ तौर पर कहा गया है कि इस व्यवस्था का पालन नहीं करने वालों को महामारी अधिनियम 1897 एवं धारा 144 सीआरपीसी 1973 के तहत कानूनी कार्रवाई की जायेगी। जिला प्रशासन ने अपील की है कि कोरोना के संक्रमण से बचने के लिए लोग घरों में रहें। इसके लिए जिले में बाहर से आने वाले लोगों को रोकने के लिए गली.गली में मुनादी की जा रही है। कलेक्टर रजत बंसल ने जिले में लॉकडाउन का कड़ाई से पालन करवाने के लिए पुलिस प्रशासन को निर्देश दिये हैं। इसके मद्देनजर जारी एडवाइजरी के मुताबिक लॉकडाउन का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सड़कों पर निकले लोगो को अधिकारी समझाईश देकर वापस भेज रहें है। पुलिस द्वारा बंद के दौरान बाहर घूम रहे व्यक्तियों को जेल भेजा जा रहा है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श टोल फ्री नम्बर 104 पर डॉयल कर स्वास्थ्य संबंधी सभी जानकारी ले सकते हैं।



बलौदा बाजार । वार्ड नंबर 10 में सब्जी दुकान पर काफी भीड़ देखने को मिली जिला प्रशासन के द्वारा हर वार्ड में सब्जी दुकान लगाने का आदेश दिया है।

## सभी पंजीयन कार्यालय 31 मार्च तक बंद, रेल्वे कर्मचारियों को मिली आवाजाही में छूट

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुए जिला कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने 31 मार्च तक जिला के सभी पंजीयन कार्यालयों को बंद करने के आदेश जारी किया गया हैं। इसके साथ भारत सरकार के निर्देशानुसार रेल्वे के कर्मचारियों को आवाजाही में छूट प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि रेल्वे केवल पैसेंजर गाड़ियों को बंद किया हैं। लेकिन मालवाहक गाड़ियों का परिचालन चालू हैं। जिसके चलते बहुत से कार्य करनें वाले रेल्वे के कर्मचारियों को यह छूट प्रदान की गई है। जिला में हतबंध, भाटापारा, सिमगा आदि क्षेत्रों के आसपास रेल्वे के कर्मचारी कार्यरत हैं। इसके लिए पुलिस प्रशासन को अलग से सूचना दे दी गई हैं। साथ ही इन कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से आई कार्ड रखना जरूरी है। इन कर्मचारियों को भी शासन के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य हैं।

# मदिरा दुकानें 31 मार्च तक रहेंगी बन्द'

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिले की तमाम मदिरा दुकानें आगामी 31 मार्च तक के लिए बंद रहेंगी। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने कल 26 मार्च से लेकर 31 मार्च तक मदिरा दुकानों को बंद रखने के निर्देश दिए हैं। आबकारी अधिनियम की प्रावधानों के तहत इस अवधि को ड्राई डे घोषित किया है। कोरोना संक्रमण से आम जनता के बचाव को ध्यान में रखते हुए दुकानों को बंद रखने आदेशित किया गया है।आदेश के तहत जिले की भौगोलिक सीमा के भीतर स्थित देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानें एवं मद्य भाण्डागार दोनों बन्द रहेंगे। कलेक्टर ने जिले की पुलिस एवं आबकारी विभाग के अधिकारियों को बंद आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा है। उल्लेखनीय है कि इसके पहले 23 से 25 मार्च तक लगातार तीन दिन तक मदिरा दुकान बंद रखी गई थीं।

### संकटग्रस्त श्रमिकों की मदद के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति गठित

**बलौदाबाजार।** कोरोना वायरस से उपजे हालात के चलते संकट में फंसे पंजीकृत श्रमिकों को तात्कालिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर कार्तिकेया गोयल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति गठित की गई है। समिति यथासम्भव 24 घंटे में प्राप्त प्रकरणों का निराकरण करेगी। समिति में सदस्य के रूप में जिला पंचायत के सीईओ आशुतोष पांडेय, अपर कलेक्टर जोगेंद्र नायक तथा श्रम पदाधिकारी तेजस चंद्राकर सदस्य सचिव बनाये गए हैं। श्रमिकों की सहायता के लिये जिला स्तरीय हेल्प नम्बर. 6260445466 जारी किया गया है। इसके अलावा राज्य स्तरीय हेल्प लाइन नम्बर 91098.49992ए 0771-2443809 तथा 112ए104 एवं 1100 नम्बर पर भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### जिला कार्यालय में कोरोना नियन्त्रण कक्ष की स्थापना

**बलौदाबाजार।** कोरोना संक्रमण के बचावए रोकथाम एवं आपदा प्रबंधन संबंधी सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिये जिला कार्यालय में नियन्त्रण कक्ष की स्थापना की गई है। नियंत्रण कक्ष तीन डिप्टी कलेक्टरों के नेतृत्व में दिन-रात काम करेगा। नियंत्रण कक्ष का लैंड लाइन दूरभाष नम्बर. 07727-223697 है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशों के अनुरूप इस उच्च स्तरीय नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। प्रथम पाली में सवेरे 6 से दोपहर 2 बजे तक डिप्टी कलेक्टर श्यामा पटेलए दूसरी पाली में दोपहर 2 बजे से रात 10 बजे तक डिप्टी कलेक्टर मिथलेश डोंडे तथा अंतिम पाली में रात 10 बजे से सवेरे 6 बजे तक डिप्टी कलेक्टर राकेश कुमार गोलछा की ड्यूटी लगाई गई है। श्यामा पटेल का मोबाइल नम्बर 97707-05850 मिथलेश डोंडे का मोबाइल नम्बर.94255. 23514 तथा राकेश गोलछा का मोबाइल नम्बर-99268-43591 है। उनके सहयोग के लिए तीन और अधिकारी-कर्मचारियों को तैनात किया गया है।



बलौदाबाजार। दुर्गा मेडिकल बलौदा बाजार दवाई दुकान में सोशल डिस्टेंसिंग के नियम का पालन अनिवार्य रूप से लागू किया गया है।

# ''घर-घर भ्रमण'' कर जानकारी एकत्रित करने विकास खण्डवार दल गठित

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार होम आइसोलेशन, होम क्वारेंटाइन पर चिन्हांकित घरों के समीपतम 50 घरों या संस्था में घर-घर भ्रमण कर राज्य द्वारा निर्धारित प्रपत्र का उपयोग कर जानकारी एकत्रित किए जाने हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रानू साहू ने आदेश जारी कर विकासखण्डवार दल गठित किया है।

जारी आदेश के अनुसार बालोद विकासखण्ड के लिए नोडल अधिकारी मुरलीधर शर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बालोद को बनाया गया हैं। बालोद विकासखण्ड स्तर पर निगरानी समिति एक्टिव सर्विलेंस हेतु श्री बसंत बाघ विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बालोद, कु. सीमा सिंह परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, विकास पाटले मुख्य नगर पालिका अधिकारी बालोद, आर.एस.नागरची वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी बालोद,जे.के.गौर अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा बालोद और बी.के.गोटी अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग बालोद दल में शामिल है। ग्राम स्तरीय समिति के सदस्य पटवारी, संबंधित ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (महिला/पुरूष), रोजगार सहायक, सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानीन और कोटवार को बनाया गया है।

गुरूर विकासखण्ड के लिए नोडल अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार पटौदी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गुरूर को बनाया गया हैं। गुरूर विकासखण्ड स्तर पर निगरानी समिति एक्टिव सर्विलेंस हेतु यू.एस.नागवंशी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गुरूर, बी.आर.मंडावी परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, श्री विनय कुमार देवांगन मुख्य नगर पालिका अधिकारी गुरूर, जोहन लाल मंडावी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी गुरूर, एम.एल.भेड़िया अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा गुरूर और ए.एस.नाथ अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग गुरूर दल में शामिल है। ग्राम स्तरीय समिति के सदस्य पटवारी, संबंधित ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (महिला/पुरूष), रोजगार सहायक, सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानीन और कोटवार को बनाया गया है।

गुण्डरदेही विकासखण्ड के लिए नोडल अधिकारी श्री शैलेश भगत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गुण्डरदेही को बनाया गया हैं। गुण्डरदेही विकासखण्ड स्तर पर निगरानी समिति एक्टिव सर्विलेंस हेतु श्री आर.एल.चौहान विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गुण्डरदेही, खलेश्वरी नाग परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, अश्वनी शर्मा मुख्य नगर पालिका अधिकारी गुण्डरदेही, आर.सी.नामदेव वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी गुण्डरदेही, ई.एस.राव अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा गुण्डरदेही और राजेश शर्मा अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग गुण्डरदेही दल में शामिल है। ग्राम स्तरीय समिति के सदस्य पटवारी, संबंधित ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (महिला/पुरूष), रोजगार सहायक, सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानीन और कोटवार को बनाया गया है। डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के लिए नोडल अधिकारी शैलेश भगत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डौण्डीलोहारा को बनाया गया हैं। डौण्डीलोहारा विकासखण्ड स्तर पर निगरानी समिति एक्टिव सर्विलेंस हेतु आर.सी.देशलहरा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डौण्डीलोहारा, जागेश्वर सोरी परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, श्री मनीष गायकवाड़ मुख्य नगर पालिका अधिकारी डौण्डीलोहारा, बी.एल.रात्रे वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी डौण्डीलोहारा, पी.सोमनकर अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा डौण्डीलोहारा और जी.सी. गोटी अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग डौण्डीलोहारा दल में शामिल है। ग्राम स्तरीय समिति के सदस्य पटवारी, संबंधित ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (महिला/पुरूष), रोजगार सहायक, सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानीन और कोटवार को बनाया गया है।

डौण्डी विकासखण्ड के लिए नोडल अधिकारी बी.एस.राज मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत डौण्डी को बनाया गया हैं। डौण्डी विकासखण्ड स्तर पर निगरानी समिति एक्टिव सर्विलेंस हेतु आर.आर.ठाकुर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डौण्डी, दीपा साहू परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, कन्हैया लाल निर्मलकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी डौण्डी, जे.एल.मण्डावी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी डौण्डी, लोकेश भण्डारी अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा डौण्डी और नाथ जे.सी.सी. अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग डौण्डी दल में शामिल है। ग्राम स्तरीय समिति के सदस्य पटवारी, संबंधित ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (महिला/पुरूष), रोजगार सहायक, सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानीन और कोटवार को बनाया गया है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि नोडल अधिकारी निर्धारित प्रपत्र में जानकारी प्राप्त कर प्रतिदिन राज्य सर्विलेंस सेल को जानकारी प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करेंगे। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालोद इस कार्य में सहायता हेतु सहायक नोडल अधिकारी का कार्य करेंगे।

**'धारा 144 के उल्लघन पर पुलिस ने 2 लोगों के विरूद्ध पंजीबद्ध किया मामला' 80 लोगों को अनावश्यक घुमने पर किया एमव्ही एक्ट के तहत कार्यवाही**

# कलेक्टर - एसपी ने निर्देशों की अनदेखी करने वालों पर कार्यवाही के निर्देश

**'वैध पास के जरिए आवश्यक सेवा पर आने-जाने रहेगी छूट 'संक्रमण से बचाव के लिए बाहर से आए व्यक्ति दे सूचना।**

■ 'तयशुदा वक्त के बाद सड़कों पर निकने तो होगी सख्त कार्यवाही।'





पायनियर संवाददाता ➤ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

कोरोना से बचाव व रोकथाम के लिए सूरजपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों का लगातार दौरा कर 'कलेक्टर दीपक सोनी' व 'पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा' ने नागरिकों से धारा 144 का पालन करने एवं बिना काम के घर से न निकलने की अपील कर सहयोग करने का आग्रह किया था। किन्तु आवश्यक जरूरत की वस्तु के क्रय.विक्रय करने के तयशुदा वक्त समाप्त होने के बावजूद भी लोग अनावश्यक रूप से 2 व 4 पहिया वाहन से घुम रहे है। ऐसे लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश 'कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक' ने दिए है।

'लॉकडाउन के दौरान 80 लोगों को अनावश्यक घुमना पड़ा मंहगा, पुलिस की एमव्ही एक्ट की कार्यवाही।'जिले की पुलिस ने लॉग डाउन के दौरान विभिन्न चौक.चौराहे सहित कई मार्गो पर पेट्रोलिंगए नाकाबंदी एवं फिक्स प्वाईन्ट लगा रखा है इन जगहों पर थाना.चौकी की पुलिस ने अनावश्यक रूप से 2 पहिया एवं 4 पहिया वाहन में घुमने वाले 80 लोगों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत् कार्यवाही करते हुए 18 हजार रूपये समन शुल्क लिया है।

'धारा 144 के उल्लघन पर पुलिस ने 2 लोगों के विरूद्ध पंजीबद्ध किया अपराध।'

'प्रशासन व पुलिस' ने जरूरत की दुकाने खुलने व बंद होने का समय निर्धारित कर रखा है। बावजूद इसके लॉक डाउन तथा धारा 144 के उपबंधों का उल्लंघन करने तथा शासन के दिए गए आदेश की अवहेलना करने पर कोतवाली पुलिस ने ग्राम धनेशपुर निवासी माधव सिंह एवं सूरजपुर निवासी शमशाद रिजवी के विरूद्ध धारा 188 भारतीय दण्ड संहिता के तहत् कार्यवाही किया है।

**'वैध पास के जरिए आवश्यक सेवा पर आने.जाने रहेगी छूट'** :- लॉगडाउन के दौरान आवश्यक सेवा के अधीन आने वाले दुकानों, शासकीय वाहनों, पीडीएस के धान परिवहन हेतु संचालित वाहन के संचालन, बैंक व स्वास्थ्य कर्मी व मीडिया के प्रतिनिधियों, कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम में लगे स्वास्थ्य, राजस्व,नगर पालिका,रेल,न्यायालयीन स्टाफ को वैध पास होने पर आवश्यक शासकीय कार्य के सुचारू रूप से संचालन हेतु आने.जाने की छूट प्रदाय की गई है।

**'संक्रमण से बचाव के लिए बाहर से आए व्यक्ति दे सूचना'**:- 'कलेक्टर दीपक सोनी' ने नागरिकों से अपील की है कि नागरिक यदि दिगर राज्य व जिला से आए है और अब तक उन्होंने इसकी जानकारी नहीं दी है तो वे कोरोना के संक्रमण से बचाव व रोकथाम के लिए अपनी जानकारी प्रशासनए पुलिस व स्वास्थ्य अमले को दें ताकि आवश्यक एहतियात बरती जा सके।

**'तयशुदा वक्त के बाद सड़कों पर निकने तो होगी सख्त कार्यवाही'**:- पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा ने नागरिकों से अपील किया है कि केवल आवश्यकता की चीजें क्रय करने बाहर निकलेए जिनता हो सकें घरों पर रहेए प्रशासन के द्वारा जरूरत की दुकाने खुलने व बंद करने के तयशुदा वक्त के बाद सड़कों पर अनावश्यक रूप से घुमने वालों के विरूद्ध पुलिस सख्त कार्यवाही करेगी।

# किराना, सब्जियों, फलों , मास्क दर निर्धारित

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रानू साहू ने आदेश जारी कर कहा है कि कतिपय स्थानों से राशन दुकान, सब्जी, फल तथा मेडिकल प्रतिष्ठानों से सामान्य दर तथा एम.आर.पी. से अधिक दरों पर सामग्री विक्रय की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही है। अतः आदेश के माध्यम से जिला बालोद हेतु किराना दुकान, सब्जियों, फलों तथा सेनेटाईजर एवं मास्क के दर का निर्धारण किया गया है। जिन सामग्रियों का उल्लेख सूची में नहीं है उनका विक्रय एम.आर.पी. से अधिक मूल्य में न किया जाए। अगर कोई दुकानदार, वेन्डर उक्त निर्धारित दर या ऐसे दर पर जिसका उल्लेख इस सूची पर नहीं है, सामान्य से अधिक दर पर सामग्री विक्रय करता है, उनके दुकान को तत्काल सीलबंद करते हुए सामग्री जप्ती की कार्यवाही की जाएगी, साथ ही संबंधित थाने में प्रतिष्ठान के प्रमुख के विरूद्ध प्राथमिकी सूचना दर्ज किया जाएगा। दर पता करने हेतु शहरी क्षेत्र में कार्यालय मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कार्यालय में दैनिक दर की सूची उपलब्ध रहेगी। कलेक्टर ने कहा है कि नगर पालिका, नगर पंचायत एवं जनपद पंचायत कार्यालयों से दर की सूची प्राप्त कर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालोद प्रतिदिन शाम सात बजे उन्हें रिपोर्टिंग करेंगे।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि व्यापार संगठनों जैसेः- फुटकर किराना संघ, सब्जी, फल विक्रेताओं आदि से वार्ता कर उक्त पैकेजिंग हेतु राशि निर्धारित की गई है। संकलित प्रतिष्ठान स्वामी उपभोक्ताओं से इससे अधिक मूल्य नहीं लेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। आदेश उल्लंघन करने वाले प्रतिष्ठान स्वामी के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की सुसंगत धाराओं के तहत विधिक कार्यवाही की जाएगी। होम डिलीवरी के वाहन पास हेतु निम्नलिखित मोबाईल नम्बर पर संपर्क कर सकते हैः- कंट्रोल रूम नम्बर - 07749-223950, बालोद अनुभाग हेतु - मोबाईल नम्बर 7805928971 (अनुविभागीय दण्डाधिकारी बालोद), गुण्डरदेही अनुभाग हेतु - मोबाईल नम्बर 8839846753 (अनुविभागीय दण्डाधिकारी गुण्डरदेही ) और डौण्डीलोहारा अनुभाग हेतु - मोबाईल नम्बर 9425281258 (अनुविभागीय दण्डाधिकारी डौण्डीलोहारा) उपरोक्त नम्बरों पर वाट्सएप्प कर अपने वाहन के प्रमाणित पेपर भी भेज सकते हैं। कोरोना वायरस के रोकथाम हेतु भीड़ से बचाव के तहत वाट्सएप्प द्वारा उक्त नम्बरों से भेजा गया पास भी मान्य होगा।

जिले के विभिन्न तहसीलों की किराना, दैनिक उपयोग की वस्तुओं, सब्जी, फलों की सूची संकलित की गई है। संकलित सूची के दुकानदारों, विक्रेताओं को आदेशित किया गया है कि जनसामान्य हेतु निम्नानुसार रेट लिस्ट अनुसार सामग्रियों की पैकेजिंग करते हुए होम डिलीवरी सुनिश्चित करेंगेः- गेहूँ प्रति किलोग्राम 28 रूपए, चॉवल प्रति किलोग्राम 29 रूपए, राहर दाल प्रति किलोग्राम 110 रूपए, मूंग दल प्रति किलोग्राम 115 रूपए, उड़द दाल प्रति किलोग्राम 105 रूपए, मसूर दाल प्रति किलोग्राम 90 रूपए, सरसों तेल प्रति लीटर 130 रूपए, शक्कर प्रति किलोग्राम 45 रूपए, चायपत्ती प्रति किलोग्राम 240 रूपए, गुड़ प्रति किलोग्राम 47 रूपए, फूटा चना प्रति किलोग्राम 100 रूपए, दूध प्रति लीटर 40 रूपए, गेहूँ आटा प्रति किलोग्राम 40 रूपए, पीसी मिर्च प्रति किलोग्राम 180 रूपए, पीसी हल्दी प्रति किलोग्राम 140 रूपए, पीसी धनिया प्रति किलोग्राम 140 रूपए, नमक प्रति किलोग्राम 20 रूपए, आलू प्रति किलोग्राम 25 रूपए, प्याज प्रति किलोग्राम 35 रूपए, कोलगेट पाउडर 200 ग्राम 70 रूपए, फिनाईल प्रति लीटर 80 रूपए, सब्जी मसाला प्रति छोटा पैकेट 20 रूपए, रिफाइंड तेल प्रति लीटर 110 रूपए निर्धारित किया गया है।

# परिवहन वाहनों को लाने, ले जाने से नहीं रोकने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रानू साहू ने आदेश जारी कहा है कि कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम हेतु जिले में धारा - 144 दण्ड प्रक्रिया संहिता के अधीन जिले में पूर्ण रूप से लॉकडाउन घोषित किया गया है। उक्त के क्रम में घरेलू उपयोग की सामग्रियों यथा गेहूँ, चावल, आटा, बेसन, मैदा, दाल, तेल, घी, डालडा, रिफ इन्ड ऑयल, साबुन, टूथपेस्ट, आलू, समस्त प्रकार की सब्जियाँ व समस्त प्रकार के फ ल, दूध तथा समस्त प्रकार के पेट्रोलियम पदार्थ, एल.पी.जी., पशुओं के चारा से संबंधित पशु आहार, भूसा, चिकित्सकीय उपकरणों (सामग्रियों), दवाओं से संबंधित इनकी गाड़ियों को जिला के भीतर लाने, ले जाने हेतु प्रतिबंध, निषेधाज्ञा से पूर्णतया मुक्त किया गया है। साथ ही आपातकालीन वाहन, टेलीफोन, बीमा कम्पनी, बैंक, एटीएम के वाहन, विद्युत विभाग के वाहन तथा समाचार पत्रों, मीडिया संस्थानों के वाहन भी निषेधाज्ञा से मुक्त रहेंगे। सुनिश्चित किया जाए कि इस प्रकार के मालवाहक वाहनों के परिचालन में लॉकडाउन के दृष्टिगत कोई कठिनाई न होने पाए। उन्होंने आदेशित किया है कि उपरोक्त सामानों का परिवहन करने वाले किसी भी वाहन को जिला के भीतर लाने, ले जाने से ना रोका जाए। उपरोक्त आदेश का तत्कालिक रूप से कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

# नियंत्रण कक्ष में अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने आदेश जारी कर कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण के रोकथाम एवं बचाव हेतु जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष में अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की है। नियंत्रण कक्ष में तीन पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की है। प्रथम पाली प्रातः 06.00 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगी। प्रथम पाली में रोहित कुमार फार्मसिस्ट जिला चिकित्सालय बालोद, पुरूषोत्तम वशिष्ठ सहायक ग्रेड-तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ज.सांकरा, श्री मुकेश कुमार पटेल सहायक ग्रेड-तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुरेगॉव और नन्द कुमार कतलाम भृत्य कार्यालय लोक निर्माण विभाग बालोद की ड्यूटी लगाई गई है। द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक होगी। द्वितीय पाली में चन्दन कुमार फार्मसिस्ट जिला चिकित्सालय बालोद, जसवंत कुमार साहू सहायक ग्रेड-तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुरदी, श्री विवेक कुमार देवांगन सहायक ग्रेड-तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अरमरीकला और व्यास नारायण ठाकुर भृत्य कार्यालय लोक निर्माण विभाग बालोद की ड्यूटी लगाई गई है।



तृतीय पाली रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक होगी। तृतीय पाली में प्रशांत कुमार फार्मसिस्ट जिला चिकित्सालय बालोद, टिकेश्वर बख्शी सहायक ग्रेड-तीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुरूर, नेमन लाल बेलचंदन सहायक ग्रेड-तीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र देवरी और बालमुकुन्द भृत्य कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी की ड्यूटी लगाई गई है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07749-223950 है। नियंत्रण कक्ष के नोडल अधिकारी श्री सुनील नामदेव (मोबाईल नम्बर 9981508885) कार्यपालन अभियंता प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना व सहायक नोडल अधिकारी सुश्री भूमिका वर्मा (मो नम्बर 9981605865) जिला कार्यक्रम प्रबंधक जिला चिकित्सालय बालोद तथा नियंत्रण कक्ष के प्रभारी अधिकारी श्री भूपेन्द्र कुमार अग्रवाल (मोबाईल नम्बर 9691261772) डिप्टी कलेक्टर को नियुक्त किया गया है। नियंत्रण कक्ष में कर्मचारी ड्यूटी के दौरान संबंधित जानकारी एवं सूचना प्राप्त होने पर संबंधित पंजी में दर्ज करेंगे तथा सूचना तत्काल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व नियंत्रण कक्ष प्रभारी को देंगे।

नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नम्बर से प्रतिदिन जिले के सभी तहसीलों, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, थाना प्रभारी को फोन लगाकर जानकारी प्राप्त करेंगे। ड्यूटी अवधि समाप्त होने पर दूसरे पहर के कर्मचारी को पंजी में कार्यप्रभार सौंप कर ही कक्ष छोड़ेंगे।

# कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रानू साहू ने कोरोना वायरस के संक्रमण एवं जिले में लॉकडाउन की स्थिति के कारण उद्यानिकी कृषकों को हो रही परेशानी को ध्यान में रखते हुए आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार बालोद जिले के उद्यानिकी कृषक (विशेष तौर से सब्जी एवं मसाला वाली फसलों के कृषक) अपने खेत, प्रक्षेत्र में मजदूरों एवं दैनिक दर पर कार्य करने वाले श्रमिकों से कोरोना वायरस की रोकथाम हेतु छत्तीसगढ़ शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मंत्रालय नवा रायपुर एवं इस कार्यालय द्वारा जारी की गई एडवायजरी एवं गाईड लाईन का पालन करते हुए कार्य करा सकेंगे। श्रमिकों, मजदूरों के लिए मास्क, सेनेटाईजर अथवा साबुन की व्यवस्था खेत, प्रक्षेत्र मालिक को करनी होगी साथ ही कार्यरत मजदूर, श्रमिक भीड़ में एकत्र होकर कार्य न करते हुए एक मीटर की दूरी का अंतर बनाए रखेंगे।

सब्जी, मसाला एवं अन्य उद्यानिकी फसलों के उत्पादन बालोद जिले के भीतर एवं अंदर विक्रय हेतु ले जाने की अनुमति एडवायजरी एवं गाइड लाइन के निर्देशों का पालन करते हुए संबंधित उद्यानिकी उत्पादक को प्रदान की गई है।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु 19 अप्रैल को होगी परीक्षा

**जशपुरनगर।** नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव/सावधानी को ध्यान में रखते हुए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में वर्ष 2020.21 में कक्षा 6 वीं के लिए प्रवेश परीक्षा की तिथि में संशोधन किया गया है। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार एकलव्य आवासीय विद्यालय के कक्षा 6 वीं की प्रवेश परीक्षा 29 मार्च को आयोजित किया जाना था। जिसमें संशोधन कर परीक्षा तिथि 19 अप्रैल कर दिया गया है। यह परीक्षा 19 अप्रैल को प्रातः10.30 बजे से 12.30 बजे तक निर्धारित की गई है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**
नगर पालिक निगम, नवीन मुख्यालय भवन, गांधी चौक, रायपुर के पास, फोन नं. 0771-2535780, फैक्स : 0771-2227395, ई-मेल-dc_rmc@rediffmail.com
**-: इश्तिहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**
नामांतरण प्र.क्र. 435/2019-20
वार्ड का नाम-वीर सावरकर नगर वार्ड क्र.-1
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **वीर सावरकर नगर वार्ड क्र.-1** वार्ड स्थित भवन / भूमि **जनता-1533** जो कि निगम अभिलेख में **श्रीमती रश्मि अग्रवाल W/o सुनील अग्रवाल** के नाम से दर्ज है जिसको **श्रीमती उमेश्वरी वर्मा W/o गोविंद वर्मा** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
मुहर
**जोन आयुक्त**
**जोन क्र.-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**
नगर पालिक निगम, नवीन मुख्यालय भवन, गांधी चौक, रायपुर के पास, फोन नं. 0771-2535780, फैक्स : 0771-2227395, ई-मेल-dc_rmc@rediffmail.com
**-: इश्तिहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**
नामांतरण प्र.क्र. 436/2019-20
वार्ड का नाम-वीर सावरकर नगर वार्ड क्र.-1
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **वीर सावरकर नगर वार्ड क्र.-1** वार्ड स्थित भवन / भूमि **A-407** जो कि निगम अभिलेख में **अविनाश डेव. प्रा. लि. डाय. मुकेश सिंघानिया** के नाम से दर्ज है जिसको **श्रीमती प्रीति अग्रवाल W/o पवन कुमार** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
मुहर
**जोन आयुक्त**
**जोन क्र.-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**
नगर पालिक निगम, नवीन मुख्यालय भवन, गांधी चौक, रायपुर के पास, फोन नं. 0771-2535780, फैक्स : 0771-2227395, ई-मेल-dc_rmc@rediffmail.com
**-: इश्तिहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**
नामांतरण प्र.क्र. 437/2019-20
वार्ड का नाम-वीर सावरकर नगर वार्ड क्र.-1
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **वीर सावरकर नगर वार्ड क्र.-1** वार्ड स्थित भवन / भूमि **LIG-1863** जो कि निगम अभिलेख में **श्री कृष्ण कुमार वर्मा S/o चिंताराम वर्मा** के नाम से दर्ज है जिसको **श्री भुरवन पंडित S/o डूगन पंडित** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
मुहर
**जोन आयुक्त**
**जोन क्र.-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**
नगर पालिक निगम, नवीन मुख्यालय भवन, गांधी चौक, रायपुर के पास, फोन नं. 0771-2535780, फैक्स : 0771-2227395, ई-मेल-dc_rmc@rediffmail.com
**-: इश्तिहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**
नामांतरण प्र.क्र. 438/2019-20
वार्ड का नाम-सरदार व. भाई पटेल-18
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **सरदार व. भाई पटेल वार्ड क्र.-18** वार्ड स्थित भवन / भूमि **RPR 818 BO 252(A)** जो कि निगम अभिलेख में **श्री दीपक कुमार सिंह जी S/o सुंदर दास** के नाम से दर्ज है जिसको **श्री/श्रीमती टेकचंद हरिरमानी आत्मज केराराम** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
मुहर
**जोन आयुक्त**
**जोन क्र.-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**
नगर पालिक निगम, नवीन मुख्यालय भवन, गांधी चौक, रायपुर के पास, फोन नं. 0771-2535780, फैक्स : 0771-2227395, ई-मेल-dc_rmc@rediffmail.com
**-: इश्तिहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**
नामांतरण प्र.क्र. 432/2019-20
वार्ड का नाम-पं. ईश्वरी चरण क्र.-14
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **पं. ईश्वरी चरण क्र.-14** वार्ड स्थित भवन / भूमि **14/HO.NO. 75 अरिहंत नगर** जो कि निगम अभिलेख में **श्रीमती मंजु अग्रवाल W/o यशवंत अग्रवाल** के नाम से दर्ज है जिसको **श्री/श्रीमती गिरधर लाल बिजौरा S/o रऊवा राम** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
मुहर
**जोन आयुक्त**
**जोन क्र.-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**
नगर पालिक निगम, नवीन मुख्यालय भवन, गांधी चौक, रायपुर के पास, फोन नं. 0771-2535780, फैक्स : 0771-2227395, ई-मेल-dc_rmc@rediffmail.com
**-: इश्तिहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**
नामांतरण प्र.क्र. 433/2019-20
वार्ड का नाम-पं. ईश्वरी चरण शुक्ल क्र.-14
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **पं. ईश्वरी चरण शुक्ल क्र.-14** वार्ड स्थित भवन / भूमि **14/Block E Flat No. - 603 जैनम** जो कि निगम अभिलेख में **श्रीमती पुष्पा रामपुरियन W/o त्रिलोक चंद रामपुरियन** के नाम से दर्ज है जिसको **श्री कुणाल धवन S/o विनोद, श्रीमति कोमल W/o कुणाल, श्री सौरभ गोयल S/o सुभाष** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
मुहर
**जोन आयुक्त**
**जोन क्र.-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**
नगर पालिक निगम, नवीन मुख्यालय भवन, गांधी चौक, रायपुर के पास, फोन नं. 0771-2535780, फैक्स : 0771-2227395, ई-मेल-dc_rmc@rediffmail.com
**-: इश्तिहार/ आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**
नामांतरण प्र.क्र. 434/2019-20
वार्ड का नाम-वीर सावरकर नगर वार्ड क्र.-1
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **वीर सावरकर नगर वार्ड क्र.-1** वार्ड स्थित भवन / भूमि **C-303** जो कि निगम अभिलेख में **अविनाश डेव. प्रा. लि. डायरे. आनंद सिंघानिया** के नाम से दर्ज है जिसको **श्री मुरली मनोहर खंडेलवाल S/o रघुनाथ दास** ने रजिस्ट्री / लिखित द्वारा वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
मुहर
**जोन आयुक्त**
**जोन क्र.-8**
**नगर पालिक निगम, रायपुर**

संपादकीय


## देशव्यापी लॉकडाउन, आर्थिक नतीजों से निपटने की चुनौती

**ईमानदारी** से कहा जाए तो वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रेस सम्मेलन में किसी राहत पैकेज की घोषणा नहीं की, जबकि कोविड-19 वैश्विक महामारी के विस्तार को देखते हुए इसकी आवश्यकता थी। केवल टैक्स मुद्दों से निपटने का समय बढ़ाया गया। असंदिग्ध रूप से और बहुत कुछ जरूरी था। इन रियायतों में ब्याज जुर्माने में कमी के साथ ही कुछ योजनाओं का विस्तार भी शामिल होना चाहिए था। यह भी तथ्य है कि अगले तीन महीनों में बैंकों में डेबिट कार्ड पर न्यूनतम बैलेंस न होने की घोषणा की गई जो स्वागत योग्य है। लेकिन देश और नागरिक ज्यादा की उम्मीद कर रहे थे। वे राहत पैकेज चाहते थे। बड़े निगमों के साथ ही दैनिक वेतनभोगी तक उम्मीद कर रहे थे कि सरकार कोविड के आर्थिक प्रभावों से निपटने के लिए कुछ उपायों की घोषणा करेगी। इसमें एक प्रकार का राहत पैकेज, कुछ आंकड़े व कुछ तरलता उपायों की आशा थी। आरबीआई ने पहले ही वित्त वर्ष का विस्तार 30 जून तक कर दिया है। निश्चित रूप से इससे दीवालिया कानून के कुछ प्राविधान निष्प्रभावी हो जाएंगे। सरकार ने युनाईटेड पेमेंट इंटरफेस-यूपीआई जैसा कदम उठाया है, पर जनता से यह आह्वान करना भी जरूरी था कि वह बैंकों को न जाए। पूर्णतः स्पष्ट होता जा रहा है कि भारत में वूहान से पैदा महामारी 31 मार्च को समाप्त नहीं होगी। दुनिया के सबसे बड़े लाकडाउन की सफलता से पता चलेगा कि इस बीमारी का विस्तार कितना धीमा हुआ। महामारी से निपटना जरूरी है, लेकिन सरकार की आर्थिक नीतियों की आलोचना भी हो रही है। अर्थव्यवस्था पहले ही सुस्ती का शिकार थी। बीमारी फैलने के बाद इसमें और गिरावट की आशंका है। 'आक्सफोर्ड इकोनोमिक्स' ने जनवरी-अप्रैल में भारतीय अर्थव्यवस्था की 3 प्रतिशत वृद्धि दर का अनुमान लगाया है जो अभूतपूर्व वैश्विक वित्तीय संकट के समय भी नहीं था। पहली बार रुपया गिर कर प्रति डालर 76 रुपये तक पहुंचा है। विदेशी निवेशकों ने अभूतपूर्व गति से भारतीय शेयर बेचना शुरू कर दिए हैं। आशंका है कि किसी न किसी रूप में लाकडाउन अप्रैल मध्य तक जारी रहेगा। भारत द्वारा बिजनेस, ट्रेन व विमान यात्रा खोलने तथा जनजीवन सामान्य होने में कई सप्ताह लगेंगे। इस वर्ष के मध्य तक कुछ अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक उड़ानें चलने लगेंगी और तब तक पश्चिमी यूरोप व अमेरिका में बीमारी कमजोर पड़ जाएगी। इससे विदेशों में रहने वाले भारतीयों तथा देश में उनके परिवारों को काफी तकलीफहोगी। विडंबना है कि इस बीच कई बच्चों के अपने माता या पिता के अंतिम संस्कार में भाग न ले सकने की दुःखद खबरें सामने आ सकती हैं।

स्पष्ट है कि विस्तारित लाकडाउन का अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक झटका लगेगा। कुछ राज्य सरकारों ने दैनिक श्रमिकों को मुफ्त राशन तथा सीमित वित्तीय सहायता की घोषणा की है, पर शहरी केन्द्रों में भारत के आंतरिक विस्थापित बेघरबार हैं। बिहार व झारखंड वापस चले गए इन करोड़ों गरीबों तक पहुंच बहुत मुश्किल होगी। सरकारें उनको कितने पैसे दे सकती हैं? यह पैसा कहां खर्च किया जाएगा? क्या भारत भारतीय अर्थव्यवस्था के अनेक क्षेत्रों के बचे रहने के लिए पैसा खर्च करने में सक्षम होगा जिनमें उड्डयन व पर्यटन सबसे ऊपर हैं? नरेन्द्र मोदी सरकार के लिए यह काम आसान नहीं होगा। किस्मत ने तय किया है कि वे इस संकट के समय हमारे प्रधानमंत्री हैं। इस संकट के निपटने से न केवल अगले कुछ वर्ष, बल्कि अगले तीन दशक तक तय होगा कि जनता उनको किस तरह देखेगी।

# भारत-चीन के बीच संतुलन कैसे बनाए नेपाल

### नेपाल के लिए भारत और चीन के बीच संतुलन बनाना बहुत चुनौतीपूर्ण है। इसी प्रकार उससे अमेरिका व बीजिंग के बीच कठिन संतुलन बनाने की उम्मीद की जाती है। भारत को चीन द्वारा छोड़े स्पेस पर कब्जे का प्रयास करना होगा।



**अशोक के मेहता**
लेखक सेवानिवृत्त मेजर जनरल हैं )



मैं हर साल दो बार नेपाल जाता हूं, एक बार होली के समय और दूसरी बार दशहरा के बाद आने वाले तिहार, यानी नेपाली भैया दूज के समय। आमतौर से मैं काठमांडू की उड़ान भरता हूं, वहां दो या तीन दिन बिताता हूं, फिर दो सप्ताह की ट्रैकिंग के लिए पोखरा जाता हूं और वापस लौट आता हूं। इस बार होली के पहले काठमांडू का मौसम खराब था, ठंडक थी और बरसात हो रही थी। इसके साथ ही कोरोना का भय भी था। हालांकि, काठमांडू में केवल एक संक्रमित मिला था और आज भी वही स्थिति है। इसी सप्ताह नेपाल ने 31 मार्च तक संपूर्ण लाकडाउन की घोषणा की। उसकी 30 मिलियन जनसंख्या का लगभग एक तिहाई हिस्सा विदेश में काम करता है जिनमें मुख्यतः मध्यपूर्व, दक्षिणपूर्व एशिया व भारत शामिल हैं। उनकी कमाई नेपाल के 35 मिलियन डालर के सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी का एक तिहाई है।

कचरे व प्रदूषण के कारण काठमांडू व अन्य स्थानों पर बहुत से नेपाली साल भर मास्क लगाते हैं। त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सब कुछ सामान्य लग रहा था, हालांकि टेम्पेरचर गन से लोगों का तामपान देखा जा रहा था। नेपाल ने फिलहाल जलवायु परिवर्तन पर तीन-दिवसीय सम्मेलन 'सागरमाथा संवाद' रद्द कर दिया है और विदेश मंत्री प्रदीप ग्यावली ने कहा है कि अब यह अक्टूबर में होगा। उन्होंने यह भी कहा कि वे भारत-नेपाल संबंधों से संतुष्ट हैं क्योंकि जल्द ही कालापानी पर विदेश सचिव स्तरीय वार्ता शुरू होने वाली है तथ इस बारे में प्रमुख लोगों के समूह-ईपीजी की रिपोर्ट आने वाली है।

शनिवार, 6 मार्च को छुट्टी वाले दिन नेपाल के इंस्टीट्यूट फार इंटरनेशनल कोआपरेशन एंड इन्गेजमेंट में मेरे भाषण में काफी लोग मौजूद थे। इसके पहले कोरोनावाइरस व विश्व अर्थव्यवस्था पर प्रस्तुतीकरण हुआ था। मेरे भाषण का विषय था- 'इंडिया-नेपाल रिलेशन्सः माइंड द गैप-व्हेयर चाइना फिट्स इन'। राजधानी के प्रमुख अंग्रेजी अखबार काठमांडू पोस्ट ने हाल ही में चीनी दूतावास द्वारा पूर्व अमेरिकी राजदूत द्वारा कोरोनावाइरस पर प्रायोजित एक स्तंभ की घोर आलोचना पर गुस्सा प्रकट किया। इस स्तंभ में चीन की आलोचना की गई थी। हालांकि, नेपाली मीडिया ने अपने कामकाज में इस घुसपैठ की कठोर निन्दा की है, पर प्रधानमंत्री केपी ओली के नेतृत्व वाली सरकार ने इस पर एक शब्द नहीं कहा है।

राजशाही के दौरान चीनी कहते थे कि वे नेपाल सरकार के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करते हैं। लेकिन अब यह अतीत की बात हो गई है। नेपाली संविधान द्वारा गारंटी की गई स्वतंत्रताओं पर चीनी हमले पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया न आना आश्चर्यजनक नहीं था। भारत द्वारा हुए ऐसे किसी प्रयास का मीडिया व नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा भारी विरोध किया जाता जिसे चीन-समर्थक माना जाता है। क्लाइव हैमिल्टन की 'साइलेंट इन्वेज़नः चाइनाज़ इन्फ्लूएंस इन आस्ट्रेलिया' तथा जोनाथन मैंथ्राप की 'क्लाज़ आफ पांडाः बीजिंग्स कैंपेन आफ इन्फ्लूएंस एंड इंटीमिडेशन इन कनाडा' पुस्तकों में चीन की वैश्विक पहुंच तथा उसकी बेशर्म घुसपैठ का वर्णन किया गया है।

बाकी दुनिया की तरह नेपाल में भी राजनीति को तगड़ा झटका लगा है। इसका कारण ओली का स्वास्थ्य व कोरोनावाइरस का प्रसार है। ओली के दूसरी बार किडनी ट्रांसप्लांट के बाद के बाद चर्चा का मुख्य विषय उनका राजनीतिक पुनर्जीवन था। जब तक उनका स्वास्थ्य इतना खराब नहीं होता कि उनको कामकाज से अलग कर दे, तब तक वे रिमोट कंट्रोल से देश चलाते रहेंगे। सौभाग्य से कोरोनावाइरस महामारी पर फिलहाल नियंत्रण है और पूरे नेपाल में जीवन बिना किसी भय या आशंका के चल रहा है।

मैं होली के एक दिन पहले एयर बुद्धा के विमान से पोखरा पहुंचा जिसमें केवल 25 मिनट लगे। नेपाली कांग्रेस के बुद्धिमान गुरुंग की एकमात्र बीएमडब्लू मुझे पोखरा के 15 किलोमीटर पूरब में स्थित लामियाहल ले गई। यहां 6,000 फीट की ऊंचाई पर स्थित आनफू गांव के नवनिर्मित मानीथान मंदिर में होली मनाई गई। यहां भेल, यानी मुर्गो या बोका, यानी बकरों की इतनी अधिक बलि दी जाती है कि पहाड़ी का भूरा शिखर लाल हो जाता है। पुजारी पहले भेल व बोका को बलि के लिए मनाता है फिर खुखरी से उसका सिर धड़ से अलग कर देता है। इसके साथ ही सूखे रंग उड़ाए जाते हैं, स्थानीय लोग नाचते व मदिरा पीते हैं तथा आदिवासी गुरुंग अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन करते हैं। लामेहाल से एक झूलते पुल से सेती नदी पार करने के बाद लगभग दो घंटे चढ़ाई के बाद आनफू चोटी आती है जहां रोज ट्रैकिंग की जाती है।

हालांकि, 2023 में होने वाले अगले चुनाव में ओली नीत नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी-एनसीपी सरकार में परिवर्तन की संभावना नहीं है, पर परोक्ष रूप से ओली व पार्टी अध्यक्ष पुष्प कमल दहल प्रचंड में सत्ता संघर्ष जारी है और यह चर्चा का विषय है। ओली के खराब स्वास्थ्य को देखते हुए प्रचंड अपनी रणनीति सावधानी से बना रहे हैं ताकि जल्दी ही काठमांडू में सत्ता संरचना बदल जाए। इस समीकरण में पूर्व नेपाली प्रधानमंत्री माधव कुमार नेपाल को प्रधानमंत्री तथा झालानाथ खनल को राष्ट्रपति बनाया जा सकता है, जबकि प्रचंड पार्टी के अविवादित अध्यक्ष बने रहेंगे। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की तरह नेपाल में विपक्षी नेपाली कांग्रेस का पतन हो रहा है। नेपाली कांग्रेस-एनसी तीन टुकड़ों में बंट गई थी जिनके नेता एसबी देउबा, आरसी पोडियाल व केपी सितौलिया थे। इसके दो और गुट हैं जो कोईराला की विरासत का दावा करने वाले तथा गणेश मान सिंह के समूह हैं। नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी तथा नेपाली कांग्रेस के पहले व चौदहवें सम्मेलन 2021 में होने हैं।

नेपाली कांग्रेस में देउबा सर्वोच्च नेता हैं, जबकि अन्य पार्टियों ने गुटबाजी से बचने के लिए सामूहिक नेतृत्व का रास्ता अपनाया है। उदाहरण के लिए, हाल ही में विलय के बाद बनी व राजशाही समर्थक राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी में तीन अध्यक्ष हैं। राष्ट्रीय जनता पार्टी-आरजेपी में महंत ठाकुर के नेतृत्व में 6 सदस्यों का अध्यक्ष मंडल है। समाजवादी पार्टी-एसपी में तीन नेता-पूर्व प्रधानमंत्री बाबूराम भट्टराई, उपेंद्र यादव व अशोक राय हैं। आरजेपी और एसपी संयुक्त रूप से प्रांत संख्या 2 में सत्तारूढ़ हैं और वे एकीकरण वार्ता के बाद विलय का प्रयास कर रही हैं। वे ओली सरकार पर दबाव डाल रही हैं कि संविधान में संशोधन कर मधेशियों, जनजातियों व हाशियाकृत समुदायों के मुद्दों को संबोधित किया जाए।

दो साल से विपक्षी पार्टियां शिकायत कर रही हैं कि सत्तारूढ़ नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी-एनसीपी में घोटालों की भरमार है। इनमें सोना घोटाला, चौड़े पेटों वाला विमान घोटाला, एनसेल घोटाला तथा ओली के निकट सहयोगी बांसकोटा द्वारा किए घोटाले शामिल हैं। एनसीपी में कुशासन व्याप्त है और वह किसी वैकल्पिक रास्ते का सुझाव नहीं दे रही है। चीन यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा कि एनसीपी एकजुट रहे तथा सरकार न गिरे, भारत किसी के पक्ष में या सरकार परिवर्तन के पक्ष में खड़ा नहीं दिखना चाहता है। नेपाल सरकार अमेरिका प्रायोजित मिलीनियम चैलेंज कार्पोरेशन-एमसीसी व हिंद प्रशांत जैसे मामलों पर विचार कर रही है जिसे चीन के बेल्ट एंड रोड इनीशियेटिव-बीआरआई का जवाब तथा उसे सीमित करने वाला माना जाता है। नेपाल के लिए भारत और चीन के बीच संतुलन बनाने की चुनौती काफी कठोर है। इसके साथ ही वह अमेरिका और चीन के बीच संतुलन बनाने के प्रयास में जैसे तलवार की धार पर चल रहा है।

भारत के लिए, चीन द्वारा खोए स्पेस पर कब्जा करना एक दीर्घकालीन लक्ष्य हो सकता है। इस बीच वह 2015 की नाकेबंदी के बाद अपनी खराब हुई छवि सुधारने का प्रयास कर सकता है जिसके कारण भारत-विरोधी भावनायें भड़की थीं तथा चीन को बढ़ावा मिला था। भारत ने यह काम सक्षम व उत्साही राजदूत विनय क्वात्रा को सौंपा है। 18 मार्च को नई दिल्ली वापस लौटने के लिए मैं पोखरा हवाईअड्डे पहुंचा। मेरे एक नेपाली मित्र ने मुझे एक प्रस्ताव किया, 'मेहता जी आप कोरोनावाइरस संक्रमण समाप्त होने ते लामेहाल में क्यों नहीं रुक जाते हैं?' नोयडा लौटने पर मैं राम विहार तक सीमित होकर रह गया हूं, जबकि नेपाल में आनफू पहाड़ी पर चढ़ते हुए मैं ताजी हिमालयी हवा का रोज आनन्द लेता था।

# शिक्षा के लिए संचार प्रौद्योगिकी का प्रयोग जरूरी

> "सभी घरों को संचार तकनीक के माध्यम से विद्या अध्ययन के केंद्रों में रूपांतरित करना संभव है। लेकिन हम इसके लिए तैयार ही नहीं हैं।"

**सी बी शर्मा**
(लेखक राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय संस्थान के अध्यक्ष हैं)



आपदाओं के समय स्वास्थ्य और शिक्षा सभी परिवारों व सरकारों के लिए चिंता के मुख्य विषय होते हैं। जो सरकारें कठिन समय के दौरान अपने देश का नेतृत्व करने के लिए विचार एवं नियोजन करती हैं वे निश्चित रूप से किसी भी त्रासदी से बच जाते हैं। कोरोनावायरस से फैली वैश्विक महामारी के कारण विश्व एक भीषण संकट से गुजर रहा है। अस्पताल मरीजों से भरे हुए हैं और विद्यालय बंद हैं। यह समय दोष निकालने का नहीं लेकिन निश्चय हीयह इस बात का परीक्षण करने का अवसर है कि भारत इस स्थिति के लिए कितना तैयार है। और अब हमें क्या करना चाहिए जिससे कि यह संकट समाप्त होने के बाद भविष्य में फिर कभी ऐसी स्थिति आने पर देश उसके लिए तैयार रहे।

संकट के दौरान पेशेवरों और विशेषज्ञों का अभाव है। फिलहाल, स्वास्थ्यरक्षा पेशेवरों की संख्या कम है और शिक्षकों की भी, क्योंकि बच्चे स्कूल नहीं जा सकते और शिक्षक विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए घरों में नहीं जा सकते। चिकित्सा सुविधाओं के मामले में, हम विद्यालय भवनों को अस्पतालों में बदल सकते हैं लेकिन हम प्रत्येक घर-परिवार को कक्षा में कैसे तब्दील कर सकते हैं? किसी भी तरह हम शिक्षकों की संख्या कई गुना नहीं कर सकते और द्वार पर शिक्षा सुविधाएं नहीं ला सकते। मगर सभी परिवारों को आधुनिक संचार प्रौद्योगिकी के प्रयोग के द्वारा विद्या अध्ययन के केंद्रों में तब्दील कर सकते हैं। शुक्र है कि हम इलेक्ट्रानिक संचार व्यवस्था बनाए रखने में सक्षम हैं और इसका इस्तेमाल सभी घरों को अकादमिक पाठ पढ़ने के लिए किया जा सकता है। अब समय आ गया है कि इस दिशा में हमारे द्वारा की गई पहलकदमियों का पुनरीक्षण किया जाए।

2002 में, अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के दौरान, निर्णय लिया गया था कि हमें शिक्षा की जरूरतों के मद्देनजर एक उपग्रह प्रक्षेपित करने की आवश्यकता है क्योंकि स्कूलों, शिक्षकों एवं संबंधित सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। परिणामतः सितम्बर 2004 में, हमने एडुसैट के नाम से एक शैक्षणिक उपग्रह का प्रक्षेपण किया था। इस उपग्रह पर खर्च बहुत भीषण था और किसी उपग्रह को केवल शिक्षा के लिए समर्पित करने का निर्णय आसान नहीं है। लेकिन भारत को निश्चित रूप से ऐसा करने की आवश्यकता थी क्योंकि बड़ी संख्या में विद्यार्थी, जो देश के विभिन्न हिस्सों स्थापित संस्थाओं में अच्छे शिक्षकों के अभाव को देखते हुए, इसका लाभ उठा सकते हैं। उपग्रह का जीवनकाल सात वर्ष था लेकिन वह 2010 में निष्क्रिय हो गया और हम उसकी क्षमता का दस प्रतिशत उपयोग भी नहीं कर पाए।

2015 में, पुनः, तत्कालीन मानव संसाधन विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने दो पहलें कीं। एक थी व्यापक ओपेन आनलाइन पाठ्यक्रम मंच का आगाज़ जिसे एसडब्लूएवाईएम- स्वयं, के नाम से जाना जाता है और दूसरी बकेट आफ डायरेक्ट टू होम चैनलों की शुरुआत की गई जिसे स्वयं प्रभा के नाम से जाना जाता हहै। दोनों ही मंच विद्यालय पूर्व से डाक्टोरल अध्ययनों तक सामग्री कवर करते हैं। किसी भी अन्य देश के अन्य किसी मंच की तुलना में इन दोनों में सहभागिता की मात्रा ज्यादा है लेकिन फिर भी वर्तमान संकट के दौर में ये अपेक्षानुरूप अंतराल को पाटने में सक्षम नहीं हैं। एक बड़ी संख्या में माध्यमिक स्कूलों के छात्र चैनल नंबर 27, पाणिनि देखते रहे हैं और उच्चर माध्यमिक छात्र चैनल नंबर 28, स्वयं प्रभा डीटीएच चैनलों को देख रहे हैं। हालांकि, विद्यार्थियों की संख्या की तुलना में, जो घरों में सीमित हैं, दर्शकों की संख्या बहुत कम है। प्रसारण के साथ एक सजीव प्रश्नोत्तर सत्र भी चलाए जाते हैं जहां शिक्षक छात्रों की जिज्ञासाओं का उत्तर देते हैं जब वे टोल फ्री नंबरों पर काल करते हैं।

यह एक नेता की दूरदर्शिता थी और यदि हमने अपने प्रयासों से इसे आगे बढ़ाया होता तथा सभी माध्यमिक व उच्चतर माध्यमिक विद्यार्थियों का उस समय इन मंचों से जोड़ा होता, तो हमें कम से कम अकादमिक सत्र आदान-प्रदान के लिए, अपने स्कूल बंद करने के बारे में चिंता न करनी पड़ती।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि भारत उपग्रह के माध्यम से सभी राज्यों के विद्यार्थियों व पड़ासी देशों तक पहुंचे और उन्होंने संसद में अपने भाषण के दौरान इसका उल्लेख किया था। प्रधानमंत्री की इच्छा को ध्यान में रखकर ईरानी ने भारत वाणी परियोजना की पहल की जिसमें इबारती पुस्तकों को भारत की 100 मातृभाषाओं में विकसित किया गया। और क्षेत्रीय सहयोग के लिए दक्षिण एशियाई देशों के संघ (दक्षेस) में विद्यार्थियों तक पाठ्य सामग्री उनकी अपनी भाषा में मुहैया कराने की मोदी की इच्छा के अनुरूप, ईरानी ने इबारत तथा मीडिया फार्मेट में शिक्षण पाठ्य सामग्री विकसित करने के लिए एक कार्यबल का गठन किया। हमारे उपग्रह प्रसारण हमारे लगभग 95 प्रतिशत जनों तक पहुंचे और पड़ोसी देशों में भी पहुंचे। यदि हम नेपाली, बंगाली, तमिल, उर्दू भाषाओं में सामग्री तैयार करें, तो हम न केवल अपने नागरिकों बल्कि दक्षेस देशों तक बेहतर सामग्री मुहैया करा सकेंगे। यह अच्छा समय था न केवल हमारे स्कूली बच्चों की बल्कि दक्षिण एशियाई देशों की मदद करने, घरों में सीमित रहने एवं उनके अध्ययन जारी रखने का। भारत वाणी परियोजना को आगे न बढ़ाकर, हमने अपने छात्रों, पड़ोसी देशों को मदद मुहैया कराने का अवसर खो दिया है और अपने प्रधानमंत्री का मिशन विफल कर दिया है। नेशनल इंस्टीट्यूट आफ ओपेन स्कूलिंग, जो दुनिया का सबसो बड़ा मुक्त विद्यालय है, ने पिछले पांच वर्षों में ई-सामग्री विकसित की है जो स्वयं एवं डीटीएच चैनलों पर उपलब्ध है। हम इस अंतराल को पाट सकते हैं, जो कोविड-19 के कारण देशभर में बंद किए गए स्कूलों के कारण पैदा हुआ है। भाषा और स्थान बाधा नहीं बनते। नेशनल इंस्टीट्यूट आफ ओपेन स्कूलिंग प्रसारण एवं सजीव प्रसारण कक्षाएं दिन ब दिन लोकप्रिय हो रही हैं। मगर इसमें अपार क्षमता है और यह व्यवस्था बड़ी भूमिका अदा कर सकती है यदि हम द्वैध पद्धति की स्कूलिंग के द्वारा दूरस्थ/मुक्त स्कूलिंग की व्यवस्था को तैयार करते। मौका हाथ से निकल गया है और अब बहुत देर हो चुकी है। हालांकि, हमें अपनी गलतियों से सीखना होगा और कोरोनावारस का खतरा दूर होने के बाद इन पहलकदमियों को तर्कसंगत निष्कर्ष पर पहुंचाना होगा।

## फरमाया



**सरकार** को इटली से सबक लेना होगा। वहां पर भारी आर्थिक कष्ट होगा। मगर खत्म होती जिंदगियों की तुलना में आर्थिक हानि से निबटना संभव है।
**- पी चिदंबरम**
कांग्रेस नेता



**चीन** और भारत दो विशाल जनसंख्या वाले देश हैं। हमें अपने अनुभवों के आधार पर भारतीय पक्ष को उचित सहायता देनी चाहिए।
**- गेंग शुआंग**
चीनी प्रवक्ता



**मैं** बहुत प्रसन्न हूं कि उमर अब्दुल्ला की असंवैधानिक नजरबंदी हटा ली गई है। समय आ गया है कि सरकार क्षेत्र में संवैधानिक अधिकार बहाल करे।
**- प्रियंका गांधी**
कांग्रेस नेता

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## जनसहयोग अनिवार्य

**हमारे** विचार से वर्तमान लाकडाउन की स्थिति में जनता को मिलकर सहयोग करना होगा। प्रधानमंत्री जी ने जनता से जो अपील की है उसका अक्षरसः पालन करना हमारा दायित्व है। पैसा हमारा है मगर संसाधन सारे समाज केहैं। वर्तमान स्थिति में जब सरकार आवश्यक वस्तुएं मुहैया कराने का प्रयास कर रही है। ऐसे में नागरिकों का दायित्व है कि वे संसाधनों का दुरुपयोग न करें। दूध, फल, अनाज आदि की बर्बादी न करें क्योंकि आज इन चीजों की आपूर्ति मुश्किल से हो पा रही है। लोगों का घर में समय बिताने का अवसर मिला है ऐसे में इसे अवसर की तरह इस्तेमाल करना चाहिए। हमारे पास घर में रहने के अलाव दूसरा विकल्प नहीं है अतः हमें आगे बढ़कर उन लोगों को सहयोग करना होगा जो कोराना संक्रमण का खतरा उठाकर भी काम कर रहे हैं। जैसे कि, डाक्टर, सफाईकर्मी, नगर निगम के कर्मचारी, नर्सें आदि। इस घातक महामारी से बचने के लिए हमारे पास सामाजिक दूरी बनाने के सिवा और कोई विकल्प नहीं है। यदि महामारी फैल गई तो स्थिति कितनी भयावह होगी इसका अनुमान लगाना भी कठिन है। अतः जनता को संयम बरतना होगा और संघर्ष में एकजुट होकर काम करना होगा।

**- शिल्पी भारद्वाज**, लखनऊ

## लाइलाज का इलाज

**कोरोनावायरस** के संक्रमण का इलाज करने के लिए अभी तक कोई दवा बन नहीं पाई है। अलग-अलग तरह के दावे किए जा रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने मलेरिया में दी जाने वाली दवाओं के कारगर होने का दावा किया है मगर इस दावे की कोई पुष्टि नहीं हो पाई है। वर्तमान समय में स्थिति ज्यादा बिगड़ने पर रोगी को वर्तमान औषधियां दी जा रही हैं क्योंकि नई औषधियां विकसित करने में समय लगेगा। एचआईवी के खिलाफ प्रयोग होने वाली औषधियां पहले से उपलब्ध हैं। द्वितीय विश्वयुद्ध के समय प्रयोग होने वाली मलेरिया औषधि के साथ ही इबोला में प्रयोग होने वाली एंटी-वाइरल औषधि का प्रयोग भी हो रहा है। दर्जनों देशों में हजारों रोगियों को इनसे लाभ हो सकता है। डब्लूएचओ रोगियों का एक ग्लोबल डेटाबेस बना रहा है जिसका प्रयोग रोगियों पर विभिन्न दवाओं के प्रयोग की जांच के रूप में किया जा सकता है। ईमानदारी से कहा जाए तो वर्तमान औषधियों के प्रयोग से एक कारगर समाधान निकाला जा सकता है क्योंकि वे अन्य बीमारियों के लिए संस्तुत और सुरक्षित हैं। जल्द ही इस वायरस के प्रतिरोधक टीके को विकसित किए जाने की आवश्यकता है।

**- सुकांत वर्मा**, कानपुर

## जान है तो जहान है

**आश्चर्य** है कि कुछ लोग प्रधानमंत्री द्वारा लागू किए गए लाकडाउन पर भी राजनीति कर रहे हैं। उन्हें यह समझ में नहीं आ रहा है कि यदि सामाजिक दूरी नहीं बनाएगे तो यह कोरोना की महामारीपूरे देश को अपनी चपेट में ले लेगी। क्या लोगों को इटली, स्पेन और ईरान में कोराना से होने वाली मौतों का सच दिखाई नहीं दे रहा है। इटली में संक्रमण के भय के चलते लोग कोरोना महामारी से मरने वाले अपने परिजनों का अंतम संस्कार भी नहीं कर पा रहे हैं। अमेरिका जैसे विकसित देश में भी हालत खराब है। जिन देशो में चिकित्सा की अपार ुसविधां मौजद हैं वहां भी त्राहि- त्राहि मची हुई है। इस मुसीबत से निजात पाने का एकमात्र तरीका सरकार ने निकाला है और वह हे कि लोग अपने घरों में ही बंद रहें। जान है तो जहान है। संक्रमित होने वाला व्यक्ति अपनेपूरे परिवार को संक्रमित कर सकता है और बच्चों व वृद्ध नागरिकों के लिए खतरा सबसे ज्यादा है। केवल शरीर की प्रतिरोधक क्षमता ही इस बीमारी से बचा सकती है और कोई चारा नहीं है।

**- अनामिका सेठ**, प्रयागराज

# अर्जुन्दा में सब्जी बेच रहे आर्मी जवान और परिजनों ने किया पुलिस पर हमला, लहराई तलवार

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

जिले के अर्जुन्दा नगर पंचायत में लॉक डाउन के बीच एक सब्जी व्यवसायी आर्मी के जवान व उसके परिजनों ने पुलिस कर्मियों से झूमा झटकी की और तलवार से हमला कर दिया। सब्जी व्यवसाय करने वाले एक ही परिवार के लोगो ने पुलिसकर्मियों के साथ गाली गलौच करते हुए तलवार से हमला कर दिया। इस हमले में दो पुलिस कर्मी को गंभीर चोटें आई है। जिनका उपचार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अर्जुन्दा में जारी है। बता दे कि कोरोना जैसे गंभीर बीमारी से निपटने के लिए पीएम मोदी ने 21 दिनों तक देश मे लॉकडाउन की अपील की है। जिसके बाद जिला प्रशासन ने भी जिले में धारा.144 व कर्फ्यू लगा दिया है। जिसके चलते जिले मे रोजाना खान पान से सम्बंधित दयनीय उपयोगी समान की खरीदारी व बिक्री करने के लिए निर्धारित समय सुबह 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक रखा गया है। बावजूद गैरजिम्मेदार व्यवसायी जारी किए गए आदेश का पालन नही कर रहे हैं। जिसके लगातार पुलिस व राजस्व की टीम घूम घूमकर आदेश का पालन करने और लोगो को घर मे रहने जागरूक कर रही हैं। साथ ही जरूरत पड़ने पर कड़ाई कर सख्ती भी बरत रही हैं।

मिली जानकारी के अनुसार अर्जुन्दा नगर के हाईस्कूल परिसर में अस्थाई सब्जी बाजार में पुलिसकर्मी तैनात थे। इस बीच छुट्टी लेकर अपने घर आये आर्मी जवान व उनके

**मामले में 6 आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी**



सब्जी व्यवसाय करने वाले सोनकर परिवार और पुलिसकर्मियों के बीच वाद विवाद हो गया। इस दौरान सोनकर परिवार के एक व्यक्ति ने गाली गलौज करते हुए ड्यूटी में तैनात विकास ठाकुर व कमलेश रावटे पर तलवार से हमला कर दिया। जिससे दोनो घटना स्थल पर ही गंभीर हालत में गिर गए। विकास ठाकुर के सिर पर गंभीर चोट आई है और 4 टांके लगे हैं साथ ही कमलेश रावटे के हाथ मे चोट आई हैं। दोनों पुलिसकर्मी का इलाज अर्जुन्दा के स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा हैं। पुलिस को खून से लथपथ देख आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया व सब इधर उधर भागते हुए नजर आए। वही हमला करने वाले 2 आरोपी भीड़ का फायदा उठाकर फरार हो गए। इस दौरान घटना स्थल में मौजूद अन्य पुलिस कर्मियों ने घायलों को जैसे तैसे अस्पताल पहुचाया जहां दोनो घायल पुलिसकर्मी का उपचार जारी है। घटना की जानकारी लगते ही अपर कलेक्टर अनिल वाजपेयी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डीआर पोर्ते, डीएसपी दिनेश सिन्हा, एसडीएम डॉ प्रियंका वर्मा अर्जुन्दा थाना पहुचे। जहाँ उन्होंने घायलों से मुलाकात कर आरोपियों की पतासाजी करने व मामले में आगे की कड़ी कार्यवाही करने का निर्देश दिए। वही मामले में डीएसपी डीआर पोर्ते ने बताया कि सोनकर परिवार द्वारा घटना को अंजाम दिया गया हैं। 6 आरोपी को पकड़ लिया गया और अन्य आरोपियों की तलाश जारी हैं। घटना में जो जो नही शामिल होंगे जैसे पार्षद सहित आर्मी के जवान उनको भी गिरफ्तार किया जाएगा।

---


लोगों का घरों से निकलने का सिलसिला जारी, लोग हरकतों से नहीं आ रहे बाज

# पड़ोसी जिले राजनांदगांव में कोरोना का पॉजीटिव मरीज मिलने से मचा हड़कंप

रवि भूतड़ा < बालोद
www.dailypioneer.com

जिले के पड़ोसी जिला राजनांदगांव में कोरोना का पॉजिटिव मरीज मिलने से बालोद जिले में भी हड़कंप मच गया हैं। बता दे कि प्रदेश में कोरोना का पॉजिटिव मरीज राजनांदगांव में दूसरा मिला है पहला राजधानी में मिला था। बावजूद कुछ लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। लॉक डाउन और जारी एडवायजरी का पालन नही करते हुए बिना किसी काम के बेवजह सड़कों पर घूम रहे हैं। लॉक डाउन के बावजूद लोगों का घरों से निकलने का सिलसिला जारी हैं। कोरोना की लड़ाई के इस जंग से लड़ने में कुछ लोग सहभागिता नही दिखा रहे हैं। जबकि एक जिम्मेदार नागरिक का फर्ज अदा कर शासन.प्रशासन द्वारा जारी किए गए आदेशो का और लॉक डाउन का नियमतः पालन करना चाहिए। लेकिन नही कुछ गैरजिम्मेदार लोगों की वजह से अन्य लोगों को दिक्कतों का सामना करना प? रहा हैं। वही राजस्व एवं पुलिस की टीम भी नगर सहित ग्रामीण अंचलों में पेट्रोलिंग कर लोगों घर में रहने तथा कर्फ्यू का कड़ाई से पालन करने सख्ती दिखा रही हैं। और बता दे कि ये सख्ती जरूरी भी हैं। अगर गैरजिम्मेदार लोग अपनी जिम्मेदारी समझ कर जारी एडवायजरी का पालन करे तो इस सख्ती की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।

**पायनियर**
**जनसरोकार**



### जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट और सतर्क

कोरोना वायरस की लड़ाई से लड़ने की इस जंग में जिला प्रशासन भी पूरी तरह अलर्ट और सतर्क नजर आ रहा हैं। कर्फ्यू और धारा.144 का कड़ाई से पालन करने लोगों को कड़ी समझाइश दे रहा हैं। कई जगह थोड़ी सख्ती भी बरत रहे हैं। यहां यह कहना गलत नही हैं कि जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट और सतर्क नजर आ रहा हैं। एसडीएम सिल्ली थॉमस, तहसीलदार रश्मि वर्मा, नायब तहसीलदार मनोज भारद्वाज, चाँदनी सहित पूरा राजस्व अमला शहर सहित आसपास के क्षेत्रों का लगातार मॉनिटरिंग कर लोगों को घरों से नहीं निकलने की समझाइश दे रहा हैं। तो वही एसडीओपी अमर सिदार, टीआई गैंदलाल ठाकुर सहित पुलिस की टीम भी धारा144 व कर्फ्यू की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कड़ी से कार्यवाही कर रही हैं।

### पायनियर की अपील, लॉक डाउन का करे कड़ाई से पालन


राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार पायनियर भी प्रदेशवासियों से विनम्र अपील करता हैं कि लॉक डाउन का कड़ाई से पालन करते हुए अपने घरों से नही निकले। शासन.प्रशासन द्वारा जारी किए गए आदेश व एडवायजरी का पालन करें। साथ ही एक जिम्मेदार नागरिक का फर्ज अदाकर शासन.प्रशासन की मदद करे।

कोरोना से बचाव के लिए आप अपने परिजनों रिश्तेदारों और मित्रों को जीवनशैली से जुड़ी सावधानियों के बारे में बताएं।पड़ोसियों के साथ मिलकर कोरोना से जुड़ी आपातकालीन स्थिति की योजना बनाएं। कोरोना से संक्रमण या बीमारी की स्थिति में संपर्क करने वाले लोगों की सूची बनाएं और साथ के लोगों के साथ साझा करें। अगले कुछ समय तक बीमार लोगों से मिलने से परहेज करें। यदि आप खुद बीमार हैं तो डॉक्टर से मिलने के अलावा बाहर निकलने या अन्य जगहों पर जाने से बचें।सदी-खांसी और जुकाम होने पर टिश्यू का इस्तेमाल करेंए परिजनों के साथ भी कम बैठने की कोशिश करें। आपके घर पर जिन चीजों का इस्तेमाल रोज हो रहा है और हर व्यक्ति उसका उपयोग करता है। उनकी रोज सफाई करें। कुर्सी, मेज, स्विच, दरवाजे और हैंडल को घर के सभी लोग इस्तेमाल करते हैं।

इन्हें रोज साफकरें। कोरोना वायरस से बचाव के लिए पानी और साबुन का इस्तेमाल करते हुए हाथों को 20 सेकेंड तक रगड़कर साफकरें। खाने के पहले और बादए शौचालय के इस्तेमाल के बाद साबुन से हाथ अवश्य धोएं। ऐसे हैंड सेनेटाइजर का इस्तेमाल करें जिसमें कम से कम 60 फीसदी अल्कोहल हो। यदि आपके बच्चे को सर्दी.खांसी या जुकाम है तो स्कूल के प्रबंधन को सूचित करें। बच्चों के लिए घर पर की जाने वाली प्रैक्टिस या पढ़ाई के संबंध में बात करें। यदि बच्चा स्कूल जा रहा है तो उसे ग्रुप में जाने या शामिल होने से बचने की सलाह दें।

## कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम के लिए उद्यानिकी कृषकों को दिशा-निर्देश जारी

**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रानू साहू ने कोरोना वायरस के संक्रमण एवं जिले में लॉकडाउन की स्थिति के कारण उद्यानिकी कृषकों को हो रही परेशानी को ध्यान में रखते हुए आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार बालोद जिले के उद्यानिकी कृषक (विशेष तौर से सब्जी एवं मसाला वाली फसलों के कृषक) अपने खेत, प्रक्षेत्र में मजदूरों एवं दैनिक दर पर कार्य करने वाले श्रमिकों से कोरोना वायरस की रोकथाम हेतु छत्तीसगढ़ शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मंत्रालय नवा रायपुर एवं इस कार्यालय द्वारा



जारी की गई एडवायजरी एवं गाईड लाईन का पालन करते हुए कार्य करा सकेंगे।

श्रमिकों, मजदूरों के लिए मास्क, सेनेटाईजर अथवा साबुन की व्यवस्था खेत, प्रक्षेत्र मालिक को करनी होगी साथ ही कार्यरत मजदूर, श्रमिक भीड़ में एकत्र होकर कार्य न करते हुए एक मीटर की दूरी का अंतर बनाए रखेंगे। सब्जी, मसाला एवं अन्य उद्यानिकी फसलों के उत्पादन बालोद जिले के भीतर एवं अंदर विक्रय हेतु ले जाने की अनुमति एडवायजरी एवं गाइड लाइन के निर्देशों का पालन करते हुए संबंधित उद्यानिकी उत्पादक को प्रदान की गई है।

# कोरोना वायरस के चलते क्वारेंटाइन एवं होम आइसोलेशन को लेकर उत्सुकता

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कोरोना वायरस के तेजी से बढ़ते संक्रमण को रोकने के लिए क्वारटाइन और होम आइसोलेशन को लेकर डॉक्टरों द्वारा लोगों को दिए जा रहे सलाह मशविरा को लेकर मन में उत्सुकता हो रही है कि आखिरकार क्वॉरेंटाइन एवं होम आइसोलेशन का मतलब क्या होता है। क्वॉरेंटाइन एवं होम आइसोलेशन का शब्द हर कोई सुन रहा है लेकिन इसका मतलब क्या है और इस दौरान करना क्या है इस संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी किसी को भी नहीं है इस बात को लेकर लोगों के मन में कई तरह के सवाल भी उठने लगे हैं इस संबंध में बेमेतरा जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ एसके पाल बताते हैं कि क्वॉरेंटाइन मे अन्य प्रदेश से आए लोगों का ऐसे लोगों के संपर्क में आ चुके हैं और उन्हें पता नही है या समस्या हो या होने का अंदेशा रहा होगा जब किसी व्यक्ति क्वॉरेंटाइन में रहने के लिए कहा जाता है इसका मतलब है कि अपने घर में रहेगा वह घर से बाहर किसी प्रकार का कोई गतिविधि ना करें तथा 14 दिन तक लगातार उसे घर पर ही रहना है यह क्वॉरेंटाइन है श्री पाल यह भी बताया कोरेनटाइन दो प्रकार के हैं देश में ही बाहर विभिन्न प्रदेशो से आए हुए हैं ऐसे व्यक्तियो को अपने घर में ही रहना है और इस दरमियान भी किसी से मिलेंगे मिलेंगे कि नहीं और अलग.थलग रहकर किसी प्रकार की सिम्टम्स पाए जाने पर तत्काल उन्हें शासकीय चिकित्सालय या चिकित्सक को जानकारी देनी है इसके अतिरिक्त विदेश से आने वाले लोगों के लिए शासन प्रशासन के द्वारा अलग ही व्यवस्था की गई है तथा उन्हें विशेष तौर पर अलग स्थानों पर रखा गया है 14 दिन तक होम क्वॉरेंटाइन रहेंगे 14 दिन तक अलग.थलग रखने की व्यवस्था है और तकलीफ होने पर इन्हें तत्काल जरूरत के आधार पर चिकित्सक से सलाह मशविरा लेना है।अब सवाल यह है की होम आइसोलेशन में ठीक विपरीत परिस्थिति है कोरोना वायरस के संक्रमण से ग्रसित हो चुका हो ऐसे लोगों को खाने.पीने रहने के लिए अलग कमरे कपड़े टॉयलेट बाथरूम पूरी व्यवस्था अलग दी जाती है वह होम आइसोलेशन कहलाता है इस बात की चर्चा आम तौर पर लोगों में सोशल मीडिया में बहस जरूर होने लगी है नोवल कोरोनावायरस को लेकर लोगों में भय बिल्कुल ही नहीं है सबसे बड़ा सवाल ये है कि आखिर इस समस्या का समाधान कैसे होगा इसका इलाज है कि नहीं और इसके बढ़ते प्रभाव के संबंध में जो जानकारी दी जाती है सोशल डिस्टेंस बनाए रखना बार.बार हाथ धोना नाक और मुंह को छूने से दूर रखना इत्यादि जो सुरक्षा के उपाय बताए जा रहे हैं उसको लेकर भी लोगों में कई तरह की भ्रांतियां हो रही है ग्रामीण छेत्रो में स्पष्ट रूप से इसकी सही जानकारी लोगों में बहुत कम है होम आइसोलेशन में रहने वाले व्यक्ति से अन्य लोगों को पूरी तरह दूर रहना है और ऐसे व्यक्ति अलग.थलग रखे जाएंगे उनकी पूरी व्यवस्था ही अलग हो रहेगी इन्हीं सवालों में सोशल मीडिया में अनेक लोग उलझे हुए हैं सुरक्षा के लिहाज से मास्क अनिवार्य रूप से पहनना है यह बहुत जरूरी है और लोगों को एक दूसरे को या अपरिचित व्यक्ति से निर्धारित दूरियां बनाए रखना भी बहुत जरूरी है ताकि कोरोनावायरस के फैलाव को रोका जा सके इस दरमियान क्वॉरेंटाइन में रहने वाले हैं या होम आइसोलेशन पर रहने वाले हो उन्हें अगर खांसी छिंक आती है तो अपना मुंह ढक कर छिंकना है इसके लिए डिस्पोजेबल टिशू का इस्तेमाल किया जाना है जिससे तुरंत डस्टबिन में डिस्पोज करना है इसके तुरंत बाद साबुन से हाथ भी धोना है और आंख नाक और मुंह में उंगली लगाने से बचना भी है और दिन में कई बार साबुन से हाथ धोने चाहिए।

घर के सदस्य ऐसे मौके पर पूरी तरह से दूर रहे ताकि संक्रमण का फैलाव ना हो सके इसके अलावा घर के दरवाजे के हत्थे डोरबेल घर के काउंटर टॉपस एवं अन्य सामानों को भी बराबर साफकरते हुए पोछते रहने चाहिए और विशेष तौर पर घर के अन्य सदस्यों को रोगी के लक्षण का भी ध्यान रखा जाना चाहिए ताकि हालत बिगड़ रही हो तो किसी अच्छे चिकित्सक से भी सलाह ली जा सकती है।



### सावधानी

क्वॉरेंटाइन में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपने हेल्थ कंडीशन पर लगातार निगरानी रखना चाहिए और स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से बुखार या अन्य परेशानियों पर चिकित्सक से तत्काल सलाह लेना चाहिए खान-पान का भी विशेष ध्यान रखें ताकि जल्दी स्वस्थ हो जाएं परिवार के अन्य सदस्यों को भी ऐसे लक्षण वाले क्वॉरेंटाइन में रहने वाले व्यक्ति के स्वास्थ्य का ध्यान रखें अन्य किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तत्काल शासन के द्वारा उपलब्ध कराए गए फोन नंबर पर संपर्क कर लें इसमें लापरवाही कतई ना करें सावधानी से ही नोवल कोरोना वायरस के सं मण से बचा जा सकता है।

## कोरोना संक्रमण को लेकर दहशत फैलाने, फेक न्यूज जारी करने वालों पर कानूनी कार्यवाही संभव''

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नोवल कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण के संबंध में राज्य शासन द्वारा संतुलित, तथ्यपरक तथा पुष्ट समाचार जारी करने का आग्रह विभिन्न समाचार माध्यमों, सोशल मीडिया से किया गया था, लेकिन कतिपय व्यक्तियों तथा संस्थाओं द्वारा अवांछित समाचार प्रकाशित तथा प्रसारित करने की शिकायतें मिल रही हैं। राज्य शासन द्वारा गठित 'राज्य स्तरीय फेक न्यूज नियंत्रण एवं विशेष मॉनिटरिंग सेल' ने इन खबरों को गंभीरता से लिया है। प्रदेश के विभिन्न स्थानों से ऐसी खबरें जारी की जा रहीं है, जिससे जनमानस में भ्रम अथवा दहशत का वातावरण बन रहा है और लोग उसकी पुष्टि के लिए सम्पर्क कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ऐसी विभिन्न खबरों को फेक न्यूज बताया गया है। राज्य शासन द्वारा गठित 'राज्य स्तरीय फेक न्यूज नियंत्रण एवं विशेष मॉनिटरिंग सेल' ने अपील की है कि विभिन्न समाचार माध्यम तथा वेबसाइट आदि ऐसी कोई भी खबर प्रकाशित तथा प्रसारित नहीं करें। विभिन्न माध्यमों से प्रसारित अपुष्ट खबरों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने के पर्याप्त प्रावधान हैं। इसके अतिरिक्त सोशल मीडिया में भी गलत/भ्रामक/तथ्यहीन सामग्री पोस्ट करने पर इन्फारमेशन टेक्नालॉजी एक्ट की धारा 2(1) तथा इन्फारमेंशन टेक्नालॉजी एक्ट की धारा 79 के अन्तर्गत इन्टरमीडिएडरी गाईड लाइन के तहत कार्यवाही की जा सकती है। इन धाराओं में व्यापक जनहित को प्रभावित करने के लिए होस्ट, डिस्प्ले, अपलोड, मोडिफाई, पब्लिश, ट्रांसमिट, अपडेट, शेयर करने की गतिविधियाँ भी गैर-कानूनी मानी गई हैं। इस समय वैश्विक महामारी कोरोना वायरस संक्रमण से निपटना पूरी दुनिया के लिए एक चुनौती है और यह समय व्यापक जनहित में पत्रकारिता के उच्च मापदण्ड स्थापित करने का भी है।

# नोबल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने कलेक्टर ने की सावधानी बरतने की अपील

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर शिव अनंत तायल ने कोरोना वाइरस संक्रमण से बचाव हेतु संक्रमण के लक्षण की पहचान करते हुए कारगर कदम उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि संक्रमण में प्रारंभिक लक्षण सर्दी, खांसी, बुखार, सिर दर्द, गले में खराश एवं उपचार न मिलने पर निमोनिया ब्रोंकाइटिस, सांस लेने में तकलीफइत्यादि गंभीर लक्षण हो सकते हैं। संक्रमित व्यक्ति के खांसने और छींकने से हवा द्वारा संक्रमण, संक्रमित व्यक्ति के निकट संपर्क में आने एवं हाथ मिलाने सेए संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने के बाद आंख या नाक को छूने से भी यह वायरस फैलता है।

उन्होंने कहा कि संक्रमण से बचाव हेतु संक्रमित व्यक्ति के निकट में आने से बचेंए अपने हाथ साबुन से बार.बार धोते रहेए आंख या नाक को छूने से बचें। सामान्य सर्दी, खांसी, बुखार आने पर तत्काल चिकित्सक की सलाह लेए भीड़.भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचें। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि खांसते छींकते समय रूमाल का उपयोग किया जाए तथा हाथ मिलाने से बचें। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति जो विदेश जाकर आपके गांव या मोहल्ले में अभी आ रहा हो या किसी व्यक्ति में कोरोना वाइरस के संक्रमण के लक्षण दिखें तो उसकी सूचना तत्काल अपने नजदीकी जिला चिकित्सालय, मेडिकल कालेज अस्पताल, अथवा टोल फ्री



न 104 पर संपर्क करे। साथ ही साथ राज्य सर्वेलेंस इकाई से दूरभाष न 0771.222001, 2235091, मोबाईल न.09713373165, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बेमेतरा 09165246080 अथवा दूरभाष नण् 07824.222069 पर सम्पर्क कर कते है। समय.समय पर साबुन से हाथ धोते रहें, सरकार ने मॉस्क एवं सेनिटाइजर को आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत शामिल कर लिया है। उन्होने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि हम सबकी समाजिक जिम्मेदारी के रुप मे लोगों को कोरोना वायरस से बचने के लिए जागरुक और अलर्ट रहना होगा।

### कोरोना से बचाव के लिए की जा रही निगरानी


वैश्विक महामारी कोरोना वायरस से निबटने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे है। कलेक्टर एवं जिलादण्डाधिकारी श्री शिव अनंत तायल ने आज बुधवार को बेमेतरा शहर के एक वार्ड मे जाकर प्रांतीय यात्रियों के सतत् निगरानी के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए। शासन द्वारा अंतराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं प्रांतीय यात्रियों के सतत् निगरानी के निर्देश दिए गए है। जिसके तहत उन्हे क्वारेन्टाइन किया जाना है। संबंधित व्यक्ति को उन्हे घर मे अथवा क्वारेन्टाइन होम मे निगरानी रखकर क्वारेन्टाइन किया जाना है। जिसके तहत ऐसे व्यक्ति यों के घर के सामने एक जानकारी का स्टीकर लगाया जाना है। साथ ही साथ अमिट स्याही चिन्हांकन भी किया जाना है एवं प्रतिदिन खैरियत की जानकरी लिया जाना है। तत्संबंध मे जिले मे भी सं मण की संभावनाओं को देखते हुए एहतियात के तौर पर बचाव हेतु निगरानी कर आवश्यक निर्णय लिए जा रहे है। अभी तक बेमेतरा जिले मे कोरोना का कोई संदिग्ध प्रकरण सामने नही आया है। कलेक्टर श्री तायल ने आम नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान नही देने की अपील की है। सोशल मिडिया मे अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

### कोरोना वायरस से बचाव के लिए लोक सेवा केंद्र

**बेमेतरा।** कलेक्टर शिव अनंत तायल के निर्देश पर जिले में संचालित समस्त लोक सेवा केंद्र, ग्रामीण लोक सेवा केंद्र, सामान्य सेवा केंद्र, आधार केंद्रों को वर्तमान में कोरोना वायरस (कोविड-19) के सं मण को रोकने के लिए 31 मार्च 2020 तक अथवा आगामी आदेश पर्यन्त तक पूर्णतः बंद रखे जाने का आदेश जारी किया गया है। ई-डिस्ट्रीक मैनेजर महेन्द्र वर्मा ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन एवं भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समय समय पर जारी निर्देशो के अनुसार जिला सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के द्वारा जिले में संचालित समस्त लोक सेवा केंद्र, ग्रामीण लोक सेवा केंद्र, सामान्य सेवा केंद्र एवं आधार केंद्रों को 31 मार्च 2020 तक अथवा आगामी आदेश पर्यन्त तक पूर्णतः बंद कर दिया गया है। किसी भी स्थिति में आपके केंद्र में भीड़ भाड़ की स्थिति उत्पन्न नही हो एवं किसी प्रकार के सं मण फैलने की संभावना नही हो इस कारण यह निर्णय लिया गया है ।

# विधायक छाबड़ा ने मुख्यमंत्री सहायता कोष में दिए 5 लाख

### विधायक पहले ही एक माह के वेतन दे चुके है कोष में



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

एक ओर जहां बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने अपने एक माह के वेतन को बेमेतरा विधानसभा की जनता के स्वस्थ्य रक्षा हेतु समर्पित किया हैएवही दूसरी ओर विधायक आशीष छाबड़ा के साथ.साथ उनका पूरा परिवार भी नोवल कोरोना वायरस के सक्रमण को रोकने राज्य सरकार के द्वारा उठाये जा रहे कदमो की सराहना करते हुए आगे आकर 05 लाख रुपये मुख्यमंत्री सहायता कोष हेतु दिया जिसे विधायक आशीष छाबड़ा ने अल्पकालीन विधानसभा सत्र के दौरान प्रदेश के यसस्वी मुख्यमंत्री की को सौपा तथा अपने एव अपने परिवार की ओर से नोवल कोरोना वायरस के विरुद्ध छिड़े इस युद्ध में सहभागिता दर्शायी। इस संबंध में विधायक आशीष छाबड़ा ने बताया कि उक्त चेक उनके परिवारिक फर्म मेसर्स.किरण बिल्डकॉन की ओर से उनके पिता श्री सुरेन्द्र कुमार छाबड़ा एवं भईयो विनीश कुमार छाबड़ा एव निशिष कुमार छाबड़ा द्वारा मुख्यमंत्री सहायता कोष में दिया गया है, जो इस युद्ध मे प्रदेश की जनता के स्वस्थ्य रक्षा में काम आयेगा।

पार्षद राजपूत 1 महीने का मानदेय राहत कोष में देने की घोषणा की जिला मुख्यालय में स्थित नगर पालिका परिषद के पार्षद प्रवीण नीलु राजपूत ने भी एक साल में पार्षद के रूप में मिलने वाले मानदेय को उन्होंने मुख्यमंत्री राहत कोष में देने की घोषणा किया है।

## क्विक न्यूज

### आपातकालीन स्थिति से निपटने नियंत्रण कक्ष दिन रात काम करेगा

**मुंगेली।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देश पर नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) से बढ़ते संक्रमण की रोकथाम तथा आपातकालीन स्थिति से निपटाने एवं आपदा संबंधित सुचनाओं के आदान-प्रदान के लिए जिला कार्यालय मुंगेली के कक्ष क्रमांक 116 में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। नियंत्रण कक्ष के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर नवीन भगत के नेतृत्व में नियंत्रण कक्ष 14 अप्रैल तक दिन रात काम करेगा। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07755-274274 है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशों के अनुरूप इस उच्चस्तरीय नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई। नियंत्रण कक्ष दिन रात काम करेंगा। इस हेतु अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी रोस्टर के अनुसार लगाई गई है।

### डेली सब्जी मार्केट पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम में लगेगा

**सक्ति।** शहर में दैनिक सब्जी बाजार शहर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम बुधवारी बाजार ग्राउंड में कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु सुरक्षात्मक दृष्टि से लगाए जाएगा। एसडीएम डॉ सुभाष सिंह राज, नायब तहसीलदार शिवकुमार डनसेना, सीएमओ नगर पालिका जफ र खान, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संजय रामचंद्र सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने बुधवारी बाजार ग्राउंड का निरीक्षण कर आवश्यक चर्चा करते हुए निर्णय लिया।

### जंगली सुअर ने किया ग्रामीण को घायल



**रायगढ़।** धरमजयगढ़ क्षेत्र के बोरो वन परिक्षेत्र अंतर्गत जमरगी डी गांव के बाहर जंगली सुअर ने एक ग्रामीण पर हमला कर उसे घायल कर दिया। आहत ग्रामीण को उपचार के लिए धरमजयगढ़ अस्पताल से रिफर कराया गया है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार वन मण्डल धरमजयगढ़ के बोरो वनपरिक्षेत्र अंतर्गत जमरगी डी गांव में जंगली सुअर के हमले से ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि जमरगी डी गांव का रहने वाला मनोहर राठिया जब खेत की फसल की रखवाली कर रहा था। इसी दौरान उस पर जंगली सुअर ने अचानक हमला कर दिया। इस घटना में ग्रामीण के हाथ, पैर व जांघ में चोट आई है। ग्रामवासियों की सूचना पर बोरो वन क्षेत्र के वनकर्मी घटना स्थल पर पहुंचे और आहत ग्रामीण को अस्पताल में भर्ती कराया।

# कोरोना वायरस को लेकर प्रशासन पूरी तरह से चाक-चौबंद, भीड़ पर कार्रवाई

## संघ ने भी संक्रमण के प्रति लोगों को जागरूक करने की कमान संभाली







पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

कोरोना वायरस को लेकर प्रशासन जहां पूरी तरह से चाक-चौबंद नजर आ रही है जिला प्रशासन स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका के साथ साथ अब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने भी कोरोना वायरस संक्रमण के प्रति लोगों को जागरूक करने की कमान सम्हाली है वही दूसरी ओर आवश्यक सामर्ग्रियों के दाम शासन द्वारा निधारित न होने के कारण लगातार मूल्यों में परिर्वतन देखा जा रहा है, आवक न हो पाने और मांग में लगातार वृद्धि की वजह से कुछ लोगो द्वरा मुनाफ़ाखोरी की भी शिकायते दबी जुबान से उठने लगी है जिस पर प्रशासन को ध्यानाकर्षण की जरूरत है। एक तरफ जहां कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण के बचाव और रोकथाम को देखते हुए मुंगेली जिले की सीमाए सील कर दी है उन्हें कहा कि सिर्फआवश्यक सेवा, चालू रहेगी, करोना वायरस के मद्देनजर छत्तीसगढ़ के सभी नगरीय क्षेत्रों को 31 मार्च तक बंद का आदेश जारी किया है जिसका असर आज जिले सहित नगर में भी देखने को मिल रहा है, बैंक, मेडिकल, किराना सामान व आवश्यक वस्तुओं की दुकानो को छोड़कर सभी दुकानो सहित लगभग सभी कार्यालय बंद है।

गौरतबल हो कि बार बार समझाइश के बाद भी पुलिस प्रशासन चौक चौराहो पर अनावश्यक घुमने वालो के लिए मुस्तैद नजर आ रही है, पुलिस की समझाइश के बावजूद भी लोगों का चौक चौराहों पर भीड़ लगाकर खड़े रहने वालों पर अब कठोर कार्यवाही करने से भी नही चुक रही है, बाहर से आने वाले हर लोगो के कागजातो की भी जांच की जा रही है धारा 144 को सख्ति से पालन कराने के लि, कड़ाई शुरू कर दी है, बता दे कि कल जिला कलेक्टर ने भी नगर के हालात का जायजा लिया था, ताकि नगर में शांति व्यवस्था बनी रहे, और ज्यादा से ज्यादा लोग अपने घरो में रह कर कोरोना वायरस के संक्रमण से बच सके। पुलिस ने दिखाई सख्ती - लगातार दूसरे दिन भी बार-बार समझाने के बावजूद भी बेवजह सड़कों पर उतरने वाले लोगो पर अब पुलिस ने भी डंडे बरसाना शुरू कर दिया है, लगातार समझाइश के बावजूद लोग बिना कारण ही सड़कों पर घूमते नजर आ रहे थे, वही जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे और पुलिस अधीक्षक भी लगातार नगरीय क्षेत्रों में घूम घूम कर स्थिति का जायजा ले रहे हैं, दुकानो में भी लोगो को दुरी बनाए रखने के लिए कुछ-कुछ दूरी पर गोल घेरे बनाए गये है, आवश्यक सामानो के दुकानों के खुलने का समय भी निर्धारित किया गया, दुकानों में भी भीड़ न लगाने की समझाइश दी जा रही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और नगर पालिका अध्यक्ष भी उतरे मैदान पर- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं और नगर पालिका अध्यक्ष संतुलाल सोनकर ने भी नगर कमान संभाली है।

# वीरान गली, सूनी सड़कें, मोहल्ले में सन्नाटा, शांत चौराहे

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



पूरे विश्व में तेजी से फैले कोरोना जैसे खतरनाक वायरस के मद्देनजर जहां पूरे भारत में लॉकडाउन कर दिया गया है। जिसके पहले दिन से पुलिस सड़क में उतरकर लोगों को समझाईश देकर घरों में रहने की अपील करते रहे। इसके बावजूद लोगों के नहीं मानने पर पुलिस ने सख्त रवैय्या अपनाया और धीरे-धीरे स्थिति काबू में आ चुका है। नतीजन शहर के सड़कें अब सुनी नजर आने लगी है। जरूरी कामकाज होनें पर ही लोग सड़क में एक्के-दुक्के नजर आने लगे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि सरकार के लॉकडाउन का असर पूरी तरह अब दिख रहा है।

प्रधानमंत्री ने पूरे देश में 21 दिन का लॉकडाउन घोषित कर दिए और आज उस लॉकडाउन का दूसरा दिन रहा। जहां पहले दिन से इसका असर दिखने लगा है। लोग अब इस बात को मानने लगे हैं कि घरों में रहना ही कोरोना वायरस से बचाव है। इस कारण सरकार के इस निर्णय का लगभग सभी समर्थन भी कर रहे हैं। आज लॉकडाउन के दूसरे दिन भी शहर की गलियां पूरी तरह से विरान नजर आयी तो सड़के, मोहगे और चौक चौराहों में भी सन्नाटा पसरा रहा है। हांलाकि कुछेक लोग जरूर दिखे जो मेडिकल व आवश्यक कार्य से घरों से बाहर निकले थे, पर जगह जगह पुलिस के तैनात जवान भी उन लोगों को रोककर पूरी तरह पुष्टि करने के बाद ही जाने दे रहे थे। वहीं बिना कार्य के बाहर निकलने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर रही है और इसका असर यह हो रहा है कि मुख्य मार्गों पर अब सुबह से ही विरान नजर आ रहा है। प्रशासन ने लोगों को रोजमर्रा की सामाग्रियों के लिए कोई परेशानी न हो इसके लिए सुबह पांच बजे से नौ बजे तक किराना, सब्जी, दूध व अन्य जरूरत की सामाग्री की दुकानों को खोलने का निर्णय लिया। ऐसे में सुबह पांच बजे के बाद से नौ बजे तक शहर में जरूर कुछ भीड़ भाड़ दिखी, लेकिन वहां भी पुलिस के जवान मौजूद थे और लोगों को एक दूसरे दूरी बनाने व मास्क लगाकर खरीददारी करने की बात कही। इस दौरान जिस दुकान में ज्यादा भीड़ व अव्यवस्था देखी गई। वहां पुलिस के जवानों ने व्यवसायियों व लोगों को फटकार लगा कर समझाईश दी कि सावधानी ही कोरोना से बचाव है और नियमों का पूरा पूरा पालन किया जाए।

### मोहल्लों में देना होगा ध्यान

अगर देखा जाए तो पुलिस के द्वारा मुख्य मार्गों से लेकर हर मोहगों में नजर रख रही है, लेकिन शहर के कई ऐसे भी मोहगे हैं जहां पुलिस के जाने के बाद कुछ लोग घरों के बाहर निकल कर जमघट लगा लेते हैं। आपस में कई तरह की चर्चाएं करते देखे जाते हैं, तो कई अपने घरों के बाहर खड़े होकर रोड का नाजरा देखने में लगे होते हैं। मोहगों में घूमने व जमघट लगाने वाले लोगों पर भी पुलिस को ध्यान देना होगा।

# एसपी मीणा ने कार्यभार ग्रहण किया, पत्रकारों से की चर्चा

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com

कोरबा जिले कर नवपदस्थ एसपी अभिषेक मीणा ने पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद पत्रकारों से रूबरू हुए कोरोना वायरस के संक्रमण को ध्यान में रखते हुए है। सभी ने पत्रकारों से अलग-अलग चर्चा की वही छत्तीसगढ़ में कोरोना वायरस के छः पोसिटिव मिलने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कोरबा के चौक चौराहों में सेनेटाइजर की व्यवस्था की जा रही है वही कोरबा जिले के निजी संयंत्रों पर पुलिस की कड़ी नजर रहने की बात कही है नवपदस्थ ँच् ने लोगो से अपील करते हुए कहा है कि शासन द्वारा कोरोना वायरस को चैन ब्लाक करने के लिए जो गाइडलाइन तैयार की गई है, उसका कड़ाई से पालन किया जाय जिससे हम इस महामारी को मात दे सके।

जिले के नए एसपीए अभिषेक मीणा ने आज से कोरबा जिले का कार्यभार संभाला। उन्होंने पुलिस बल की व्यवस्था का मूल्यांकन किया। उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया है कि कोरोनोवायरस रोग के खिलाफ निवारक उपायों को लागू करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। एसपी अभिषेक मीना ने मीडिया प्रतिनिधियों के कार्यभार संभालने के बाद कहा कि लॉकडाउन की सफलता सुनिश्चित करने के लिए पुलिस विभाग लगातार काम कर रहा है। कोरबा भारत के औद्योगिक शहर होने के साथ, विभिन्न औद्योगिक उद्यमों की इस बीमारी के प्रसार में प्रमुख भूमिका है। अधिकांश उद्योगों ने पहले ही कार्यालय.कर्मचारियों के लिए वर्कफ्रॉम होम आदेश जारी कर दिए हैं, जबकि प्लांट के कर्मचारी अनुत्पादक कार्य जारी रखते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि ये संयंत्र कार्यकर्ता इस वायरस के खिलाफ पालन करें। सभी मजदूरों को मास्क और दस्ताने से भी लैस होना चाहिए, संयंत्र में प्रवेश करने से पहले उन्हें साफकरना चाहिए। एक महत्वपूर्ण पहलू जो घर लौटने के बाद समान सावधानियों का पालन किया जाना चाहिए। इससे ग्रामीणों में जागरूकता आती है। उचित विज्ञापन वही किया जा रहा है। हर व्यक्ति को हर गली और चौक पर तैनात किया गया है।

# खुशबू केडिया ने मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में दिए 51000

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



**सभी को देना चाहिए अपना अंशदान : खुशबू**

छत्तीसगढ़ प्रदेश में कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव करने हेतु मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में लोग स्वस्फुतः आगे आकर अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैंएतथा लोगों का यह मानना है कि प्रदेश की सरकार को आने वाले 3 हफ्तों के लिए कोरोना वायरस के संक्रमण से प्रदेश को बचाने के लिए यह सहयोग एक बड़ी ताकत के रूप में मिलेगा, तथा इसी श्रृंखला में समाज सेविका एवं रायपुर शहर कांग्रेस महिला की महामंत्री खुशबू केडिया ने रायपुर नगर निगम के महापौर एजाज ढेबर के माध्यम से 24 मार्च को मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में 51000 की नगद सहायता राशि प्रदान की हैएतथा श्रीमती खुशबू केडिया ने मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष के माध्यम से राशि प्रदान करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश की खुशहाली एवं शांति की भी कामना की हैए तथा खुशबू केडिया ने कहा कि पूरा विश्व आज कोरोनावायरस के संक्रमण से बचने हेतु तरह.तरह के सुरक्षा उपाय कर रहा है एवं भारत देश में भी इस वायरस के संक्रमण से बचने हेतु पुरजोर प्रयास जनता के सहयोग से हो रहे हैं एवं हम सभी इसी तरह से आने वाले 21 दिनों तक अपने एवं अपने परिवार जनों को घरों में रहकर ही अपने दैनिक जीवन चर्या के कार्यों को संपन्न कराएंएसाथ ही कोरोना को भारत से हराने के लिए सोशल डिस्टेंस के माध्यम से भी एक पहल करें एवं हम जिस स्थान पर भी रहते हैं।

वहां ऐसे जरूरतमंद गरीब लोग जो कि कोरोना वायरस के संक्रमण के चलते प्रदेश में लॉक डाउन की स्थिति में अपने जीविकोपार्जन करने में असहाय एवं अक्षम महसूस कर रहे हैं ऐसे लोगों की आगे बढ़कर यथासंभव सहायता भी करें तथा इससे बड़ा पुण्य का कार्य कोई नहीं होगा, खुशबू केडिया ने कहा कि आज यह देखा जाता है कि जब मनुष्य के ऊपर संकट आता है तब मनुष्य प्रभु की शरण में जाता है किंतु आज कोरोना वायरस के संक्रमण के चलते पूरे देश के सभी मंदिरों के कपाट बंद कर दिए गए हैं एवं आज इंसान को घर में रहकर भगवान के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए इस संकट की घड़ी को पार करना हैए यही हमारी सबसे बड़ी जीत होगी, खुशबू केडिया के मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में ?51000 की राशि दिए जाने पर अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ प्रदेश की नारी शक्ति इकाई, सहित रायपुर शहर महिला कांग्रेस कमेटी एवं विभिन्न स्वयंसेवी, सामाजिक संस्थाओं ने भी उनकी इस पहल का स्वागत किया है।

# सोशल डिस्टेंसिंग बनी रहे, लोग सड़कों पर न घूमें, भीड़ एकत्रित न हों

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com

आयुक्त राहुल देव ने जोन कमिश्नरों को निर्देश दिए हैं कि नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व नियंत्रण हेतु जारी लाकडाउन के दौरान लोगों में सोशल डिस्टेंसिंग बनी रहेए वे सड़क व बाजार में न घूमें, भी, एकत्रित न हों, केवल अत्यावश्यक सामग्री, दवा क्रय के लिए ही बाहर आएं, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित कराएं। उन्होने निर्देश दिए कि प्रत्येक बीट में चलाए जा रहे वृहद अभियान को निरंतर जारी रखें, समस्त अधिकारी कर्मचारी सतर्क व सजग रहें, सेनेटाईजेशन का कार्य निरंतर चलाएं तथा बड़े सब्जी बाजारों को विक्रेन्द्रित यह सुनिश्चित करें कि कहीं पर भी पांच से ज्यादा सब्जी दुकानें एक साथ संचालित न हों।

नोवल कोरोना वायरस कोविड.19 के संक्रमण से बचाव व उसके नियंत्रण हेतु महापौर राजकिशोर प्रसाद, कलेक्टर किरण कौशल व आयुक्त राहुल देव के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा जिला प्रशासनए पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर युद्ध स्तर पर सभी आवश्यक एहतियाती कदम उठाने के साथ.साथ प्रतिबंधात्मक आदेशों का क्रियान्वयन कराया जा रहा है। निगम क्षेत्र को 20 बीटों में बांटकर प्रत्येक बीट में बचाव व नियंत्रण से संबंधित वृहद अभियान संचालित कराए जा रहे हैं। आज जिला कोर कमेटी की बैठक के पश्चात आयुक्त राहुल देव ने अपर आयुक्त अशोक शर्मा के साथ सभी जोन कमिश्नरों की बैठक लेकर कार्यो की समीक्षा की तथा कोर कमेटी में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सुबह 10 से दोपहर 01 बजे तक ही खुलेंगी दुकानें. आयुक्त राहुल देव ने जोन कमिश्नरों से कहा कि कोर कमेटी में लिए गए निर्णय अनुसार 26 मार्च से साग.सब्जी, किराना आदि का ऐसी दुकानें जिन्हें खोलने की छूट दी गई है, वे प्रातः 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक ही खुली रहेंगी, अतः समस्त जोन कमिश्नर अपने-अपने जोन व बीट में इसका अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित कराएं, जो दुकानदार इसका उल्लंघन करेंए उस पर जुर्माना लगाएं तथा पुलिस की सहायता लें एवं दोबारा ऐसा करने पर दुकान को सील करने की कार्यवाही करें, जबकि दवा दुकानों हेतु खुलने का समय पूर्ववत रहेगा। अत्यावश्यक सामग्री दवा क्रय हेतु एक परिवार से एक ही व्यक्ति.सब्जीए सागए किरानाए दूधए दवा जैसी अत्यावश्यक सामग्रियों की खरीदी हेतु निर्धारित समय में एक परिवार से एक ही व्यक्ति घर से बाहर जाएंगा तथा सामग्री क्रय कर सीधे घर वापस आएगा, बाजार में अनावश्यक घूमने की अनुमति किसी को नहीं दी जाएगी, लोगों से कहा गया है कि वह तीन.चार दिन की सब्जी एक साथ लें ताकि प्रतिदिन घर से बाहर न निकलना पड़े। निगम द्वारा घर पहुंच सेवा चालू की गई हैए जो व्यक्ति बाहर नहीं निकलना चाहते है वे इस विकल्प को चुन सकते हैं, घर पहुंच सेवा में निःशक्त, बुजुर्ग, महिला या अन्य जरूरतमंद लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी।

# हालात की गंभीरता को समझे, दिशा निर्देशों का अनिवार्यत करें पालन : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

कलेक्टर यशवंत कुमार की अध्यक्षता में कोरोना वायरस (कोविड-19) के प्रभावी रोकथाम के लिए गठित कोर टीम की महत्वपूर्ण बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में हुई। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, एडीएम राजेन्द्र कुमार कटारा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में जिले में लॉक डाउन के ताजा हालात तथा इस दौरान लोगों की सुविधा के लिए बनाई गई व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि लॉक डाउन एक महत्वपूर्ण व एहतियाती कदम है। जिसे जनहित में लिया गया है। उन्होंने जिले के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि शासन-प्रशासन कोरोना वायरस से उत्पन्न परिस्थितयों से निपटने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। जिसके लिए कई कड़े फैसले लिए गए हैं, जिनकी अहमियत जनता को समझना होगा। तभी हम इस महामारी को मात दे सकते हैं। इस घड़ी में प्रशासन को लोगों से सवेदनशीलता से हालातों को समझते हुए सहयोग की उम्मीद है। उन्होंने आगे कहा कि लोग घरों में बने रहे हैं, बाहर न निकलें जारी दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन करें। लोगों के दैनिक जरूरत की हर आवश्यक चीज की उपलब्धता बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरे समर्पण से कार्य कर रही है।



समीक्षा के दौरान कलेक्टर यशवंत कुमार ने कोर टीम को कई जरूरी निर्देश भी दिए। जिसके तहत लोगों के लिए रोजमर्रा की जरूरतों के लिए शहर के विभिन्न स्थानों में शुरू किए गए सब्जी, फल, दूध, अंडों के स्टालों के साथ अतिआवश्यक सेवा अंतर्गत खुली सभी दुकानों जैसे मेडिकल शॉप, राशन व किराना दुकान आदि में भीड़ को नियंत्रित करने के साथ सोशल डिस्टेंसिंग बनाये रखने के लिए एक-एक मीटर की दूरी पर अनिवार्यतः मार्किंग करवाने के लिए नगर निगम आयुक्त को दिए।

## पेज 1 के शेष...

### कोरोना वायरस से दुनिया में 21,300 मौतें...

शिफ्ट करने के निर्देश मिले हैं। परिवार के 8 सदस्यों को भी स्थानीय आइसोलेशन सेंटर में रखा गया है। युवक का कहना है कि उसने 13 मार्च को टेस्ट कराया था, लेकिन उसकी रिपोर्ट निगेटिव आई थी। युवक यहां कई लोगों से मिला भी है। जबकि बिलासपुर में मिली महिला मरीज 50 साल की है।

लंदन से लौटी युवती के खिलाफ एफआईआर

वहीं, बुधवार को रायपुर में मिली कोरोना पॉजिटिव युवती के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। युवती 16 मार्च को लंदन से लौटी थी। आरोप है कि युवती ने सावधानी नहीं बरती और अन्य लोगों के जीवन को संकट में डाला। शासन के आदेशों की अवहेलना की। कोरोना रोग को अपने घर, परिवार, नौकरानी और ड्राइवर से छुपाकर सं मित रोग को जानबूझकर फैलाने का प्रयास किया।

विदेश यात्रा से लौटे 17 लोगों ने जांच नहीं कराई

केंद्र सरकार ने हाल ही में विदेश यात्रा से लौटे छत्तीसगढ़ के 17 लोगों की सूची जारी की है। इन सभी से स्वास्थ्य की जांच कराने के लिए कहा है। सामने नहीं आने पर केस दर्ज कराया जाएगा। पुलिस का कहना है कि इन्होंने विदेश से लौटने की जानकारी छिपाई है। रायपुर आने के बाद सब अलग-अलग जगह गए। अभी पते सामने नहीं आए हैं। इनमें संबंध में नागरिक भी टोल फी नं 104 पर जानकारी दे सकते हैं।

सरकार ने निजी हॉस्पिटल को कब्जे में लिया, आइसोलेशन वार्ड बनाए जाएंगे

छत्तीसगढ़ सरकार ने कोरोना को प्रदेश में सं ामक रोग घोषित किया। प्रदेश के सभी निजी अस्पताल कब्जे में ले लिए हैं। अब प्रत्येक अस्पताल में कोरोना सं मितों के लिए आइसोलेशन वार्ड बनाए जाएंगे। अस्पतालों की पूरी तरह से निगरानी सरकार के हाथ में होगी। हालांकि इनका संचालन पहले की तरह ही अस्पताल मालिकों के हाथों में होगा।

रायपुर में अब 3 कोरोना पॉजिटिव

रायपुर में एक सप्ताह पहले लंदन से लौटी लड़की कोरोना सं मित पाई गई थी। इसके बाद बुधवार को भी लंदन से ही लौटी लड़की सं मित थी। गुरुवार को बुजुर्ग सं मित मिला।

### विधानसभा में पहली बार गिलोटिन...

मगर ऐसा नहीं हुआ। नाराज भाजपा सदस्यों ने कार्रवाई का बहिष्कार कर दिया। सदन की कार्रवाई शुरू होने के बाद सुकमा में शहीद 17 जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने इस घटना पर दुख जताया। जवानों के सम्मान में सदन की कार्रवाई 5 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की कार्रवाई शुरू होने पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कार्यमंत्रणा समिति के बैठक का प्रस्ताव रखा।

विपक्षी भाजपा सदस्यों ने प्रस्ताव पर असहमति जाहिर की और पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने मांग की कि विधेयकों पर चर्चा होनी चाहिए।

इस पर उन्होंने मत विभाजन का प्रस्ताव रखा। श्री अग्रवाल का प्रस्ताव 57 के मुकाबले 14 मतों से खारिज हो गया। विधानसभा में पहली बार गिलोटिन की प्रि या के जरिए 1 लाख 2 हजार करोड़ का बजट पारित किया गया।

मुख्यमंत्री ने बजट डिमांड पढ़ा और सदन में इसकी मंजूरी दे दी। इसके बाद संबंधित विधेयकों को भी पटल में रखा गया और एक-एक कर संबंधित विधेयकों को मंजूरी मिलती गई। विपक्षी भाजपा सदस्यों ने असहमति जाहिर करते हुए सदन की कार्रवाई का बहिष्कार कर दिया। विधेयक पारित होने के बाद विधानसभा की कार्रवाई अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। कोरोना सं मण के कारण पत्रकारों को हाउस के भीतर जाने की अनुमति नहीं दी गई। इसी तरह विधानसभा के आधे से भी कम अधिकारियों और कर्मचारियों को बुलाया गया है।

### मंत्री अकबर ने दिया 20 लाख का अनुदान

विधायक निधि की राशि अब जल्दी ही स्वास्थ्य विभाग को मिल जाएगी. ये राशि कवर्धा जिले में कोरोना से लड़ने में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृण करने में इस्तमाल की जाएगी. ये राशि पहले चार निर्माण कार्यो के लिए स्वीकृत की गई थी, लेकिन कोरोना की वजह से ये निर्माण कार्य अटके हुए थे. अब इसी राशि का इस्तेमाल कोरोना के खिलाफ किया जा रहा है।

### गरीब महिलाओं को तीन माह मुफ्त सिलेंडर...

जीएसटी फाइल करने की तारीख भी 30 जून तक बढ़ा दी गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मार्च, अप्रैल, मई 2020 की जीएसटी रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि जून 2020 तक बढ़ाई गई है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि कोरोना वायरस से जुड़े कार्यों में अब सीएसआर का फंड दिया जा सकता है। इसका मतलब है कि इस फंड के पैसे का इस्तेमाल कोरोना वारयरस से निपटने में किया जाएगा। 5 करोड़ तक टर्नओवर वाली कंपनियों के लिए जीएसटी रिटर्न फाइल करने में देरी पर फिलहाल जुर्माना नहीं लगेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ऐलान किया कि 3 महीने तक बैंकों के एटीएम से कैश निकालने पर किसी तरह का चार्ज नहीं देना होगा।

### श्रमिकों की तत्काल सहायता के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में बनी समिति

रायगढ़. राज्य शासन नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) से उत्पन्न परिस्थितियों के परिपेक्ष्य में संकटापन्न जरूरतमंद पंजीकृत श्रमिकों एवं कर्मकारों को आवश्यकतानुसार तात्कालिक सहायता प्रदान करने के लिए निर्णय लिया है। ज्ञात हो कि राज्य शासन द्वारा जरूरतमंद पंजीकृत श्रमिकों एवं कर्मकारों की सहूलियत के लिए विभाग द्वारा राज्य स्तर पर हेल्पलाइन नंबर स्थापित की गई है। जिसका मोबा.नं. 91098-49992 एवं टेलीफोन नंबर-0771-2443809 है। इसी प्रकार जिले में कलेक्टर यशवंत कुमार की अध्यक्षता में जिला समिति का गठन किया गया है। जिसमें नोडल अधिकारी अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी राजेन्द्र कुमार कटारा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री ग चा प्रकाश चौधरी सदस्य तथा सहायक श्रमायुक्त विकास सरोदे को सदस्य सचिव बनाया गया है। समिति द्वारा प्रकरणवार सहायता एवं आवश्यकताओं का आंकलन करते हुए तत्काल अथवा 24 घंटे के भीतर निर्णय कर कार्यवाही करेगी।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भवन/सड़क), महासमुन्द-संभाग, जिला-महासमुन्द (छ.ग.)**
दूरभाष नं.-07723/222019 pwd_msd@yahoo.com, फैक्स नं.-07723/224699
ज्ञाप क्रमांक ..../ महासमुन्द, दिनांक ../../..

**निविदा शुद्धिकरण सूचना**

इस कार्यालय द्वारा जारी अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक - 789/ एन.आई.टी. क्रमांक-9/व.ले.लि./2019-20/दिनांक 04/03/2020 द्वारा निविदा क्रमांक **T0118** से **T0119** तक 02 नग कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की गई थी। जिसे अपरिहार्य कारणों से निविदा तिथियों में निम्नानुसार आंशिक संशोधन किया जाता है :-

| क्र. | विवरण | पूर्व निर्धारित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| (1) | ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 24.03.2020 | 23.04.2020 |
| (2) | निविदा खोलने की तिथि | 25.03.2020 | 24.04.2020 |

निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ./स.)
संभाग-महासमुन्द (छ.ग.)
जी-78182/3

## क्विक न्यूज

### रेल्वे कर्मचारियों को मिली आवाजाही में छूट

**भाटापारा।** कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुए जिला कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने 31 मार्च तक जिला के सभी पंजीयन कार्यालयों को बंद करनें के आदेश जारी किया गया हैं। इसके साथ भारत सरकार के निर्देशानुसार रेल्वे के कर्मचारियों को आवाजाही में छूट प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि रेल्वे केवल पैसेंजर गाड़ियों को बंद किया हैं। लेकिन मालवाहक गाड़ियों का परिचालन चालू हैं। जिसके चलते बहुत से कार्य करनें वाले रेल्वे के कर्मचारियों को यह छूट प्रदान की गई है। जिला में हतबंध, भाटापारा, सिमगा आदि क्षेत्रों के आसपास रेल्वे के कर्मचारी कार्यरत हैं। इसके लिए पुलिस प्रशासन को अलग से सूचना दे दी गई हैं। साथ ही इन कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से आई कार्ड रखना जरूरी है। इन कर्मचारियों को भी शासन के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य हैं।

### संकटग्रस्त श्रमिकों की मदद के लिए कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति गठित

**भाटापारा।** कोरोना वायरस से उपजे हालात के चलते संकट में फंसे पंजीकृत श्रमिकों को तात्कालिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए कलेक्टर कार्तिकेया गोयल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति गठित की गई है। समिति यथासम्भव 24 घंटे में प्राप्त प्रकरणों का निराकरण करेगी। समिति में सदस्य के रूप में जिला पंचायत के सीईओ आशुतोष पांडेय, अपर कलेक्टर जोगेंद्र नायक तथा श्रम पदाधिकारी तेजस चंद्राकर सदस्य सचिव बनाये गए हैं। श्रमिकों की सहायता के लिये जिला स्तरीय हेल्प नम्बर. 6260445466 जारी किया गया है। इसके अलावा राज्य स्तरीय हेल्प लाइन नम्बर 91098.49992ए 0771.2443809 तथा 112ए104 एवं 1100 नम्बर पर भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### मदिरा दुकानें 31 मार्च तक रहेंगी बन्द

**भाटापारा।** जिले की तमाम मदिरा दुकानें आगामी 31 मार्च तक के लिए बंद रहेंगी। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने 26 मार्च से लेकर 31 मार्च तक मदिरा दुकानों को बंद रखने के निर्देश दिए हैं। आबकारी अधिनियम की प्रावधानों के तहत इस अवधि को ड्राई डे घोषित किया है। कोरोना संक्रमण से आम जनता के बचाव को ध्यान में रखते हुए दुकानों को बंद रखने आदेशित किया गया है। आदेश के तहत जिले की भौगोलिक सीमा के भीतर स्थित देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानें एवं मद्य भाण्डागार दोनों बन्द रहेंगे। कलेक्टर ने जिले की पुलिस एवं आबकारी विभाग के अधिकारियों को बंद आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा है। उल्लेखनीय है कि इसके पहले 23 से 25 मार्च तक लगातार तीन दिन तक मदिरा दुकान बंद रखी गई थीं।

# लॉक डाउन का उल्लंघन फर्नीचर मार्ट एवं वेल्डिंग दुकान को पुलिस ने किया सील

## राजस्व एवं पुलिस टीम ने की सयुंक्त कार्यवाही






पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

कोरोना वायरस को लेकर जहाँ शासन-प्रशासन अलर्ट सतर्क नजर आ रहा हैए साथ ही जागरूक व जिम्मेदार लोग कोरोना वायरस की लड़ाई की इस जंग में शासन-प्रशासन के साथ सहभागिता निभा रहे है और जारी किए गए एडवाइजरी का शत प्रतिशत पालन कर रहे है। वही दूसरी तरफ कुछ गैरजिम्मेदार लोग अपनी गैरजिम्मेदाराना का परिचय दे रहे है। धारा-144 एवं कर्फ्यू की अवहेलना कर रहे हैं। इस वक्त सम्पूर्ण देश कोरोना वायरस के महा प्रकोप से जूझ रहा है। वही दूसरी तरफ कुछ लोग जारी एडवायजरी का पालन नही कर लापरवाही बरत रहे हैं। उल्लेखनीय हो कि पीएम मोदी की अपील 21 दिनों तक लॉक डाउन एवं जिले में लगे धारा 144 व कर्फ्यू को दरकिनार करते हुए गैर जिम्मेदार लोग इन आदेशों का पालन नहीं कर रहे है। जिससे अन्य व्यक्तियों को दिक्कतों का का सामना करना पड़ रहे है। लेकिन ऐसे लापरवाह लोगों पर जिला प्रशासन लगातार कार्यवाही कर रहा हैं। इसी के मद्देनजर बालोद राजस्व एवं पुलिस की सयुंक्त टीम ने झलमला के सिन्हा फर्नीचर मार्ट व एक वेल्डिंग दुकान को सील किया है। तहसीलदार रश्मि वर्मा से मिली जानकारी के अनुसार उक्त दोनों दुकानों के संचालको के द्वारा लाक डाउन व धारा-144 के आदेश का पालन नहीं किया जा रहा था। प्रतिबंधित दुकानों को भी खोला जा रहा हैं। जिसके चलते उक्त कार्यवाही की गई है। बता दे कि जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की टीम लाक डाउन की अपील जब से पीएम मोदी ने की है तब से जिला प्रशासनए राजस्व विभागए पुलिस प्रशासन की टीम सतर्क होकर लगातार कोरोना जैसे महामारी से बचने के लिए जिले वासियों से सुरक्षित व स?क पर न निकलने की अपील कर रहे है। वही लाक डाउन व धारा-144 एवं कर्फ्यू का उल्लंघन करने वालो पर लगातार कड़ी कार्यवाही कर रही है। अगर बात करे तहसीलदार रश्मि वर्मा की तो कोरोना वायरस से बचाव एवं अलर्ट रहने लापरवाह एवं गैरजिम्मेदार लोगों को रोजाना सुबह से शाम तक पेट्रोलिंग करते नजर आती है।

## लॉकडाउन में घुमन्तू परिवारों व जरूरतमंदों को राशन के साथ आर्थिक मदद



पायनियर संवाददाता ◄ चारामा
www.dailypioneer.com

महामारी 'कोविड-19' वाइरस से सुरक्षा तथा बचाव को ध्यान में रखते हुए भारत के सभीं राज्यों में लॉकडाउन किया गया है।छग भी पूरी तरह से लाकडाउन है, वाइरस के प्रकोप से बचने के लिए शासन व प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर जिला प्रशासन के द्वारा लॉकड़ाउन के दौरान अनावश्यक रूप सें घरों से निकलने व धारा 144 का पालन नही करने वालों पर सख्तीपूर्वक नियंत्रण की कोशिशें की जा रही है।लाकडाउन की स्थिति से सभी पर आर्थिक बोझ पड रहा है, लेकिन स्वास्थ्य एंव भंयकर संकट से बचने के लिए यह भी आवश्यक है।

ऐसे में प्रतिदिन कमाकर खाने वाले लोगो के लिए बडी समस्या हो रही है। वही बाहर प्रदेशो से आकर घुमन्तु परिवारो के सामने विकराल स्थिति उत्पन्न हो गई है। न तो वे कमा पा रहे है और न ही अपने घर गॉव वापस जा पा रहे है। इन्ही सभी समस्याओं को देखते हुए राज्य सरकार की ओर से ऐसे गरीब परिवारो को राशन एंव 1000 रूप्ये नगद दिये जाने का आदेश दिया गया है। ताकि वे दो वक्त का खाना घर पर ही रहकर खा सके। इसी के तहत अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) एसपी वैद्ध, तहसीलदार दिव्या पोटाई, नगर पालिका अधिकारी बंशी लाल नुरूटी, के नेतृत्व में जनप्रतिनिधि एवं पत्रकारों की उपस्थिति में शासकीय अमला के द्वारा रायसेन जिला म.प्र. से पिछले 4 महिने पहले आये घुमन्तु परिवार को जो कि लोहा गलाई कर विभिन्न प्रकार के औजार हंसिया आदि बनाने का कार्य करते है , परिवारों को राहत सामाग्री वितरित किया गया।ऐसे परिवारो को राशन के अंतर्गत 30 किलो चावल, 3.50 किलो दाल तथा प्रति परिवार 1000 रू नगद राशि के रूप में सहायता प्रदान की गई हैं। वहीं प्रत्येक ग्राम पंचायतों में भी 2 क्विंटल चावल व 25 किलो दाल तथा नगद राशि प्रदान किया गया हैं।

## अत्यावश्यक सेवा से जुड़े कर्मचारियों के लिए जारी हुआ पहचान पत्र



पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत कार्यरत अत्यावश्यक सेवा वाले अधिकारीध्कर्मचारियों को जोन आयुक्तों द्वारा पहचान पत्र प्रदाय किया गया है ताकि सफाई, स्वच्छता, विद्युत, पेयजलए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की सेवाएं शासन के आदेश अनुसार बरकरार रखी जा सके और लोगों को अत्यावश्यक बुनियादी सेवाएं मिल सके। निगम के अधिकारियों को अत्यावश्यक सेवा के कार्यों में कोई दिक्कत न हो इसके लिए पहचान पत्र जारी कर दिया गया है! गौरतलब है कि निगम क्षेत्र के संपूर्ण भिलाई शहर में लॉक डाउन एवं धारा 144 लागू है। इस दौरान लोगों को अत्यावश्यक सेवा देने के लिए निगम के महज कुछ विभाग ही कार्यरत है! अब इन कर्मचारियों को पहचान पत्र प्रदान किया जा रहा है।

### विधायक शिवरतन ने एक माह का वेतन आपदा राहत कोष में देने का लिया निर्णय



**भाटापारा।** भाटापारा विधानसभा विधायक शिवरतन शर्मा ने विश्वव्यापी प्रसार कर रहे नोवल कोरोना वायरस कोविड्-19 महामारी की रोक थाम हेतु अपने एक माह के वेतन को आपदा राहत कोष में देने की घोषणा की है। विधायक शिवरतन शर्मा ने सभी नागरिकों से विन्रम अपील की है कि वे अपने घरों में रहे भीड़ में ना जावे तथा सुरक्षा हेतु बताये जा रहे आवश्यक निर्देशो का पालन करे व किसी अफ़्वाह में न आये न ही अफ वाह फैलाये। हम सभी मिलकर कोरोना वायरस के खिलाफ़इस लड़ाई में जीत हासिल करेंगे तथा अपने क्षेत्र के लोगो की सुरक्षा करेंगे।

## दुकानों में सोशल डिस्टेंसिंग के नियम का पालन अनिवार्य

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



दुकानों से सामग्री खरीदने के दौरान सोशल डिस्टेंसिंग बनाये रखने के नियम का पालन जरूरी किया गया है। कोरोना संक्रमण से बचाव के प्रभावी उपाय के अंतर्गत कतार में लगाकर ग्राहकों को सामग्री देना होगा। कतार में खड़े दो लोगों के बीच कम से कम 1 मीटर की सुरक्षित दूरी रखना होगा। दूरी के नियम का पालन नहीं किये जाने पर दुकानदारों को सामग्री बेचने से रोक दिया जायेगा। संयुक्त कलेक्टर अरविन्द पांडेय ने बताया कि नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र की सभी दुकानों को दूरी बनाए रखने के नियम का पालन करना होगा। सब्ज़ीए किरानाए मेडिकल सहित दुकान खोलने की छूट दिए गए सभी दुकानों पर समान रूप से यह नियम लागू होगा। ऐसा किये जाने का वाजि़ब कारण भी है। कोरोना संक्रमण का सबसे प्रमुख कारण पड़ोस स्थित व्यक्ति के खांसी.छीक से है। एक बार की खांसी.छींक से हज़ारों की संख्या में वायरस की बौछार बाहर आती हैए जो कि कई लोगों को चपेट में लेने के लिए पर्याप्त होती है। इसलिए लोगों से कम से कम एक मीटर की दूरी रखने पर जोर दिया जा रहा है। खोलने की छूट प्राप्त हर दुकानदार की यह जवाबदारी है कि वह अपने दुकान के सामने सवेरे चूने से एक.एक मीटर दूरी पर मार्किंग करे और उस पर ग्राहक को खड़े होकर अपनी बारी का इंतज़ार करने का आग्रह करें। एक समय में एक ही ग्राहक को सामान देना है। उसका हिसाब चुकता होने के बाद ही दूसरेए तीसरेए चौथे ग्राहक को सामग्री देनी है। हाथ.धुलाई अथवा सैनिटाइजर की व्यवस्था भी यथासम्भव दुकान में किया जाना चाहिये। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कार्तिकेया गोयल ने महामारी अधिनियम के अंतर्गत अति आवश्यक दुकानों को छोड़ कर तमाम दुकानों के खोलने पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। छूट वाले दुकानों को भी सवेरे 8 से शाम 4 बजे तक खोलना है।

## महिला स्व सहायता समूह द्वारा तैयार किया जा रहा है मास्क

### अत्यावश्यक सेवा में लगे अधिकारी, कर्मचारियों को किया जाएगा वितरण



पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम एवं उपाय के लिए निगम भिलाई क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले महिला स्व सहायता समूह द्वारा कपड़े से मास्क तैयार किया जा रहा है और इस मास्क का वितरण अत्यावश्यक सेवा में लगे हुए अधिकारी-कर्मचारियों को किया जाएगा। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के नोडल अधिकारी तरुण पाल लहरें ने बताया कि लगभग 3000 मास्क तैयार कर लिया गया है इस मास्क का वितरण निगम में कार्यरत अत्यावश्यक सेवा वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को किया जाएगा। मास्क बनाने के लिए इसका जिम्मा संवेदना महिला स्व सहायता समूह को दिया गया था उनके द्वारा मास्क तैयार कर लिया गया है तथा तैयार करने के पश्चात इसे पूर्ण रूप से सैनिटाइज कर वितरण के लिए दिया गया है। इस मास्क को पुनः उपयोग में लाने के लिए अच्छी तरह से धोकर सुखाया जा सकता है तथा सैनिटाइज किया जा सकता है, महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं ने इसे 2 से 3 दिनों में तैयार किया है! राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत आने वाले एरिया लेवल फेडरेशन की महिलाएं मास्क तैयार करने का कार्य घर पर रहकर कर रही है।

# लाकडाउन के चलते किसानों को खाद और दवाइयां उपलब्ध नहीं

पायनियर संवाददाता ◄ चारामा
www.dailypioneer.com

कोरोना वायसर के चलते नगर की सभी दुकाने बंद है, कुछ शासकीय संस्थानों के अलावा बैंकों को आम जनता के लिए खोला गया है। वही इस लाकडाउन की स्थिति में हर वर्ग को आर्थिक क्षति हो रही है। हॉट बाजार खुले है ,इसी हॉट बाजार में बैठने वाले सब्जी विक्रेता अपनी फसलों को लेकर चिंतित नजर आ रहे है। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि खेतों और बाडियों में सब्जी लगी हुई है,खडी सब्जी फसलों में कीट का प्रकोप भी हो रहा है।बीते दिनों मौसम की हेर फेर ने कई सब्जी की फसलों पर कीट का प्रकोप बढ़ा लिया है। लाकडाउन के चलते कृषि दुकाने बंद है। किसानों को उचित खाद और दवाईयॉ उपलब्ध नहीं हो पा रही है एंव शासन की उघानिकी विभाग मे वर्तमान मे सब्जियों के लिए कोई भी खाद या दवा उपलब्ध नही है।ऐसे मे सब्जी फसलों के नुकसान होने का अंदेशा है। सब्जी की फसल नुकसान होगी तो सब्जियो के दाम भी बढ़ेंगे, जिसका नुकसान आम जनता को भी उठाना पड़ेगा। सब्जी विक्रेताओ का कहना है कि शासन प्रशासन सब्जी किसानो के हित मे प्रतिदिन या सप्ताह मे दो तीन दिन कुछ घंटे ही सही दवाई लेने हेतु कृषि दुकानों को खोले। ताकि किसानों की सब्जी की फसल को खराब होने से बचाया जा सके। वही शासकीय उघानिकी विभाग की ग्रामीण विस्तार अधिकारी मेघा ठाकुर ने बताया कि शासन की ओर से समय समय पर सब्जियों के लिए दवा का वितरण किया जाता है,जो कि वितरण पहले किया जा चुका है,वर्तमान मे विभाग मे कोई भी कीट नाशक दवा या खाद उपलब्ध नही है। किसान नीजि कृषि दुकानो से कीट की दवा ले सकते है।

## क्रेता एवं दुकानदार से भी कम से कम 1 मीटर दूरी बनाने की अपील

# आवश्यक सामग्री लेने आने वालों के लिए निगम करवा रहा मार्किंग

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत राशन दुकानए मेडिकल दुकान आदि छूट प्राप्त दुकानों में खरीदारी करने आने वाले क्रेता एवं दुकानदार कम से कम 1 मीटर की दूरी बनाकर कतार बद्ध रहेंगे। इसके लिए चूना पेंट अथवा अन्य विधि से दुकानों के सामने मार्किंग की जा रही है एवं छूट प्राप्त दुकानदारों से भी इसी प्रकार की अपील की जाती है कि वह अपने दुकानों के सामने पर्याप्त दूरी बनाए रखें भीड़ बढ़ने न दे। जो भी दुकानदार इस आदेश का पालन नहीं कर सकेंगे उन्हें दुकान संचालन की छूट से समाप्त मानी जाएगी। निगम भिलाई द्वारा किराना दुकानों मे आने वाले खरीदारों को कतार बद्ध करने तथा परस्पर दूरी बनाए रखने के लिए पेंटए चूना एवं अन्य विधि द्वारा मार्किंग की जा रही है। आमजन से भी अपील है कि कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए सहयोग करेंए घर पर ही रहे अत्यावश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकले स्वयं सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखने में मददगार बने।

### अधिक दर पर सामग्री विक्रय करने पर होगी कार्यवाही

**भिलाई नगर।** वर्तमान में छूट प्राप्त दुकानों के दुकानदारों द्वारा सामान्य प्रचलित दर से अधिक दर पर सामग्री का विक्रय करने पर कार्यवाही की जाएगी। तथा संबंधित दुकान के खुलने की छूट भी समाप्त मानी जाएगी। सामान्य प्रचलित दर से अधिक दर पर सामग्री विक्रय प्रतिबंधित रहेगा।

# लाकडाउन का दुकानदार लगातार कर रहे हैं नियमों का उल्लंघन

पायनियर संवाददाता ◄ चारामा
www.dailypioneer.com



लाकडाउन के दूसरे दिन भी नगर मे दुकाने बंद रही। लेकिन सुबह 09 बजे से शाम 05 बजे तक किराना, डेली निड्स व हॉट बाजार खुला रहा। जिसमें लोगों ने खरीदी की। लेकिन जिस नियमों के तहत किराना दुकान, मेडिकल ,डेली निड्स व हाट बाजार खोले जा रहे है। संचालक एवं ग्राहक उन नियमों की लगातार अनदेखी कर रहे है। गुरूवार को चारामा का बाजार सुबह 09 बजे से शाम 05 बजे तक खुला रहा है। सुबह से ही बाजार मे ग्राहको को काफी भीड रही। किसी भी प्रकार का सोशल डिस्टेन्स का पालन न ही ग्राहकों ने किया न ही संचालको ने। दोपहर के बाद यह भीड और बढ गई,शाम 05 बजे जब बाजार नगर पंचायत व पुलिस के द्वारा बंद कराया गया। तब बाजार में लगभग 1000 से अधिक लोगो की भीड एक साथ रही। लोगो की सुविधा के लिए खोले गये किराना एंव हॉट बाजार की दुकानो का आम जनता दुरूपयोग कर रही है। ऐसे में वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए किये जाने वाले उपाय जमीन पर धुलते हुए नजर आ रहे है। ऐसे मे प्रशासन को अब हॉट बाजार एवं दुकानों पर और सख्ती दिखानी होगी या हॉट बाजारों को कुछ समय के लिए ही खोलना होगा। नहीं तो आम जनता जो नासमझी भरे कार्य कर रही है लगातार करती ही रहेगी।और जिसका परिणाम भयावह भी हो सकता है। वर्तमान में चारामा में कोरोना का कोई केस नहीं आया है, लेकिन चारामा विकासखण्ड में 100 से अधिक लोग जो बाहर प्रदेशों से आये है उनकी जॉच चल रही है और उन्हें होम आईसोलेशन में रखा गया है। लेकिन यह कोई खुशी की बात नहीं है ,वायरस एक व्यक्ति से हजारों में पहुँच सकता है और कब ,कैसे आ जाये,किसके सम्पर्क से आ जाये,कहॉ नहीं जा सकता है।


**सेवा :** खाने के पैकेट बांट रहे जनप्रतिनिधि, सेवाभावी संस्था और कई परिवार।


**सुरक्षा :** कोरोना वायरस से बचाव के लिए सोशल डिस्टेंसिंग और अन्य उपाय किए जा रहे हैं।


**सम्मान :** प्रशासन की अपील का सम्मान किया जा रहा, लोग दूसरों को भी कर रहे जागरुक।

# संस्कारधानी ने कोरोना से इंसानियत की लड़ाई में अपनाए तीन मंत्र, सेवा, सुरक्षा, सम्मान

पायनियर संवाददाता ‹ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शहर में कोरोना से लड़ाई अब कई कदम आगे बढ़ चुकी है। अब जितना ज्यादा खतरा है उतनी ही ज्यादा जागरुकताऔर बचाव के उपाय लोग करने में लगे हुए हैं। एक वायरस से जूझती इंसानियत ने तीन मंत्र अपना लिए हैं सेवा, सुरक्षा, सम्मान और यही तीन मंत्र हैं जो इंसानियत को हर संकट की घड़ी से जूझने का मौका देते हैं। यही वो तीन आधार हैं जो इस वक्त से आगे निकल जाने और बुरे अनुभवों को भविष्य की बेहतरी में तब्दील करने की सीख देते हैं।

खबरें कई हैं लेकिन इनके बीच एक वाक्य है जो यहां लिखा जाना बेहद जरुरी है... प्रणाम, सलाम है इस अवाम को जो इस खतरे के बीच भी अपने सकारात्मक पहलू को आगे रखे हुए है, उन्हें भी जिनके भरोसे हम घर बैठे सब ठीक हो जाने को लेकर आश्वस्त हैं, उन्हें भी जो हमे सुरक्षित रखने दिन-रात एक किए हुए हैं, उन्हें भी जो हमारी जरुरतों का ख्याल रख रहे हैं, उन्हें भी जो रोज़ाना हमारे आसपास होते हुए भी हमे नज़र नहीं आ रहे और हमें साथ-सुथरे महौल में रखने की पूरी कोशिश कर रहे हैं, स्वास्थ्य महकमा, प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी, पुलिस अधिकारी-जवान... और सभी आम लोग इस प्रशंसा के हकदार हैं।

बहरहाल, राजनांदगांव शहर में बुधवार को मिले एक पॉजिटीव केस के बाद अभी हालात स्थिर हैं।



हालांकि राज्य में ऐसे मामलों की संख्या बढ़कर 6 हो चुकी है जो कि चिंताजनक है। कोरोना वायरस संक्रमण के फैलने की गति काफी तेज है। अब तक की सभी रिपोर्ट में यह सामने आया है कि शुरुआती मामले दर्ज किए जाने के 4 दिन बादऔर फिर लगभग हर दूसरे दिन ऐसे मरीज़ों की संख्या बढ़ती जाती है। ऐसे में सावधानी बरतना बेहद जरुरी है। खासकर राजनांदगांव शहर में सावधानी बरतना बेहद ज्यादा जरुरी है और इसका भी एक कारण है।

दरअसल, जिस युवक की रिपोर्ट पॉजिटीव आई है उसने आईसोलेशन में रहने के नियमों और बचाव के निदेर्शों को तोड़ा और लगातार गश्त करता रहा। इस दौरान वे कई लोगों के संपर्क में आया। इसे देखते हुए आशंका है कि ऐसे मामले और भी सामने आ सकते हैं लेकिन इससे डरने की भी आवश्यकता नहीं है। खुद चिकित्सक कह रहे हैं कि कोरोना वायरस का संक्रमण इतना भी जटील नहीं है कि उसका उपचार न किया जा सके। हां इसमें थोड़ा वक्त जरुरत लगता है क्यूंकि संक्रमित व्यक्ति को 14 या इससे ज्यादा दिनों के लिए क्वारंटीन (विशेष निगरानी में अकेले) में रहना पड़ता है।

न घबराने की एक और वजह है प्रशासन, स्वास्थ्य अमले की तेजी और लोगों की जागरुकता। इस दौरान संक्रमित युवक से मिलने वाले अधिकतर लोगों ने स्वयं को आईसोलेशन में रखा है। बहुतों ने इसकी जानकारी भी स्वास्थ्य अमले को, प्रशासन को दी है कि वह उक्त युवक के संपर्क में थे। इस मामले पर कड़ी नज़र भी रखी जा रही है। इस दौरान कुछ लोगों ने बेहद महत्वपूर्ण काम किया है। संक्रमित युवक को जानने वालों ने एक दूसरे की चैन बनाकर मामले की पड़ताल की कि उक्त युवक विदेश से लौटने के बाद वह किस किस से मिला। इस चैन के सहारे सभी ने उन्हें चिन्हित किया जो कभी न कभी हाल ही में उक्त युवक से मिले थे। इसके बाद ही ऐसे लोग जिन्हें संक्रमण की आशंका है वे आईसोलेशन में हैं। कुछ युवक प्रशासन द्वारा तैयार क्वारंटीन सेंटर में भी दाखिल हुए हैं।

हालांकि, बताया जाता है कि इस दौरान संक्रमित युवक को कई बार भीड़भाड़ वाली जगहों पर देखा गया। यही वो लापरवाही है जो लोगों के लिए बड़ा खतरा है क्यूंकि अगर इस दौरान कोई संक्रमित हुआ भी होगा तो उसे इसकी जानकारी नहीं होगी। जहां दर्जनों लोग मौजूद थे वहां कितनों से संक्रमित युवक सीधे संपर्क में आया होगा इसकी भी जानकारी जुटा पाना मुश्किल है। दूसरी ओर संक्रमण के दायरे में आने वाला व्यक्ति इस खतरे से अनजान है।

इस बीच भरकापारा इलाका सील है। संक्रमित युवक यहीं रहता था। इस इलाके के साथ ही शहर को सैनेटाईज किए जाने का काम भी जोरों से चल रहा है। प्रशासन उन स्थानों में सख्ती बरत रही है जहां लोगों की भीड़ उमड़ रही है या जिन जगहों पर सोशल डिस्टेंशन और कोरोना से बचाव के पर्याप्त उपाय करना मुश्किल हो रहा है। सड़कें धूल रही हैं। पूरे शहर में सफाई का काम तेजी से चल रहा है। इसके लिए अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियों का आबंटन भी कलेक्टर ने किया है।





## लापरवाही पर प्रशासन ने की एफआईआर

भरकापारा में मिले कोरोना पॉजिटिव मरीज के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। प्रशासन ने अलर्ट होते हुए पहले ही भरकापारा को पूरी तरह से सील कर दिया है। वहां किसी भी बाहरी व्यक्ति का आना- जाना प्रतिबंधित कर दिया है और पूरे वार्ड को सैनिटाइज किया जा रहा है । इसी बीच प्रशासन ने एक बड़ा निर्णय लेते हुए कोरोना के पॉजिटिव मरीज के खिलाफ लापरवाही बरतने के चलते एफआईआरभी दर्ज कर दिया है। इसकी जानकारी कलेक्टर जय प्रकाश मौर्य ने दी। जिला प्रशासन ने इसके पहले लालबाग को भी लॉक डाउन किया था वहां के भी कुछ लोगों द्वारा प्रशासन को गुमराह करते हुए जानकारी छिपाई थी और व्यापार कर रहे थे जिन्हें भी प्रशासन ने हिदायत दी थी। जिसके बाद से वे लोग प्रशासन के समक्ष आए और आइसुलेशन में रहने की सहमति दी।

## पढ़िए और समझिए आपको अब क्या करना है

1. जिन इलाकों को लॉक डाउन किया गया है इनके घरों के बाहर लगाने हेतु एक पोस्टर बनाकर दिया जाएगा। आपके दरवाजे के बाहर निगम के कर्मचारी उस पाम्पलेट को फेकेंगे। आप उस पोस्टर को घर के सामने लगा दें और उसे पढ़ें।
2. घर का एक व्यक्ति चाहे इलाका लॉक डाउन किया गया है अथवा नहीं, वही आवश्यक वस्तुओं के क्रय हेतु बाहर निकलें। वह भी हैण्डवाश, मास्क, सेनेटाइजर को लगाकर घर वापस जाकर पुनः उपरोक्त काम करें।
3. आवश्यक वस्तु क्रय करते समय कम से कम तीन मीटर की दूरी बनाकर रखें।
4. आप अपने पड़ोस के ही दुकान से आवश्यक वस्तु, सब्जी, दूध, फल इत्यादि खरीदें। थोक बाजार, पैसे बचाने के चक्क र में न जाए।
5. पूरी तरह से खुद को तथा अपने परिवार को घर में आइसोलेट, क्वारंटाइन करें।
6. आप लोग आज ही अपने घर में शपथ लें कि एक ही व्यक्ति दिन में एक बार घर से सुरक्षा उपायों के साथ बाहर निकलेगा।
7. जब भी आप किसी वस्तु की खरीदी करने जाते है। जिसमें एमआरपी अंकित नहीं है पूछें प्रशासन द्वारा निर्धारित रेट लिस्ट कहां है यह रेट लिस्ट एसडीएम जारी करते हैं।
8. आप जिस दुकान से सामग्री क्रय करते है। दुकानदार का मोबाईल नंबर लिखकर लें ले तथा फोन से ही सामान का आर्डर कर दें। आप सिर्फ 2 मिनट के लिये लेने दुकान पहुंच जावें। अपना सामान नजदीक के ही दुकान से लें।

## मदद के लिए सामने आने लगे लोग



इस विपरित परिस्थिति में सबसे बड़ा संकट घर से बाहर शहर में फंसे या बेघर लोगों के लिए है। सबसे ज्यादा मदद की जरुरत मौजूदा वक्त में इन्हें है और याद रखिए यह संस्कारधानी है। शहर की अवाम, सेवाभावी संस्थाएं, सक्षम परिवार इसके लिए प्रशंसनीय पहल कर रहे हैं। गांधी नर्सिंग होम में बाहर से आए मरीजों को जामा मस्जिद के मेंबर द्वारा खाना दिया जा रहा है। मरीजों को तीन वक्त का खाना आज से 14 तारीख तक दिया जाने की व्यवस्था की गई है। जनप्रतिनिधि भी ऐसे जरुरतमंदों को खाने के पैकेट उपलब्ध करवा रहे हैं। वहीं इस बीच प्रशासन को सहयोग बतौर 51हजार रुपये का गुप्त दान प्राप्त हुआ। इसकी जानकारी एसडीएम मुकेश रावटे ने सोशल प्लेटफार्म पर दी। जरुरतमंदों तक खाना पहुंचाने के लिए कई और संस्थाएं, समाज और लोग सामने आ रहे हैं। संस्कारधानी सेवा के मंत्र का अनुसरण कर रहा है। इस बीच जिले की खुज्जी विधानसभा की विधायक श्रीमती छन्नी साहू और खैरागढ़ विधायक देवव्रत सिंह ने अपना एक माह का वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष में दे दिया है।

## ग्राउंड जीरो पर उतरीं महापौर



लाकडाउन के दूसरे दिन कल नगर निगम की महापौर ने भी ग्राउंड जीरो पर मोर्चा सम्हाल लिया । गौरतलब है कि शहर की सब्जी मंडी में लगातार हो रही भेवद को मद्देनजर रखते हुए कल महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने व्यवस्था बनाई। कोरोना वायरस के संक्रमण से रोकथाम थाम हेतु ,सोशल डिस्टेनसिंग को ध्यान में रखते हुए राजनांदगाँव जयस्तंभ चौक एवं जूनी हटरी, गुड़ाखुलाइन स्थित सब्ज़ी मार्केट को गुरुद्वारा चौक से गायत्री मंदिर चौक के बीच फ्लाईओवर के नीचे स्थांतरित कर दिया गया । उस मौके पर माहवार खुद मौजूद रहीं।उन्होंने बताया कि फ्लाईओवर के नीचे सुबह 7 बजे से दोपहर 12बजे तक रोज सब्जी प्राप्त कर सकते है। इस दौरान सोशल डिस्टेनसिंग को ध्यान में रखते हुए जगह चिन्हांकित जगह में ही खड़े होकर सब्ज़ी लेने की अपील की गई ।

## विदेश व गैर प्रान्तों से आए नागरिकों को क्वारेंटाइन

### सोशल डिस्टेंस फेल्ड, अब खेलमैदान में सब्जी मार्केट

पायनियर संवाददाता ‹ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर व अंचल में हालिया दिनों में विदेश से आए नागरिकों को कारेंटाइन सेंटर में रखे जाने कवायद की जा रही है। नगर में सऊदी अरब से आये एक शख्स को स्वास्थ्य विभाग ने कारेंटाइन में लिया है। अर्जुनी में यूक्रेन से आई युवती भी करेंटाइन में रख जाने चिन्हित की गई है। शिक्षक कालोनी में हैदराबाद से आये व्यक्ति पर भी नजर रखी जा रही है। नगर व अंचल में विदेश यात्रा से लौटे तथा गैर राज्यों से आये लोग भी चिन्हित कर लिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि नगर व अंचल में अनेक नागरिक आसपास राज्यों में कार्यरत होने से समय दर समय आनाजाना करते हैं, हालिया दिनों महामारी की पहचान होने पर नगर में पुणे, हैदराबाद, मुंबई, चण्डीगढ़, अहमदाबाद व नागपुर सहित अन्य शहरों से आये हैं। इनकी सूची प्रशासन ने अपने इकाइयों के माध्यम से तैयार की है।

**खेल मैदान में होगा सब्जी मार्केट** – नगर में सब्जी मार्केट में सोशल डिस्टेंस के प्रयास कमतर साबित हुए। सब्जी की कीमत व्यवस्थित होने के बाद सोशल



डिस्टेंस के लिए प्रशासन जुटे हुए थी, बावजूद सब्जी बाजार में गुरुवार को बेतरतीब व बेकाबू भीड़ रही। जिला प्रशासन के हस्तक्षेप पर स्थानीय प्रशासन ने खेलमैदान में सब्जी मार्केट शिफ्ट करने तैयारी की है।

### शहर के गोलबाजार में आवाजाही पूर्णतः प्रतिबंधित

आयुक्त नगर निगम चंद्रकांत कौशिक ने नोवेल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए शहर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्र गोलबाजार में लोगों की आवाजाही को पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया है। किराना दुकान, सब्जी दुकान से लेकर सभी प्रकार की दुकानों को प्रतिबंधित किया गया है।



# समान खरीदने भारी भीड़, बेतरतीब खरीददारी से संक्रमण का खतरा

पायनियर संवाददाता ‹ छुरिया
www.dailypioneer.com

देश मे तेजी से बढ़ रहे कोरोना वायरस की रोकथाम के लिये देश भर मे 21 दिनो का लॉक डाउन घोषित किया गया है। नागरिकों को संक्रमण से बचने के लिये घर मे रहने की हिदायत दी गई है लेकिन छुरिया नगर मे 10 से 15 किलोमीटर दूर से लोगों का अब भी बाईक व वाहनो से धड़ल्ले आना जाना चल रहा है। इससे संक्रमण का खतरा बना हुआ है। यही नहीं घुम्मकड़ किस्म के लोग भी समान खरीदने के नाम पर छुरिया के गली, चौक-चौराहों में हुजुम के साथ देखें जा रहे हैं।जिस वजह से सरकार के लॉक डाउन की सफलता पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है।

यह बताना लाजिमी होगा कि महामारी से जुझ रहे देश मे नगरीय निकायों को सड़कों नालियों मे संक्रमण रोधी दवा का छिड़काव किया जाना है लेकिन नगर पंचायत छुरिया में अब तक गलियों या सड़को यात्री प्रतिक्षालय जहां जमावड़ा रहता है को अब तक सेनेटराईज नहीं किया गया है। इससे नगर के नागरिकों व बाहर से आने जाने वालों पर संक्रमण का खतरा मंडरा रहा है। आवश्यक वस्तु के दुकांनो मे मेडिकल स्टोर मे खरीदार बेतरतीब सामान खरीदते देखे जा रहे है। दुकानदारों व्दारा हिदायत देने के बाद भी दुकानो मे पहुंच रहे नागरिक सरकार के निर्देश व बचाव के लिये दिये निर्देश को ताक मे रखकर खरीददारी कर रहे हैं जिससे संक्रमित व्यक्ति से संपर्क में आने का खतरा बना हुआ है।



## क्विक न्यूज़

### निगम ने की बेघर लोगों के ठहरने की व्यवस्था

**बिलासपुर।** संकट की इस घड़ी में मुसीबत उन पर और बड़ी है जिनके पास संसाधन नहीं है। समाज के आखिरी पायदान पर खड़े ऐसे लोगों के लिए भी सरकार चिंतित है और लगातार उनके लिए फैसले लिए जा रहे हैं। सबसे पहले पुलिस ने ऐसे लोगों तक भोजन और अन्य जरूरत की चीजें पहुंचाने के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया और लगातार ऐसे लोगों तक पहुंच कर सुविधाएं पहुंचाई जा रही है। लेकिन इसी बीच यह मांग भी उठी कि कई बेघर बार लोग कहां रहे। जिसके बाद बिलासपुर नगर निगम ने बिलासपुर के चार अलग.अलग क्षेत्रों में बेघर बार लोगों के रहने के लिए स्थान चिन्हित किये है। सकरी उसलापुर और मंगला क्षेत्र के बेघर लोगों को सकरी सांस्कृतिक भवन वार्ड क्रमांक 2 बटालियन रोड बाजार के सामने ठहराया जाएगा। इसके लिए नोडल अधिकारी जोन कमिश्नर राजेश गुप्ता को नियुक्त किया गया है। जिनके साथ 3 सहायक अधिकारी भी हैं। इसी तरह तिफरा और सिरगिट्टी क्षेत्र के बेघर बार लोग सामुदायिक भवन यदुनंदन नगर मैं ठहराये जाएंगे।

### गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय की कुलपति भी होम आइसोलेशन पर

**बिलासपुर।** जिले में भी कोरोना धीरे.धीरे पांव पसार रहा है। अब तक हालांकि एक भी पॉजिटिव मरीज तो नहीं मिला है लेकिन फिर भी जैसे जैसे अन्य शहर और विदेश से बिलासपुर आने वालों की संख्या बढ़ रही है वैसे.वैसे यहां हालात कठिन होते जा रहे हैं। अब तक बाहर से आने वाले 347 लोग चिन्हांकित किए गए हैं । जिनमें से 57 कोलकाता पलायन कर गए हैं। वही बिलासपुर में वर्तमान में 286 लोग होम आइसोलेशन पर है इनमें बड़ी संख्या में बंगाल के लोग शामिल है। पिछले दिनों एक विवाह समारोह में एक कोरोना पॉजिटिव मरीज के शामिल होने के कारण उस समारोह में शामिल होने वाले कई लोगों को होम आइसोलेशन पर रखा गया हैए जिनमें से कई रेलकर्मी है और रेलवे कॉलोनी में रहते हैं। इसके अलावा एक बड़ी खबर यह भी आ रही है कि गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर अंजिला गुप्ता को भी होम आइसोलेशन पर रखा गया है। उनके अन्य शहर से बिलासपुर लौटने के बाद यह कदम उठाए गए हैं। इसके अलावा रेलवे वायरलेस कॉलोनी के पार्थ सारथी दास धान मंडी तोरवा के सरदिंदु गांगुली और उनका परिवार, डीपू पारा के काकुली राय सुजीत राय और उनका परिवारए टिकरापारा के सुमन सरकार और उनका परिवार रिंग रोड टू की हमीदा सिद्दीकी समेत कई नाम शामिल है जिन्हें निगरानी पर होम आइसोलेशन में रखा गया है।

## पुलिस प्रशासन भी नजर आ रहा है सुस्त

# स्वास्थ्य अमला ही अस्वस्थ्य, तो दूसरों की कैसे करे रक्षा

पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

आज पूरा देश कोरोना वायरस से सहमा हुआ है और देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी ने 14 अप्रेल 2020 तक लाकडाउन की घोषणा कर चुका है। जो स्वास्थ्य अमला देख भाल करता है वह बीमार नजर आ रहा है। जब सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जैजैपुर में जाकर देखा गया तो वहॉ पर कार्य करने वाले कर्मचारी के पास खुद मास्क नहीं है न ही यहॉ पर सेफ्टी कीट है जो आज अपना जान जोखिम में डाल कर अपना ड्यूटी निभा रहा है उनके पास एक सही मास्क नहीं है एक मास्क है जिनका हमेशा उपयोग मे लाया जा रहा है इससे इन्फेक्सन स्वास्थ्य विभाग मे फैल सकता है तो उसे कौन बचाये. स्वास्थ्य मंत्री को भी अपने विभाग के लिए व्यवस्था करना चाहिए जब स्वास्थ्य अमला ही ठीक रहेगा तो वह अन्य मरीजों की देख रेख करेगा।

कोरोना वायरस पे नियंत्रण आप खुद कर सकते है लेकिन भारत की जनता यह जानते हुए भी वह वायरस का शिकार बनना चाह रही है। वही पर छत्तीसगढ़ के



मुख्यमंत्री भूपेश बधेल ने भी यहॉ पर अधिकांश कार्य पर पाबंदी लगा दिया है । लेकिन जॉजगीर चांपा जिला का विकास खण्ड जैजैपुर जो हमेशा सुखियों में रहा है और आज भी है यहॉ के लोग बाहर राज्य कमाने खाने गये थे जो उस राज्य की भयावह स्थिति को देखते हुए अपने गृह ग्राम का शरण ले रहा है । वही पर जिला प्रशासन ने धारा 144 लागू कर दिया है लेकिन नगर पंचायत जैजैपुर के चौक चौराहे पर पांच से ज्यादा लोग दिखाई देते नजर आयेंगे। वही पर यहॉ के थाना प्रभारी जी एस राजपूत जो भी उतना सख्ती नहीं निभा रहे है जिनसे यहॉ पर बाइक से घूमते फिरते नजर आने वालो के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही किया जाता तो वे लोग खुद ब खुद घूमना फिरना बंद कर देते।

लेकिन नगर पंचायत जैजैपुर को छोड़कर सख्ती अपनायी गई है यहॉ के ढील की वजह से यहॉ कभी भी कोरोना वायरस का आगमन हो सकता है यहॉ के लोगो मे इतना भी सब्र नहीं है कि हम 14 अप्रेल तक घर कि चार दीवारी मे ही रहे जिसका खामियाजा एक मच्छड कि तरह पूरे विकास खण्ड को ग्रसित कर लेगा उस समय ऑखे खुलेगी किसी का भाई. किसी का बहन. किसी कि मां एवं किसी का कोई रिस्तेदार इस कोरोना वायरस का शिकार होगा तभी उन लोगों कि दिमाग आयेगा । कहा जाता है कि लात का भुत बातों से नहीं मानता यहॉ पर पुलिस प्रशासन को सख्ती दिखाना ही उचित होगा। यहॉ के युवा वर्ग को यह वायरस मजाकर लग रही है जिसके कारण वे घूम रहे हैं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जैजैपुर मे विरानगी छायी हुई है यहॉ पर अब मरीज दिखाई नही दे रहे है। जबकि कोरोना वायरस के पहले इस स्वास्थ्य केन्द्र मे एक भी बिस्तर खाली नही दिखाई देता था जो अब विरान मे तबदील हो गई है। आप सहज ही अंदाजा लगा सकते है कि स्वास्थ्य विभाग ही सुना है। आये दिन यहॉ पर चलने की जगह नहीं होती थी लेकिन इस कोरोना जैसे खौप बीमारी के वजह से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ही विरान बन गई है।

वही पर डाक्टर भी अपना सही समय पे स्वास्थ्य केन्द्र नहीं पहुंच रहे हैं उनमे भी लापरवाही दिखाई दे रही है। यहॉ के स्टाफ मास्क को धो धो कर उपयोग करने की भी जानकारी सामने आयी है जो कि खुद बीमार जैसा पड़ा है सेफ्टी नाम का स्वास्थ्य विभाग को कीट नहीं मिलने से अपना स्वंय की रक्षा करने मे असमर्थ नजर आ रहा है।

# लॉकडाउन का पालन कराने सीएमओ ने लोगों को जागरूक किया



पायनियर संवाददाता ➤ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

कोरोना वायरस के बचाव एवं 21 दिन के लॉकडाउन नियम को लोगों से पालन कराने के मद्देनजर नगर पंचायत शिवरीनारायण के मुनपा अधिकारी हितेन्द्र यादव द्वारा नगर में मास्क वितरण किया जा रहा है तथा खाद्य पदार्थ, किराना सामान, दूध, ब्रेड, सब्जी फ ल, मेडिकल आदि आवश्यक वस्तु की दुकानों को दोपहर बारह बजे से शाम छह बजे तक ही संचालित करने लगातार मुनादी करवाया जा रहा है। नगर की साफसफाई हेतु नालियों में लगातार दवाई का छिड़काव कराया जा रहा। दुकानों के सामने सामाजिक दूरी बनाये रखने हेतु गोल मार्क बनवाया गया है। आवश्यक सेवा की दुकानों को छोड़कर अन्य दुकानों को बंद करा दिया गया है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी व्दारा नगर पंचायत के कर्मचारियों की डयूटी तय कर दी गई है और स्वच्छता समूह व्दारा डोर टू डोर कचरा उठाये जा रहे हैं।

# क्वारेंटाइन में रखे गये व्यक्तियों की होगी निगरानी, घरों से न निकलें ऐसे व्यक्ति

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

क्वारेंटाइन में रखे गये व्यक्तियों की निगरानी रखी जाएगी जिससे ये व्यक्ति क्वारेंटाइन अवधि में घरों से बाहर न निकलें। निगरानी के लिये उनके घरों के बाहर सिपाही तैनात किये जायेंगे। कलेक्टर डॉण्संजय अलंग ने कोविड.19 के संक्रमण के विस्तार को देखते हुए यह निर्देश दिया है। जिले के नगर निगम क्षेत्र में अब तक 349 और पंचायतों में 1500 व्यक्तियों को क्वारेंटाइन किया गया है।

कोरोना वायरस से निपटने के लिये जिला स्तर पर अधिकारियों की बैठक आज कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में विभिन्न विभागों को आवश्यक दिषा.निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि बिलासपुर के रामा लाइफ सिटी में एक महिला कोरोना वायरस से संक्रमित पायी गयी है। कलेक्टर ने उक्त महिला के यहां काम कर रहे ड्रायवर, रसोई, और घरेलू नौकरानी साथ ही वह जितने भी अन्य घरों में काम करती थी, उन घरों को भी क्वारेंटाइन करने का निर्देश दिया है। संक्रमित महिला का घर और उसके आसपास क्षेत्र को ऐहतियात के तौर पर सील कर दिया गया है। साथ ही सर्विलेंस टीम उस क्षेत्र में सतत् निगरानी रखेगी। कलेक्टर ने नगर निगम के अधिकारी को निर्देशित किया कि उस क्षेत्र के नागरिकों को दैनिक आवश्यकता की चीजें सहजता से सुलभ हो। प्रतिदिन दूध, सब्जी, लोगों को मिले यह व्यवस्था सुनिश्चित करें।

कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिया कि संक्रमित महिला के क्लोज कांटेक्ट वाले लोगों का जल्द से जल्द चिन्हांकित करें और उनका होम आइसोलेशन करें।

### ग्रामीणा क्षेत्रों में भोजन की समस्या न हो

लॉकडाउन के दौरान गांवों में मजदूर व दैनिक रोजी कर अपना पेट पालने वाले, लोगों को भोजन की समस्या नहीं आनी चाहिये। उनके लिये भोजन व्यवस्था सुनिश्चित करने खाद्य अधिकारी को निर्देशित किया। जरूरतमंद ग्रामीणों को भोजन उपलब्ध कराने के लिये आंगनबाड़ी केन्द्रों में भोजन तैयार किया जाएगा और सोशल डिस्टेंसिंग के नियम का पालन करते हुए उन्हें भोजन प्रदान किया जाएगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने बताया कि प्रत्येक पंचायत में भी आवश्यक परिस्थिति के लिये 2.2 क्विंटल चावल उपलब्ध कराया जाएगा। पषुओं के लिये चारे की पर्याप्त व्यवस्था सुनिष्चित करने पशुपालन विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया। विभाग के अधिकारी ने बताया कि सड़कों में घूमने वाले पशुओं को मोपका के गौशाला में रखा जाएगा और उन्हें चारा उपलब्ध कराया जाएगा। लॉक डाउन के दौरान खाद्य सामग्री परिवहन करने वाले व्यापारियों को भी परेशानी न हो, यह सुनिश्चित करने कहा गया। शहर के सब्जी बाजारए बृहस्पति बाजारए बुधवारी और शनिचरी में सोषल डिस्टेंसिंग नियम का कड़ाई से पालन कराने का निर्देश दिया। लॉक डाउन के दौरान जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराने के लिये कलेक्टर ने राईस मिलर्स, दाल मिलर्स और पोहा मिलर्स से सहयोग लेने कहा है। निराश्रित, विकलांग लोगों के लिये भी भोजन व्यवस्था की कोई कमी नहीं आनी चाहिये। कलेक्टर ने कहा कि आलू, प्याज के कालाबाजारी की शिकायतें मिल रही है। इस संबंध में खाद्य विभाग को जांच करने के निर्देश दिये। बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवालए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रितेश अग्रवाल, अपर कलेक्टर बी एस उईके, बी सी साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# सड़क पर बेवजह घूमने वालों को दी सजा, फिर दिया मास्क

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कोरोना महामारी के कम्युनिटी संक्रमण को रोकने के लिए लागू धारा 144 को लागू कराने के लिए पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने आज शाम खुद भी कमान संभाली। वे लाठियां लेकर सड़क पर उतरे और बेवजह घूम रहे असामाजिक तत्वों को महामारी की गंभीरता समझाई।

इन लोगों को रास्ते में रोका गया और उठक बैठक भी कराई गई तथा माफ ी मंगवाई गई। मालूम हो कि लॉक डाउन और धारा 114 लागू होने के कारण सड़क पर अनावश्यक भ्रमण प्रतिबंधित है। आवश्यक स्थिति में वैध दस्तावेजों के साथ पुलिस प्रशासन द्वारा सम्बन्धित थानों से पास जारी किये जा रहे हैं। अब तक अनावश्यक मूवमेंट, बंद का पालन नहीं करने और कोलाहल करने के मामले में जिला पुलिस 19 एफ आईआर दर्ज कर चुकी है।

### मजदूरों को बांटे मास्क

एक ओर लॉकडाउन और धारा 144 को लागू कराने में पुलिस तत्परता दिखा रही है वहीं सामाजिक दायित्व के तहत अपनी जिम्मेदारी भी निभा रही है। आज पुलिस कर्मियों ने अनेक स्थानों पर गरीबों व मजदूर वर्ग के लोगों को मास्क वितरित किये और उन्हें इसे पहनने का महत्व बताया। पुलिस ने आवश्यक सेवाओं की दुकानों में ग्राहकों को एक मीटर के अंतराल पर रहकर सामान खरीदने की अपील भी की, जिसका भी असर आज शहर की दुकानों में दिखा।

# महाराष्ट्र से लौटे मजदूरों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**शिवरीनारायण।** पलायन से लौटे मजदूरों का शिवरीनारायण मे स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। महाराष्ट्र से पलायन कर लौटे शिकारी मोहल्ले के सत्रह लोगों का उप स्वास्थय केन्द्र शिवरीनारायण मे जांच की गई साथ ही सेक्टर के कर्मचारियों द्वारा मोहल्ले में जाकर आसपास के लोगों की भी जांच की गई। सभी लोग स्वस्थ पाए गए है। सबको करोना से बचाव के उपयोग मास्क का उपयोग, सामाजिक दूरी बनाये रखना घर से बाहर नही निकलने की एडवाइजरी दी गई है। गौरतलब है कि करोना वायरस के मद्देनजर बाहर से लौटे लोगों का स्वास्थय परिक्षण जरूरी है अन्यथा जेल हो सकता है इसी के तहत सुचना मिलने पर मुनपा अधिकारी हितेन्द्र यादव ने शिकारी मोहल्ले का जांच कराया है।

# सउदी से लौटी महिला में मिला कोरोना संक्रमण, पति भी निगरानी में

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जिले के 7 लाख लोगों की जान के साथ किया खिलवाड़, शहर में कोरोना से ग्रस्त महिला घूमती रही, सीएमओ को भनक तक नहीं लगी, जिसे खोजने में 40 दिन लगा दिये, पति का जांच रिपॉर्ट आना बाकी है । अगर महिला की रिपोर्ट नहीं आती तो शायद ही इसकी स्वास्थ्य विभाग को जानकारी होती । महिला 10 फरवरी को शहर पहुंची थी, लेकिन महिला 23 मार्च को स्वास्थ्य विभाग ने सैम्पल भेजा गया, विदेश से लौटने के बाद भी अधिकारियों ने नहीं की जांच शहर में कई शादियों में शरीक हो चुकी है ।

बिलासपुर में भी कोरोना ने अपनी दस्तक दे दी है । यहां सकरी आसमा लाइव सिटी में रहने वाली 64 वर्षीय महिला पहली मरीज के रूप में दर्ज की हुई है। लापरवाही की इंतहा देखिए महिला फरवरी को सऊदी अरब से बिलासपुर लौटी थी, लेकिन नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए उसने या उसके परिवार के किसी भी सदस्य ने न तो इसकी इत्तला सरकार को दी और ना ही किसी तरह की जांच कराई। बताया जा रहा है कि महिला को खांसी और कुछ और समस्याएं थी जिसके लिए वह मेडिकल स्टोर से दवा लेकर खा रही थी। इसी बीच प्रशासन ने यह जानकारी जुटाई कि पिछले कुछ समय में कौन.कौन विदेश यात्रा कर लौटा है, जिसमें आसमां लाइव सिटी में रहने वाली गृहिणी महिला और उनके पति का भी नाम था, जिनका सैंपल 2 दिन पहले ही रायपुर एम्स भेजा गया और महिला पॉजिटिव पाई गई। फि लहाल उनके पति का रिपोर्ट आना बाकी है। बिलासपुर में कोरोना पॉजिटिव का पहला मामला आते ही हड़कंप मच गया। सकरी स्थित आसमा लाइव सिटी को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। यहां किसी भी बाहरी व्यक्ति को प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा । वहीं आसमा लाइव सिटी में रहने वालों को भी बिना पुख्ता कारण बताएं बाहर नहीं जाने दिया जा रहा। मुसीबत यह है कि 10 फरवरी से लेकर अब तक कहकशा आरिफ कई शादी, परिवारिक कार्यक्रमों में उपस्थिति हो चुकी है इस दौरान कई लोगों से मुलाकत भी की । वे सभी लोग खौफजदा है।

### स्वास्थ्य विभाग ने 40 दिनों बाद भेजा सैम्पल, पॉजिटिव रिपोर्ट आने के बाद आसपास क्षेत्रों में मचा हड़कंप

वैसे जिला प्रशासन ने एहतियात के तौर पर एक बार फिर से महिला का सैंपल जांच के लिए भेजा है। वही कोरोना की पुष्टि होते ही कहकशा आरिफ को अपोलो अस्पताल आइसिलोशन वार्ड में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। महिला के अलावा और भी कई नाम सामने आए हैं, जिन्होंने हाल ही में विदेश यात्रा की है। इन्हें भी संदिग्ध माना जा रहा है, जिसमें लेजी लवली, पी विजय लक्ष्मी, नरसिम्हा मूर्ति,अनुपम सरकार तूलिका सरकार, अनन्या सरकार गौरी डे निकिता मखीजा रिद्धि भूतड़ा सीताराम अग्रवाल कविता अग्रवाल पी सक्सेना फरहीन बी समेत कई और नाम है, जिन्हें होम आइसोलेशन पर रखा गया है और लगातार उन पर निगरानी रखी जा रही है। कोरोनावायरस के संक्रमण का यह वह दौर है जब तेजी से इसके मरीज सामने आ रहे हैंए हालांकि जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयास कर रहा है लेकिन जैसे हालात बने हैं उससे लग रहा है कि एक.दो दिनों के अंदर बिलासपुर में कुछ और पॉजिटिव मरीजों के नाम सामने आ सकते हैं। इसलिए बार.बार लोगों को एहतियात बरतने और घर से ना निकलने की सलाह दी जा रही है। पुलिस अब इस दिशा में सख्त कदम उठाने को तैयार है। प्रदेश में कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या बढ़कर छह हो गई है। 24 घंटे के भीतर पांच नए कोराना संक्रमित मरीज मिले हैं। छत्तीसगढ़ में बुधवार की देर रात तक कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या बढ़कर छह हो जाने की की पुष्टि की है।

हालांकि उन्होंने यह भी बताया कि छत्तीसगढ़ के अभी सिर्फ दो कोरोना पॉजिटिव मरीजों का इलाज ही एम्स रायपुर में चल रहा है। बाकी के मरीज एम्स में आने को है।

## विकासखंड स्तरीय आपदा टीम को कलेक्टर ने दिया आदेश

# दूसरे राज्यों से वापस लौटे ग्रामीणों का होगा 14 दिवस तक होम आइसोलेशन

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर द्वारा कोविड.19 के संक्रमण को ध्यान में रखते हुए गठित जिला एवं विकासखंड स्तरीय आपदा टीम को आदेश दिया गया है कि जिले के विभिन्न गांवों में दूसरे राज्यों से वापस आये व्यक्तियों का 14 दिन तक होम आइसोलेशन पर रखा जाना सुनिश्चित करें।

जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेशानुसार खण्ड स्तर पर पलायन से आये व्यक्तियों का होम आइसोलेशनध्होम क्वारेंटाइन का कार्य संबंधित एसडीएम के दिषा.निर्देश पर संचालित की जायेगी और इसकी रिपोर्ट मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को प्रतिदिन उनके द्वारा दी जाएगी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत इस कार्य में अपने कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे एवं प्रतिदिन रिपोर्ट प्राप्त कर एसडीएम को सूचित करेंगे।

खण्ड चिकित्सा अधिकारीए खण्ड शिक्षा अधिकारी, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग इस कार्य में अपने कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे एवं प्रतिदिन रिपोर्ट प्राप्त कर एसडीएम व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सूचित करेंगे।

### ग्राम स्तर पर कार्य दायित्व

ग्रामीण स्तर पर पदस्थ स्वास्थ्य संयोजक एवं अन्य पैरामेडिकल स्टॉफ पलायन से आये व्यक्ति यों का होम आइसोलेशन/होम क्वारेंटाइन एवं 14 दिवस तक सतत निरीक्षण व निगरानी का कार्य करेंगे।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक, कोटवार, मितानिन स्वास्थ्यकर्मी को कार्य में आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। अधिकारीए कर्मचारियों को विशेष हिदायत दी गई है कि वे झुंड बनाकर कार्य नहीं करेंगे। ग्रामीण स्तर पर दल में 6 व्यक्ति यों को रखा गया है। किंतु किसी भी स्थिति में दो से अधिक लोग को एक साथ ग्रामीणों से संपर्क नहीं करेंगे। टुकड़ों में बंटकर अलग.अलग घरों में पलायन से आये व्यक्ति यों का होम आइसोलेशन/होम क्वारेंटाइन का कार्य करेंगे एवं उक्त कार्य करते समय सामाजिक दूरी बनाते हुये कोविड.19 के अंतर्गत जारी दिशानिर्देशों का पालन करेंगे।

लाकडाउन के दौरान आवश्यक सेवाओं के खुलने की सूचना भिलाई नगर. कोराना सं मण के रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रशासन के प्रयासों के संबंध में जनसाधारण को अवगत कराया जाता है कि



1- लाकडाउन के दौरान 26 मार्च 2020 से सभी मंडियांए दुकान, ठेले सब्जी, फल, अनाज, चिकन, मटन, मछली, डेली नीड्स, किराना, मोबाइल रिचार्ज की दुकानें, पशुचारा एवं अन्य खाद्य आपूर्ति की दुकानें सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक खुलेंगी।
2- पीडीएस अंतर्गत संचालित उचित मूल्य दुकान सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक खुलेंगी।
3- दूध सप्लाई डेयरी से संबंधित दुकानें, मिल्क पार्लर एवं दूध सप्लाई से संबंधित सभी दुकानें सुबह 6. 30 बजे से 9.30 बजे तक संचालित रहेंगी तथा शाम 5 बजे से शाम 7 बजे तक संचालित रहेंगी। गैस एजेंसी सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालित रहेंगी।
4- बैंकिंग सेवा सुबह 10 बजे से 2 बजे तक संचालित रहेगी।
5- दवाए दुकान, चश्मे की दुकान, पेट्रोल पंप, एटीएम, टेलीकाम, इंटरनेट, आईटी आधारित सेवा,पोस्टल सेवाएं, अपने सामान्य समय में निर्धारित समयानुसार खुलेंगे अर्थात समय की कोई पाबंद नहीं।

उन उल्लेखित दुकानों एवं सेवाओं को संचालित रखने के लिए थोक माल एवं उपकरणों के परिवहन की अनुमति रहेगी।

कलेक्टर अंकित आनंद ने इस संबंध में अपील की है कि सभी नागरिकों से अपेक्षा है कि केवल अति आवश्यक सामग्री खरीदें एवं इमरजेंसी कार्य हेतु ही घर से बाहर निकलें। ऐसी स्थिति में स्वयं का वाहन करें। ऐसा करते समय एक वाहन पर ड्राइवर सहित एक से अधिक व्यक्ति नहीं होना चाहिए तथा अपना पहचानपत्र हमेशा साथ में रखे। आपके आसपास के कई दुकानों ने होमडिलीवरी की सेवा प्रारंभ की है। इसका सुविधानुसार अधिकाधिक लाभ लें। लाकडाउन के दौरान भीड़भाड़ से बचा जाना चाहिए। आपसे अपील है कि लाकडाउन के दौरान आप सभी सहयोग करें।

# आरक्षक ने पेट्रोल पंप कर्मचारी को अधमरा होते तक पीटा

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



लाकडाउन के दौरान पुलिस महकमे के त्याग और सेवा भावना के साथ खौफ नाक चेहरा सामने आया है। तारबाहर पुलिस आरक्षक ने बुखारी पेट्रोल पम्प कर्मचारी की बेरहमी से पिटाई कर दी ए वहीं कर्मचारी की हालत गम्भीर बनी हुई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद जिम्मेदार तारबाहर थाना प्रभारी सुरेन्द्र स्वर्णकार को आईजी दीपांशु काबरा ने तत्काल लाइन अटैच कर दिया ।

आज दोपहर को तारबाहर थाना क्षेत्र के लिंक रोड स्थित बुखारी पेट्रोल पम्प कर्मचारी को पुलिस आरक्षक समीर यादव ने जमकर पीटा है। आरक्षक अपने पुलिस साथी के साथ इस कदर पिटाई की है कि पेट्रोल पम्प कर्मचारी पंचराम को जिला अस्पताल में भर्ती होना पड़ा । जहां डाक्टरों ने एक्स रे की सलाह देने के अलावा भर्ती कर लिया है। बताया जा रहा है कि उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। ज्ञात हो कि शासन ने कोरोना लॉक डाउन के मद्दे नजर आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए राशन ए किराने की दुकान मेडिकल स्टोर्स, पेट्रोल पंप आवश्यक सेवा मानते हुए लाकडाउन और कर्फ्यू के दौरान खुला रखने का आदेश दिया है। आरक्षक समीर यादव जब पेट्रोल कर्मचारी को पीटा उस समय पेट्रोल पम्प में दो लोगों के अलावा कोई नहीं था। बावजूद इसके आरक्षक ने पंचराम को पीटना शुरू कर दिया। यद्यपि पंचराम ने इसका विरोध किया। लेकिन आरक्षक ने इसके बाद उस पर ताबड़तोड़ लाठियां बरसाना शुरू कर दिया और पेट्रोल देने के आरोप में जेल में बंद करने की धमकी देने लगा।

## छत्तीसगढ़ : 21 दिन के लॉकडाउन का दूसरा दिन

# बालोद में सड़क पर पूछताछ करने पर आर्मी के जवान ने पुलिसवालों पर तलवार-लाठी से हमला किया, 2 घायल

- बालोद में हुई मारपीट के दौरान घायल पुलिसकर्मियों को ले जाया गया अस्पताल
- सब्जियों और राशन के दाम बढ़े, एक अप्रैल से सभी को सरकार देगी मुफ्त मिलेगा राशन
- सड़कों पर सन्नाटा, बाजारों में भीड़, गैस डिलीवरी से इनकार पर दर्ज होगी एफआईआर
- अब घरों तक सामान पहुंचाने की तैयारी, फूड डिलीवरी कंपनियों ने सरकार को दिया ऑफर

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

कोरोनावायरस के संक्रमण से बचाने के लिए 21 दिन के लॉकडाउन के बावजूद लोग अभी भी सड़कों पर निकल रहे हैं। इस बीच बालोद में गुरुवार दोपहर आर्मी जवान ने पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया। इसमें हैड कांस्टेबल विकास राजपूत और कांस्टेबल कमलेश रावटे घायल हो गए। दोनों को अर्जुंदा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, आर्मी जवान की बहन सब्जी बेचती है। वह घर लौट रही थी। इस दौरान छुट्?टी पर घर आया जवान भी उसके साथ था। अर्जुन्दा नगर के दाऊपारा चौक पर पुलिसकर्मियों ने दोनों को रोक लिया और पूछताछ शुरू कर दी। आरोप है कि इस दौरान जवान ने पुलिसकर्मियों पर लाठी और तलवार से हमला कर दिया। वहीं आर्मी जवान का कहना है कि पुलिसकर्मियों के पूछने पर उसने जानकारी दे दी थी।इसके बावजूद उसके साथ मारपीट की गई। दोनों ने अपने उच्चाधिकारियों को जानकारी दे दी है। वहीं, प्रदेश में दोपहर होने के साथ ही सड़क पर लोगों की भीड़ कम हो गई है। सरकार भी ऐसे लोगों के खिलाफ और ज्यादा सख्ती बरतने लगी है। प्रशासन की ओर से स्पष्ट कर दिया गया है कि बाहर मिलने पर एफआईआर दर्ज होगी और वाहन जब्त किए जाएंगे। इससे जहां एक ओर सड़कें सूनी हैं, वहीं बाजारों में भीड़ उमड़ी है। लोगों को इस बात का डर ज्यादा है कि लॉकडाउन को और बढ़ाया जा सकता है। इसके चलते सब्जियों और राशन के दाम बढ़ गए हैं।



### प्रशासन की सख्ती के चलते राजधानी की सड़कों पर पसरा सन्नाटा

राजधानी में लोग मान नहीं रहे हैं। मोहल्ले, गलियों और कॉलोनियों में बैठकर गप्पे कर रहे हैं। घरों के बाहर बैठे लोगों पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। इसमें 6 माह से लेकर 2 साल तक की सजा और जुर्माने का प्रावधान है। कार्रवाई के लिए अलग से टीम बनाई गई है, जो बाइक से गली-मोहल्ले में घूमेंगी। दुकान खोलने वाले कारोबारियों का दुकान सील कर केस दर्ज किया जाएगा। जबकि बाहर घूमने वालों के वाहन जब्त होंगे।

### पॉजीटिव केस मिलने के बाद भी जारी है लापरवाही, मार्केट में भीड़



भिलाई में कोरोना का पहला पॉजीटिव केस सामने आ चुका है। बावजूद लोग भीड़ में निकल रहे हैं। सुबह पावर हाउस, नंदिनी रोड, जवाहर मार्केट और सुपेला इलाके में भीड़ देखने को मिली। लोग सोशल डिस्टेंस का पालन करने की बजाए इसका खुला उल्लंघन कर रहे हैं। सड़क पर बेवजह घूमने वालों के खिलाफ पुलिस ने 29 लोगों पर मामला दर्ज किया है। के खिलाफ इसमें 8 लोगों को जेल भेजा गया। जिले की सभी सीमाओं को सील कर दिया गया है। दूसरे जिले और दूसरे राज्यों से आने वाले लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

### 10 माह तक है चावल का स्टाक, एक अप्रैल से सबको मुफ्त

प्रशासन ने साफ कर दिया है कि अनाज कारोबारी हों या राशन दुकानें, प्रदेश में अगले 10 माह तक का चावल स्टाक है। अफसरों ने एजेंसियों को ताकीद की है कि उन्हें हर हाल में गैस की होम डिलीवरी करवानी पड़ेगी। अगर किसी ने इससे मना किया तो उसके खिलाफ केस दर्ज कर लाइसेंस भी रद्द कर सकते हैं। राज्य सरकार के निर्देश पर 1 अप्रैल से राशन दुकानों से दो महीने का चावल एक साथ फ्री मिलेगा। अफसरों ने बताया कि गेहूं, दालें और शक्क र वगैरह का स्टाक भी लगभग इतना है, इसलिए घरों में बहुत ज्यादा स्टॉक करने की जरूरत नहीं है।

### घर तक सामान पहुंचाने की तैयारी

कुछ फूड डिलीवरी कंपनियों ने ऑफर किया है कि प्रशासन और पुलिस चाहें तो वे आंशिक तौर पर लोगों की जरूरत का सामान उनके घर पहुंचा सकते हैं। एसएसपी आररिफ शेख ने बताया कि इस प्रस्ताव पर प्रशासनिक अफसरों से विचार-विमर्श कर आज-कल में ही फैसला कर लेंगे। अगर से तय होता है तो कंपनी के हर कर्मचारी सेनिटाइजर, हाथों में ग्लब्स लेगा। घरों में पहुंचाने वाले सामान को भी सेनेटाइज करना होगा।

# कोई व्यक्ति भूखा न रहे, प्रदेश में खाद्यान्न की कमी न हो : मुख्य सचिव



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

नोवेल कोरोना वायरस (कोविड-19) के बढ़ते संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण तथा अन्य मुद्दों पर आज अपरान्ह 3 बजे मंत्रालय महानदी भवन में मुख्य सचिव आर.पी. मंडल द्वारा प्रदेश के समस्त संभागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, वनमण्डलाधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, आयुक्त नगर पालिक निगम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, खाद्य अधिकारी को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अनेक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को राज्य के प्रत्येक गांव, मोहल्ला, नगरों और प्रत्येक कॉलोनियों में खाद्यान्न सामग्री सहित अन्य रोजमर्रा की चीजों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। मुख्य सचिव ने खासकर मनोरोगी, भिखारी, वृद्धजनों, दिहाड़ी मजदूरों सहित अन्य जरूरतमंदों की भोजन व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि जरूरतमंदों की भोजन व्यवस्था के लिए लंगर जैसे आयोजन किसी तरह आयोजित नहीं होना चाहिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा है कि प्रदेश में कोई भूखा न रहे तथा खाद्यान्न की कमी न हो, इसकी समुचित व्यवस्था की जाए। कोरोना वायरस के संक्रमण के रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव तथा बिलासपुर में पॉजिटिव केस पाए गए हैं। इन कोरोना पॉजिटिव व्यक्तियों एवं उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर समुचित मॉनिटरिंग एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को दिए गए ताकि अन्य कोई इससे प्रभावित नहीं हो पाए।

मुख्य सचिव ने कहा कि कोरोना वायरस के रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए की जा रही व्यवस्थाओं के लिए राज्य स्तर पर अपर मुख्य सचिव गृह विभाग की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय डिजास्टर मैनेजमेंट कमेटी बनाई जा रही है, जिसमें प्रदेश स्तर के पांच अधिकारी रहेंगे। इसमें परिवहन तथा खाद्य संबंधी समस्या के लिए सचिव खाद्य एवं परिवहन डॉ. कमलप्रीत सिंह, स्वास्थ्य संबंधी समस्या के लिए स्वास्थ्य सचिव श्रीमती निहारिका बारिक सिंह, साफ सफाई व्यवस्था के लिए नगरीय प्रशासन सचिव श्रीमती अलरमेलमंगई डी. और कानून एवं व्यवस्था के लिए पुलिस महानिदेशक डी.एम. अवस्थी सदस्य होंगे।

मुख्य सचिव ने कहा कि जो होम क्वारेंटाईन में है, उन्हें स्टीकर लगाकर चिन्हित किया जाए ताकि वे घर के बाहर न घूमे और इससे दूसरे लोगों को संक्रमण से बचाया जा सकें। मुख्य सचिव ने कहा कि जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक यह सुनिश्चित करें कि जो व्यक्ति राज्य में जहां पर है वो वहीं रहे, चाहे वह किसी भी राज्य का हो उनके स्वास्थ्य और अन्य आवश्यकताओं का सम्पूर्ण ध्यान रखा जाएगा। छत्तीसगढ़ के जो लोग किन्हीं अन्य राज्यों में गए है वें यहां पर आने की कोशिश नहीं करें। राज्य शासन द्वारा उनके स्वास्थ्य एवं अन्य जरूरतों से संबंधित राज्य की सरकार एवं जिला प्रशासन से समन्वय कर उनकी हर समस्या का हल किया जाएगा।

राज्य की अंतर्राज्यीय सीमा से लगे जिलों में किसी अन्य राज्य से बस और अन्य परिवहन साधनों से लोग छत्तीसगढ़ में न आने पाएं। इसके लिए सीमावर्ती जिलों के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक समुचित निगरानी सुनिश्चित करेंगे।

प्रदेश के सभी नगरीय निकायों और ग्राम पंचायत स्तर पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली की सभी दुकानें खुली रहें यह सुनिश्चित किया जाए, जिससे लोगों को खाद्यान्न जैसी कोई समस्या न होने पाए।

मुख्य सचिव ने कहा कि जो लोग होम आईशोलेशन में है और जो लोग विदेशों से आ रहे है उनकी सूचना तत्काल जिला प्रशासन को मिलना चाहिए। इसके लिए सभी जिलों के पुलिस अधीक्षक तथा नगर निगमों के कमिश्नर सुनिश्चित करेंगे।

# विधानसभा में बिल का विरोध, भाजपा विधायक दल ने राज्यपाल से की मुलाकात



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

विश्वविद्यालयों में कुलपति की नियुक्ति पर राज्यपाल का अधिकार खत्म करने संबंधी भूपेश सरकार के बिल का बीजेपी पुरजोर विरोध कर रही है। विधानसभा में बिल का विरोध करने के बाद बीजेपी विधायक दल ने आज राज्यपाल अनुसुइया उइके से मुलाकात कर गहन रायशुमारी की है, हालांकि राज्यपाल से हुई मुलाकात के बाद बीजेपी ने कोई अधिकृत बयान जारी नहीं किया है। तमाम नेता इसे अनौपचारिक मुलाकात बता रहे हैं लेकिन खबर हैं कि सरकार के इस हस्तक्षेप का जवाब दिए जाने से जुड़े विषय पर बातचीत हुई है।

नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, पूर्व मुख्यमंत्री डाक्टर रमन सिंह, पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ विधायक बृजमोहन अग्रवाल और अजय चंद्राकर देर शाम राजभवन पहुंचे थे। राजभवन जाकर कुलपति के अधिकार क्षेत्रों में कटौती किए जाने संबंधी विधेयक पर चर्चा किए जाने की रणनीति विधानसभा में उस वक्त ही तैयार कर ली गई थी, जब सदन के भीतर बिल का विरोध करते हुए बीजेपी विधायकों ने वाकआउट कर दिया था।

# किर्गिस्तान में फंसे छत्तीसगढ़ के 500 मेडिकल छात्रों की मदद के लिए आगे आए मंत्री अमरजीत भगत

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिये अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को स्थगित कर दिया गया है। जिसके चलते छत्तीसगढ़ के 500 मेडिकल छात्र मध्य एशियाई देश किर्गिस्तान में फँस गए हैं। इन छात्रों में रामानुजगंज के विधायक बृहस्पति सिंह का बेटा भी शामिल है। कोरोना के बढ़े हुए मामलों के मद्देनजर रखते हुए छत्तीसगढ़ के खाद्य मंत्री अमरजीत भगत इन छात्रों की मदद के लिये आगे आए हैं। उन्होंने माननीय राज्यपाल सुश्री अनसुईया उइके से उन्हें वापस छत्तीसगढ़ लाने के लिए सहयोग हेतु आग्रह किया। गौरतलब है कि राज्यपाल महोदया ने भारत के विदेश मंत्री से पहले भी फ़ोन पर चर्चा कर छात्रों की जल्द वापसी हेतु प्रबंध करने का आग्रह किया था। कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिये मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 31 मार्च तक लॉक डाउन की घोषणा की थी। बाद में केंद्र सरकार ने भी 21 दिन का लॉक डाउन घोषित किया, जिसके कारण दैनिक वेतन भोगी व मजदूर वर्ग के लिये भोजन का संकट खड़ा हो गया था। खाद्य व नागरिक आपूर्ति तथा संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने उनकी मदद के लिये एक माह का वेतन देने का निर्णय लिया गया था, तद्अनुसार उन्होंने आज योगदान राशि मुख्यमंत्री सहायता कोष में दे दी है।

# सरकार 1533 भिखारियों, निराश्रित व जरूरतमंद लोगों तक पहुंचा रही निःशुल्क भोजन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य शासन ने प्रदेश में लॉकडाउन के दौरान भिखारियों और निराश्रित व्यक्तियों को भोजन प्रदान करने का आदेश जारी किया है। आदेश के परिपालन में सभी जिलों में अब तक 1533 निराश्रित, भिक्षुक और जरूरतमंद व्यक्तियों का चिन्हान्कन किया गया है। समाज कल्याण विभाग द्वारा जिला प्रशासन, पुलिस साहित विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं की मदद से चिन्हान्कित व्यक्तियों तक निःशुल्क भोजन पहुंचाया जा रहा है । निराश्रित, भिक्षुक और जरूरतमंद व्यक्तियों तक भोजन की उपलब्धता के लिए राज्य स्तर पर निरन्तर ऑनलाईन मॉनिटरिंग की जा रही है। राज्य शासन द्वारा यह प्रयास किया जा रहा है कि कोई भी गरीब व्यक्ति भोजन से वंचित न रहे। भोजन वितरण का कार्य लॉकडाउन तक जारी रहेगा । भोजन के सुरक्षित वितरण के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये गये हैं ।संस्थाओं को जिला प्रशासन एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने कहा गया है ।

इसमें विभिन्न जिलों के नगर निगम, नगर पंचायत सहित रेल्वे प्रशासन बिलासपुर, युवा समर्थन मंच बालोद, सिंधी पंचायत भाटापारा, होटल नागेश्वर कसडोल, जन समर्पण संस्था और साई प्रथालय दुर्ग, महावीर मंच जांजगीर-चम्पा, शिवमंगल माहिला समिति कबीरधाम, कांकेर के समाज सेवी हाजी हनीफ़ मेनन, अजय पप्पू मोटवानी, रामकृष्ण मिशन नरायणपुर, जे.सी.आई.एवं अपना घर स्वेच्छिक संस्था रायगढ़ , सिक्ख फोरम रायपुर और राजनांदगांव में समाजसेवी त्रिलोक बग्गा सहयोग कर रहे हैं ।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा दबंग दुनिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि. पानी टंकी के पास मोवा रोड, दलदल सिवनी, दुबे कॉलोनी, रायपुर, छत्तीसगढ़ पिन-492001 से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित
संपादक-मोहन राव* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, प्रबंध संपादक-ए.एन. द्विवेदी, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403